RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 287
फरीदाबाद, रविवार, 27 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आस्ट्रेलिया से पहले हॉकी मैच में भारत 4-5 से हारा

पेज - 11

TARUN JEWELLERS
TODAY BIS HALLMARK
92% Gold Rate ₹48,800/-
76% Gold Rate ₹40,290/-
Making Charges 8% | 100% BUY BACK + EXCHANGE
Shop No. 25, Sec-7, Huda Mkt FBD
0129-4340998, 9990032657

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 27.00°C
न्यूनतम 12.00°C

## क्विक न्यूज

### राजकीय स्कूल की छत से गिरे 12 बच्चे, हालत गंभीर



**करनाल।** करनाल के तरावड़ी में शनिवार दोपहर राजकीय सांस्कृतिक मॉडल स्कूल की दीवार ढह गई। इससे नगर कीर्तन देखने के लिए स्कूल की छत पर चढ़े बच्चों में से 12 से ज्यादा नीचे जा गिरे। जान का नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन सात बच्चों को ज्यादा चोटें आई हैं। आनन फानन में बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चों के अभिभावकों में भी अफरा-तफरी मच गई। विद्यालय में पढ़ने वाले पांचवी कक्षा के एक दर्जन से अधिक बच्चे छत पर मौजूद थे, तभी छत की दीवार की हालत कमजोर होने की वजह से दीवार के किनारे खड़े बच्चे दीवार के साथ-साथ नीचे ढह गए।

### चीनी मिल में आग लगने पर मुख्य अभियंता छत से कूदे, मौत



**मेरठ ।** मेरठ जिले के परतापुर थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल की टरबाइन यूनिट में शनिवार दोपहर आग लगने पर मिल के मुख्य अभियंता ने छत से छलांग लगा दी, जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल में शनिवार दोपहर करीब एक बजे टरबाइन यूनिट में आग लग गई। आग लगते ही मिल के मजदूरों में हड़कंप मच गया। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार कुशवाहा (61) आग देखकर घबरा गया और वह जान बचाने के लिए ऊपर की मंजिल से नीचे कूद गए।

## गुजरात चुनाव के लिए भाजपा का लुभावना घोषणा पत्र जारी

# 20 लाख नौकरियां देने का वादा, छात्राओं को मुफ्त में इलेक्ट्रिक स्कूटी

**एजेंसी।** गांधी नगर

**भाजपा** ने गुजरात चुनाव के लिए शनिवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया। पार्टी ने कांग्रेस से दोगुनी नौकरियां देने का वादा किया है। भाजपा ने पांच साल में 20 लाख, जबकि कांग्रेस ने 10 लाख नौकरियां देने की बात कही है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ने छात्राओं को मुफ्त में इलेक्ट्रिक स्कूटी देने का वादा भी किया है।

राज्य में पहले चरण की वोटिंग एक दिसंबर को होगी, जबकि दूसरे चरण की वोटिंग पांच दिसंबर को होगी। वहीं, दोनों चरणों की मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पहले चरण की वोटिंग प्रक्रिया के लिए गजट नोटिफिकेशन पांच

### घोषणा पत्र में पार्टी ने कांग्रेस से दोगुनी नौकरियां देने की बात कही

नवंबर को और दूसरे चरण की वोटिंग प्रक्रिया के लिए 10 नवंबर को जारी हुआ था।

2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के उद्देश्य से गुजरात ओलंपिक मिशन शुरू होगा और इंटरनेशनल लेवल पर खेल का बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। खेडूत मंडियों, मॉर्डन एपीएमसी, छंटाई और ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन, गोदाम, प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर की एक ओवरऑल सिस्टम डेवलप करने के लिए एग्रीकल्चर



इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। गुजरात भर में सुजलाम सुफलाम, सौनी, लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं, सूक्ष्म सिंचाई, ड्रिप सिंचाई और अन्य प्रणालियों जैसी परियोजनाओं के माध्यम से मौजूदा सिंचाई नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 25 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

गुजरात में प्रत्येक नागरिक के पास पक्का घर होगा और प्रधानमंत्री आवास योजना का सौ फीसद लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। एक परिवार कार्ड योजना होगा, जिससे हर परिवार को राज्य सरकार के माध्यम से संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में आठ मेडिकल कॉलेज और 10 नर्सिंग/पैरामेडिकल कॉलेज स्थापित कर मॉडर्न हेल्थ फैसिलिटी सुनिश्चित की जाएगी। अनुसूचित जनजाति के 75 हजार मेरिट लिस्ट में रहने वाले छात्रों को वेस्ट रेसिडेंशियल स्कूल फैसिलिटी देने के लिए 25 बिरसा मुंडा ज्ञान शक्ति रेसिडेंशियल स्कूल स्थापित किया जाएगा। जो स्टूडेंट गरीब परिवार से हैं, उन्हें इलेक्ट्रिक स्कूटर दी जाएगी। इसके लिए शारदा मेहता योजना शुरू की जाएगी।

राज्य में वरिष्ठ महिला नागरिकों को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा दी जाएगी। भाजपा ने घोषणा पत्र में राज्य में तीन सिविल मेडिसिटी और दो एम्स जैसे संस्थान बनाने का वादा किया है।

## 9 सैटेलाइट्स पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए



यह प्रयोग इसरो के अब तक के सबसे लंबे मिशन में से एक

# इसरो का पीएसएलवी सी-54 मिशन लांच आठ नैनो सैटेलाइट्स अंतरिक्ष पहुंचे

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा

**इंडियन** स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने शनिवार को 11.56 बजे पीएसएलवी सी-54 मिशन को लॉन्च किया। इसने तमिलनाडु के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। इसके तहत नौ सैटेलाइट्स पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए हैं। यह पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट की 56वीं फ्लाइट है।

रॉकेट ने 321 टन भार के साथ उड़ान भरी है। इसमें सात कस्टमर सैटेलाइट्स, एक ओसियन सेट-3 नेशनल सैटेलाइट और भूटान के साथ मिलकर बनाया गया एक डिप्लोमैटिक सैटेलाइट है। यह 30 सेंटीमीटर क्यूबिक सैटेलाइट भूटान के इंजीनियर्स ने तैयार किया है। इसका वजन 15 किलोग्राम है। यह दोनों ही देशों को कवर करेगा। यह



पूरा मिशन आठ हजार 200 सेकेंड यानी दो घंटे से ज्यादा चलने वाला है। यह इसरो के अब तक के सबसे लंबे मिशन में से एक है। मिशन की लॉन्चिंग के दौरान प्रमुख सैटेलाइट ओसियन सेट-3 और नैनो सैटेलाइट्स को दो अलग-अलग सोलर सिंक्रोनस पोलर ऑर्बिट्स (एसएसपीओ) में लॉन्च किया गया।

## शाह की टिप्पणी पर एआईएमआईएम की तरफ से आया बयान

# कोई भी व्यक्ति सत्ता में हमेशा नहीं रहता : ओवैसी

### ओवैसी ने टिप्पणी गृहमंत्री द्वारा गुजरात रैली में दिए गए बयान के बाद की

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति हमेशा सत्ता में नहीं रहता है। ओवैसी ने शाह पर सत्ता के नशे में चूर होने का भी आरोप लगाया।

उल्लेखनीय है कि शाह ने शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि गुजरात में पहले असामाजिक तत्व हिंसा में लिप्त होते थे, लेकिन 2002 में सबक सिखाने के बाद अपराधियों ने ऐसी गतिविधियां बंद कर दीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने



राज्य में स्थाई शांति कायम की। गुजरात में फरवरी, 2002 में गोधरा रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। शाह की टिप्पणी के कुछ घंटे बाद, ओवैसी ने अहमदाबाद के मुस्लिम बहुल जुहापुरा इलाके में शुक्रवार शाम एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगे। उल्लेखनीय है कि 2002 के गोधरा घटना बाद के बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे सभी 11 दोषी इस साल 15 अगस्त को गोधरा उपजेल से बाहर आ गए। दरअसल, गुजरात सरकार ने सजा में कटौती की अपनी नीति के तहत उनकी रिहाई की अनुमति दी थी।

ओवैसी ने कहा कि किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि सत्ता हमेशा नहीं रहती है। किसी न किसी दिन यह छिन जाएगी। सत्ता के नशे में चूर गृह मंत्री सबक सिखाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, आपने यह सबक सिखाया है कि पूरे देश को कैसे बदनाम किया जाए? अमित शाह, आपने किस तरह का सबक सिखाया था, जिसने दिल्ली में दंगे कराए।

### बिलकिस बानो के आरोपियों की रिहाई पर गृह मंत्री को घेरा

**एआईएमआईएम** प्रमुख ने कहा, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि 2002 में आपने यह सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के बलात्कारियों को छुड़वा देंगे, आपने सबक सिखाया कि आप बिलकिस बानो के सामने उसके तीन साल के बच्चे की हत्या करने वालों को छुड़वा देंगे। उन्होंने कहा, इस सबक के साथ, आपने सिखाया कि एहसान जाफरी की हत्या की जाएगी। आपने गुलबर्ग सोसाइटी और बेस्ट बेकरी का सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि गोधरा के बाद के दंगों में कांग्रेस के पूर्व सांसद जाफरी सहित कई मुसलमानों की हत्या कर दी गई।

### भारत बायोटेक के इंट्रानेजल बूस्टर डोज को मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआइ) ने शुक्रवार को भारत बायोटेक की इंट्रानेजल वैक्सीन फाइव आर्म्स को इमरजेंसी यूज के लिए मंजूरी दे दी।

इसे बूस्टर डोज के तौर पर दिया जाएगा। इसकी खुराक इंजेक्शन की जगह नाक के जरिए दी जाएगी। भारत बायोटेक की इंट्रानेजल वैक्सीन का नाम बीबीवी-154 है। इसे प्राइमरी डोज के तौर पर इमरजेंसी यूज को छह सितंबर को मंजूरी मिली थी। वैक्सीन की खुराक 18 साल से अधिक के लोगों को दी जा सकती है। इसे दूसरे डोज के छह महीने बाद दिया जाएगा।

# याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश को बताया आतंकवादी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट के जज को एक याचिकाकर्ता ने आतंकवादी कह दिया। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हिमा कोहली ने शुक्रवार को नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आपको कुछ दिनों के लिए जेल भेजना पड़ेगा, तब आपको अहसास होगा। कोर्ट ने रजिस्ट्री को याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक याचिकाकर्ता एक लंबित मामले में जल्दी सुनवाई चाहता था। इसके लिए उसने कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसमें याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के जज को आतंकवादी कहा था। डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की बेंच ने इसकी

### कोर्ट ने याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने का दिया आदेश

आलोचना करते हुए कहा कि आप कोर्ट के जज पर इस तरह के आरोप नहीं लगा सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील ने कहा मैं कोर्ट में आपकी पैरवी तभी शुरू करूंगा, जब आप अपनी गलती के लिए माफी मांगें। इस पर याचिकाकर्ता ने कोर्ट से जज को आतंकी कहने पर माफी मांगी। उसने कहा कि मैंने कोरोना महामारी के समय याचिका दाखिल की थी, तब मैं बहुत परेशान था।

इस पर बेंच ने कहा कि आपकी माफी काफी नहीं है, आपका रवैया कोर्ट का अपमान करने वाला है। हम आपको कारण बताओ नोटिस भेजेंगे कि आपके खिलाफ आपराधिक अवमानना का मुकदमा क्यों न चलाया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि हम आपकी अर्जी पर समय से पहले सुनवाई नहीं कर सकते, याचिका को खारिज समझा जाए। साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता के आचरण के संबंध में एक हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया है।



### बस-ट्रक की टक्कर में चालक की मौत, 30 गंभीर

**अंबाला।** हरियाणा के जींद जिले में रोहतक रोड पर जुलाना के निकट शनिवार सुबह रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हो गई। हादसे में बस में सवार तीन दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में अलग-अलग स्कूल-कॉलेजों के बच्चे भी हैं। डॉक्टरों ने 30 की हालत गंभीर देख रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया है। इधर अधिक संख्या में घायलों को देख हड़ताल पर चल रहे एमबीबीएस के छात्र इलाज के लिए दौड़ पड़े।

## बाबा रामदेव बोले, महिलाएं साड़ी या सलवार-सूट में अच्छी लगती हैं

**एजेंसी।** पुणे



**बाबा** रामदेव ने शनिवार को पुणे के योग शिविर में कहा कि महिलाएं साड़ी और सलवार-सूट में भी अच्छी लगती हैं। मेरी तरह कुछ ना भी पहनें तो भी अच्छी लगती हैं। रामदेव के साथ मंच पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता भी मौजूद थीं।

बाबा रामदेव का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने कहा कि बाबा रामदेव को इस बयान पर देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

### अधिकारियों ने किसानों से मांगी डिमांड डिटेल

**अंबाला।** हरियाणा में अंबाला-शामली एक्सप्रेस-वे के लिए अधिगृहीत (एक्वायर) की गई जमीन के उचित मुआवजे की मांग पर अड़े किसानों से नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने उनकी मांगों की डिटेल मांगी है। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रुप) ने शनिवार को एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को नौ सूत्रीय मांग-पत्र सौंप दिया। किसान 15 दिन से मुआवजे को लेकर अंबाला के गांव रतनहेड़ी में धरने पर बैठे हैं।

### आफताब को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** श्रद्धा मर्डर केस में नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रद्धा की हत्या के बाद आरोपी आफताब ने एक डॉक्टर को डेट किया था। वह डेटिंग एप बम्बल के जरिए इस लड़की से मिला और उसे तब अपने घर बुलाया था, जब श्रद्धा के शव के टुकड़े फ्रिज में रखे थे। दिल्ली पुलिस ने उस लड़की की पहचान कर ली है। वह पेशे से साइकॉलजिस्ट है। आफताब और श्रद्धा भी बम्बल ऐप पर ही मिले थे। आफताब को कोर्ट ने 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले आफताब को अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया था। अस्पताल से ही वीसी के जरिए दिल्ली के एक अदालत में उसकी पेशी की गई थी।

## गरिमा के साथ मनाया गया संविधान दिवस

# 'वी द पीपुल' केवल शब्द नहीं, एक प्रतिज्ञा-विश्वास है : मोदी

## सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह 10 बजे सुप्रीम कोर्ट में आयोजित संविधान दिवस समारोह में शामिल हुए। इस दौरान ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों और वेबसाइट का उद्घाटन किया। समारोह में सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, कानून मंत्री किरेन रिजिजू और सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज मौजूद रहे। पीएम मोदी ने कहा कि 1949 में यह आज का ही दिन था, जब स्वतंत्र भारत ने अपने लिए एक नई भविष्य की नींव डाली थी, इस बार का संविधान दिवस इसलिए भी विशेष है, क्योंकि भारत ने अपने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए हैं।

उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना के पहले तीन शब्द 'वी द पीपुल' केवल शब्द नहीं हैं, ये एक आह्वान है। एक प्रतिज्ञा है, एक

### संविधान में लिखे शब्द हैं एक प्रतिज्ञा

विश्वास हैं। पीएम ने कहा कि आज दुनिया हमें बहुत उम्मीदों से देख रही है। आज पूरे सामर्थ्य से अपनी सभी विविधताओं पर गर्व करते हुए ये देश आगे बढ़ रहा है और इसके पीछे हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारा संविधान है। आजादी का ये अमृत काल देश के लिए 'कर्तव्य काल' है। व्यक्ति हों या संस्थाएं हमारे दायित्व ही हमारी पहली प्रतिज्ञा है।

पीएम ने कहा कि भारत की मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में जो पहचान है, हमें उसको और भी अधिक सशक्त करना है। हमारे संविधान की स्पिरिट यूथ सेंट्रिक है। आज संविधान दिवस पर मैं देश की न्यायपालिका से एक आग्रह भी करूंगा कि युवाओं में संविधान को लेकर समझ बढ़े, इसके लिए डिबेट



और डिस्कशन को बढ़ाना चाहिए।

केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संविधान वह आधारशिला है, जिस पर भारतीय राष्ट्र खड़ा है और हर गुजरते साल नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। हमें बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर के शब्दों को याद करना चाहिए। उन्होंने कहा था कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारी डाली है। इस आजादी के बाद हम कुछ भी गलत के लिए अंग्रेजों को दोष नहीं दे सकते।

उन्होंने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने पूर्व सीजेआइ एसए बोबड़े की अध्यक्षता में भारतीय सामाजिक समिति का गठन किया है। यह समिति क्षेत्रीय भाषाओं में कानूनी सामग्री का अनुवाद करेगी और सभी भारतीय भाषाओं के लिए एक सामान्य शब्दावली बनाएगी। उन्होंने बताया कि विधायी विभाग (लेजिस्लेटिव डिपार्टमेंट) ने 65000 कानून के शब्दों वाली एक शब्दावली तैयार की है। हमारी योजना इसे डिजिटाइज करने की है, जिसे जनता आसानी से इस्तेमाल कर सके। क्षेत्रीय भाषाओं में प्रकाशित कानूनी शब्दावलियों को एकत्र, डिजिटाइज करने और जनता के लिए उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। 2015 से इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान, प्रधान मंत्री ई-कोर्ट परियोजना के तहत विभिन्न नई पहलों का शुभारंभ किया।

यह परियोजना अदालतों की आईसीटी सक्षमता के माध्यम से वादियों, वकीलों और न्यायपालिका को सेवाएं प्रदान करने का एक प्रयास है। इन पहलों में वर्चुअल जस्टिस क्लॉक, जस्टआइएस मोबाइल ऐप 2.0, डिजिटल कोर्ट और एस3वास वेबसाइट शामिल हैं।

### इस तरह ली गई थी पूर्ण स्वराज की शपथ



**बता दें,** 26 जनवरी, 1950 को अंग्रेजों के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 की जगह भारत का संविधान लागू हुआ था। भारत का संविधान वैसे तो 26 नवंबर, 1949 को ही बनकर तैयार हो गया था और इसे संविधान सभा की मंजूरी भी मिल गई थी, लेकिन इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था। ऐसा करने की एक खास वजह थी, दरअसल, 26 जनवरी, 1930 को कांग्रेस ने देश की पूर्ण आजादी का नारा दिया था। इसी की याद में संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी, 1950 तक इंतजार किया गया। दरअसल, 1929 में जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पहली बार पूर्ण स्वराज की शपथ ली गई थी। उस अधिवेशन में अंग्रेज सरकार से मांग की गई थी कि भारत को 26 जनवरी, 1930 तक संप्रभु दर्जा दे दिया जाए। फिर 26 जनवरी, 1930 को पहली बार पूर्ण स्वराज या स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था। इसके बाद 15 अगस्त, 1947 तक यानी अगले 17 सालों तक 26 जनवरी को ही स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता रहा। इस दिन के महत्व की वजह से 1950 में 26 जनवरी को देश का संविधान लागू किया गया और इसे गणतंत्र दिवस घोषित किया गया।

### शहर का तापमान
- अधिकतम 31.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज
- सेक्टर-15ए अजरौंदा स्थित सोनिक डिस्पेंसरी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरः सुबह 10 बजे।
- सेक्टर-76 पार्क फ्लोर-दो में रक्तदान शिविर का आयोजनः सुबह 9.30 बजे।
- सेक्टर-86 स्थित साईधाम मंदिर में सामूहिक विवाह : दोपहर 12 बजे।
- एनएच-दो डी/107 में 76वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन : दोपहर 12 बजे।
- संतों के गुरुद्वारे में फरीदाबाद कीर्तन समागम : सुबह 3.45 बजे
- सेक्टर-37 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में अमृतवाणी सत्संग भजन एवं प्रवचनः सुबह 10 बजे।

### निवेश गुरु
**बाजार** में मौजूद निवेश के विकल्पों में से एक म्यूचुअल फंड में निवेश करके पैसे को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि मौजूदा समय में निवेशकों के लिए मार्केट में कई तरह के म्यूचुअल फंड मौजूद हैं। उन्हीं में से एक हैं डेट फंड। डेट फंड में निवेश करके आपका पैसा सुरक्षित तो रहता ही है साथ ही रिटर्न भी अच्छा खासा मिलता है। डेट फंड की क्या खासियत है। इसमें निवेश करके निवेशकों को क्या फायदा मिलता है।

### यूटीलिटी न्यूज
## करों का ब्यौरा अब पोर्टल पर उपलब्ध
**फरीदाबाद।** नगर निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया ने बताया कि नगर निगम फरीदाबाद ने प्रोपर्टी टैक्स सर्वे उपरान्त देय करों का ब्यौरा ulbhryndc.com पोर्टल पर उपलब्ध करवा दिया है। आप अपना विवरण पोर्टल पर चैक करें तथा आपत्ति/सुधार के लिये इसी पोर्टल पर Online Raise Objection पर जाकर सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करवा सकते है। इस सम्बन्ध में नगर निगम फरीदाबाद के एन.आई.टी, बल्लभगढ़ व ओल्ड फरीदाबाद के कार्यालयों या Helpline no. 01292418224 पर सम्पर्क करें।

### क्विक न्यूज
## रक्तदान शिविर का किया आयोजन


**फरीदाबाद।** मुंबई में 26/11 में हुए हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए जीएसके फाउंडेशन ट्रस्ट ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। महिला शक्ति ने इस सामाजिक कार्य के लिए अपना खून दिया है क्योंकि अननता जीएसके आई ग्रुप ऑफ कंपनीज जिसमें 95 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं। शनिवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमे कंपनी के काफी सारे कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हेमंत कुमार शर्मा ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर और रक्तदान कर अपने कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। साथ ही कर्नल एसएस वेद ने भी इस कार्यक्रम में अपने शब्द सामने रखे।

# बेखबर की खबर : तो बड़े साहब साइन नहीं करेंगे...चाहे शहर में कुछ हो जाए?




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**धनवान** निगम में पिछले दिनों तैनात रहे पूर्व बड़े साहब ने शहर की स्थिति में सुधार लाने के लिए कई तरह के सफल प्रयोग किये थे। उनके थोड़े से प्रयासों से शहर में लोगों ने बड़े पैमाने पर खुद ही अपने अतिक्रमण हटा लिये थे। जिसके बाद उन्होंने शहर में जगह-जगह खड़े हो रहे दानवों को गिराने के लिए कई तरह के प्रयास किये थे। वहीं उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था और अन्य कामों के लिए कई काम किये थे। जिससे शहर की हालत में थोड़ा बहुत सुधार आना शुरू हुआ था, लेकिन उनके जाने के बाद धनवान निगम के नए बड़े साहब पहले ही ठान कर आए थे कि चाहे कुछ हो जाए, लेकिन वे किसी भी फाइल पर अपने साइन नहीं करेंगे। क्योंकि धनवान निगम के सिपाहियों की मलाईखोरी से वे अच्छी तरह वाकिफ हैं। इनकी मलाईखोरी के कई बड़े मामले उजागर हो चुके हैं। कई मामलों की चौकसी विभाग जांच कर रहा है। इसलिए बड़े साहब को डर है कि फाइल में साइन करने से कोई चूक हो गई तो उन्हें भुगतना पड़ सकता है। ऐसे में जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, रोज दानव खड़े हो, अतिक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन बड़े साहब चुपचाप बैठे हैं।

### मुखिजी ने निकाला नया फार्मूला
**सूबे** के सरकारी अस्पतालों में पिछले लंबे समय से चिकित्सकों का भारी अभाव चल रहा है। वहीं अन्य कई तरह की सुविधाओं की कमी के साथ साथ दवाईयों का भी भारी टोटा चल रहा है। अस्पताल में आधी अधूरी दवाईयां मिलने से गरीब जनता को भारी परेशानी हो रही है। जिसे देखते हुए मुखिया जी काफी चिंतित हो गए। ऐसे में उन्होंने समस्या का समाधान करने का नया फार्मूला निकाल लिया। चिकित्सक, कर्मी और सुविधाएं बढ़ाना उन्हें टेड़ीखीर लगने लगा। कुछ सुविधाएं तो वे पहले ही निजी हाथों से जनता का दिला रहे हैं। अब उन्होंने जनता का पूरा इलाज ही निजी हाथों से करवाने का फैसला ले लिया। जिसके तहत अब सुबे में गरीब जनता के इलाज को कार्ड बनाए जा रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के अभाव में इस कार्ड से जनता किसी भी निजी अस्पताल से इलाज करवा सकती है। लेकिन मुखियाजी को नहीं पता कई अमीर और पूंजीपति भी कागजों में खुद को गरीब बताकर कार्ड बनवा रहे हैं। जबकि वास्तव में भारी संख्या में गरीब लोगों को यह कार्ड नसीब ही नहीं हो रहा है।




### महा विभाग के बड़े ख्वाब
**धनवान** निगम और विकास विभाग में हुई जबरदस्त मलाईखोरी और लापरवाही को देखते हुए सूबे के मुखियाजी ने महा विभाग का गठन किया है। धनवान निगम और विकास विभाग की कई शक्तियां छीनकर महा विभाग को सौंपी गई हैं। ताकि शहर की जनता को तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। महा विभाग के बड़े साहब भी मुखियाजी के सपनों को पूरा करने के लिए आए दिन नई नई योजनाएं बना रहे हैं। इन योजनाओं पर काम करने की बजाए जनता को सुहावने सपने दिखाए जा रहे हैं, लेकिन महा विभाग की कार्यशैली, इन दोनों विभागों से कुछ अलग नजर नहीं आ रही है। क्योंकि महा विभाग में इन दोनों विभागों के अनेक सेवानिवृत सिपाही ही सेवाएं दे रहे हैं। इसीलिये एक काम पूरा किये बिना महा विभाग अन्य काम शुरू कर जनता के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : नासूर बनी सरकारी जमीनों पर कब्जों की समस्या

### सरकारी जमीनों के साथ प्राचीन नालों पर भी भूमाफिया कर रहे हैं कब्जे

राजेश दास। फरीदाबाद



प्राचीन बुढ़िया नाले की जमीन पर लगातार हो रहे निर्माण।



खोरी के बाद बुढ़िया नाले की जमीन पर बस रही है बस्ती।

**सरकारी** जमीनों पर कब्जे और सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या शहर में नासूर बन चुकी है। जिसे देखते हुए पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव ने ठोस कदम उठाया था। जिससे अतिक्रमण की समस्या काफी हद कर तक कम हुई थी। उस दौरान निगमायुक्त ने अतिक्रमण करने वालों पर सर्कल रेट का छह प्रतिशत जुर्माना लगाना शुरू किया था। लेकिन इसके बावजूद शहर में अतिक्रमण और सरकारी जमीनों पर कब्जे की समस्या कम नहीं हो रही है।

निगम की शहर में सैंकड़ों एकड़ जमीन पर लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिन पर शहर में दर्जनभर से ज्यादा अवैध बस्तियां बसी हुई हैं। अतिक्रमण को बढ़ावा देने के लिए निगम भी कम जिम्मेदार नहीं है। नगर निगम द्वारा इन बस्तियों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य भी करवाए हुए हैं। प्राचीन बुढ़िया नाले पर कब्जा करके लोग लगातार मकानों और व्यवसायिक शैडों का निर्माण करवा रहे हैं। इस नाले पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ लोगों ने कब्जे कर पक्के निर्माण करवा लिये हैं। जबकि दूसरी तरफ सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस नाले पर बने प्राचीन पुल के जीर्णोद्वार पर लाखों रुपये खर्च कर रही है। लेकिन इसके बावजूद संबंधित विभाग इस नाले पर ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे हैं।

### निगम की जमीनों पर अवैध कब्जे
**नगर** निगम के एनआईटी, बल्लभगढ़ और ओल्ड फरीदाबाद इलाके में हजारों एकड़ जमीन है। इनमें काफी जमीनों में कब्जे हो चुके हैं। एनएच तीन निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश गोयल ने वर्ष 2016 में निगम में आरटीआई दायर कर पूछा था कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में निगम की कुल कितनी जमीन है। इन जमीनों पर कौन कौन सी बस्तियां अवैध रूप से बसी हुई हैं। जिसके जबाव में नगर निगम ने बताया था कि बड़खल विधानसभा क्षेत्र में निगम की छह हजार 473. 31 एकड़ जमीन है। इन जमीनों पर जमाई कालोनी, दयाल नगर, सुभाष नगर और गधाखोर नामक बस्ती बसी हुई है। यह तो सिर्फ एक विधानसभा क्षेत्र में स्थित निगम की जमीन पर अवैध कब्जे की बात सामने आई थी। इसके बाद पिछले करीब पांच सालों में सरकारी जमीनों पर हुए कब्जों का ब्यौरा देखा जाए तो यह कई गुणा बढ़ गया है। इसके अलावा एनआईटी, फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और तिगांव विधानसभ क्षेत्र में भी निगम की हजारों एकड़ जमीन मौजूद है। इन जमीनों पर जगह-जगह अनेक बस्तियां बसी हुई हैं।

### प्राचीन धरोहरों पर भी कब्जे


सरकारी जमीनों पर इसी तरह से हो रहा अवैध निर्माण।

**प्रकृति** से छेड़छाड़ के कारण ही बुढ़िया नाला करीब करीब सूख चुका है। ऐसे में भूमाफियाओं ने नाले की जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया है। ग्रीनफिल्ड कालोनी और सेक्टर-45 के बीच बुढ़िया नाले की जमीन पर कुछ लोगों ने पक्के मकान बनाकर तो कुछ लोगों ने झुग्गियां डाल कर कब्जा कर लिया है। इन भूमाफियाओं ने सैंकड़ों की संख्या में कमरों का निर्माण करवा कर किराये पर भी देना शुरू कर दिया। वहीं कुछ अन्य लोगों द्वारा भरत करवा कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह सूरजकुंड चौक पर स्थित लक्कड़पुर गांव के प्राचीन नाले पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस नाले की जमीन पर रास्ता बनाया गया है। इसी तरह अरावली की पहाड़ियों पर स्थित प्राचीन धरोहर अनंगपुर डेम के आसपास भी कुछ लोगों ने कब्जा करके पक्के मकानों का निर्माण करवा लिया है। पिछले दिनों इन मकानों को प्रशासन की तरफ से तोड़ा गया था। लेकिन प्रशासन के जाने के बाद लोगों ने फिर से निर्माण कार्य शुरू करवा दिया था। यहां भी मकानों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### बुढ़िया नाले के कब्जों पर आंखें मूंदी
**शहर** में सबसे प्राचीन बुढ़िया नाले पर राष्ट्रीय राजमार्ग के निकट एक प्राचीन पुल बना हुआ है। इस पुल का निर्माण मुगल शासनकाल के दौरान करवाया गया था। मुगल शासकों ने सेना के सुगम आवागमन के लिए इस पुल का निर्माण करवाया था, लेकिन सरकार की तरफ से इस पुल की तरफ वर्षो से ध्यान न दिये जाने से यह प्राचीन धरोहर धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई। पिछले दिनों सरकार ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत इस पुल का दो करोड़ रुपये की लगात से निर्माण करवाने की योजना बनाई हैं। निर्माण कार्य शुरू होने से कुछ समय पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा इस ऐतिहासिक पुल का दौरा भी किया गया है। जल्दी ही निर्माण शुरू होने की सम्भावना है, लेकिन नाले की जमीन पर भूमाफिया द्वारा किये जाने वाले कब्जों पर किसी का ध्यान नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग से अरावली की तरफ का नाले का हिस्सा नगर निगम के अंर्तगत आता है। जबकि जबकि नाले का बाइपास रोड की तरफ का हिस्सा सिंचाई विभाग के अंर्तगत आता है। इस प्राचीन नाले के दोनों तरफ ही लगातार भूमाफिया कब्जे कर निर्माण करते जा रहे हैं।

### किसकी शह पर हो रहे कब्जे?
**शहर** में स्थित नगर निगम और एचएसवपी की बेशकीमती जमीनों पर लोगों ने अवैध कब्जे किये हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ सभी कायदे कानून ताक पर रख कर चारों तरफ बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण करवाए जा रहे हैं। नगर निगम इन अवैध निर्माणों की सीलिंग कर अपना कर्तव्य पूरा कर लेता है। जबकि गुप्तचर एजेंसियां इनकी जांच पड़ताल करने के बाद भूल जाती हैं। बुढ़िया नाले की सरकारी जमीन पर भूमाफिया मकानों का निर्माण करवा रहे हैं। प्रशासन पूरी तरह मौन है। जिससे लगता है, प्रशासन किसी के दबाव में चुप है?

# अंतिम दिन 'वित्तीय कल्याण' पर सत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ अग्रवाल कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**'होलिस्टिक** वेलनेस एंड मैनेजमेंट' के तहत वित्तीय कल्याण सत्र पर राष्ट्रीय स्तर का ऑनलाइन एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता गोविंद कुमार मिश्रा, लीडर्स एवेन्यू के सह-संस्थापक, प्रोएक्टिव लीडर और एक ट्रेनर रहे। वह एक योग्य कंपनी सचिव भी हैं।

वह कहते हैं कि वित्तीय कल्याण महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें ज्ञान और कौशल से लैस करता है जिसकी हमें धन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए आवश्यकता होती है। वित्तीय रूप से जिम्मेदार और स्वतंत्र होने के लिए खर्चों पर नजर रखना और बजट बनाना और उस पर टिके रहना महत्वपूर्ण कौशल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पैसा हर काम का नियम है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि तंदुरूस्ती के सभी विभिन्न रूपों की तुलना में, वित्तीय तंदुरुस्ती यकीनन सबसे कम चर्चा और सबसे गलत समझा जाता है। वित्तीय कल्याण पैसे के आसपास आपकी भावनाओं को समझने की क्षमता है, स्वस्थ भावनाओं को विकसित करने के साथ-साथ पैसे के बारे में साक्षरता और अपने पैसे का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने की क्षमता है। उन्होंने दिलचस्प कहानियों और संवादों के जरिए अपने विचार साँझा किए। यह कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला, समन्वयक डॉ. शिल्पा गोयल एवं डॉ. इनायत चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ। सत्र का संचालन वाणिज्य में सहायक प्रोफेसर सुश्री पूजा ने किया और तकनीकी सहायता के लिए डॉ विनीत नागपाल को धन्यवाद। इस सात दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम में लगभग 145 प्रतिभागियों ने भाग लिया। एक सप्ताह की एफडीपी सभी प्रतिभागियों को समग्र कल्याण और प्रबंधन के सभी पहलुओं के बारे में जागरूक करने के साथ समाप्त हुई।

# चैंपियनशिप के फाइनल में हरियाणा और दिल्ली की टीम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



फाईनल में पहुंची टीमों के सदस्य।

**भारतीय** फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सब जूनियर और सीनियर वर्ग की नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन भारतीय हैवी इलैक्ट्रिक लिमिटेड खेल परिसर भोपाल (मध्यप्रदेश) में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक किया जा रहा है।

भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव सोमवीर ने बताया कि नेशनल फ्लाइंग बाल चैंपियनशिप में सब जूनियर और सीनियर वर्ग के लड़के और लड़की खिलाड़ियों के लिए चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है और इस नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, तेलांगना, तमिलनाडु, कर्नाटक, छत्तीसगढ सहित 18 राज्यों की टीम भोपाल मध्यप्रदेश में भाग ले रही हैं।

भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन महासचिव सोमवीर ने बताया कि हरियाणा सीनियर लड़की टीम की खिलाडियों ने लीग मैच में महाराष्ट्र को 14-4 और छत्तीसगढ़ को 8-4 से हराकर सेमिफाइनल में स्थान बनाया और सेमिफाइनल में पंजाब को 4-2 से हराकर फाइनल में पहुंची। दिल्ली सीनियर लड़की टीम ने अपने लीग मैच में पंजाब को 2-0 और मध्यप्रदेश को 7-0 से हराया और सेमिफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ टीम को 2-0 से हराकर फाइनल मैच के लिए स्थान सुनिश्चित किया और फाइनल मैच में हरियाणा एवं दिल्ली की सीनियर लडकी टीम 27 नवम्बर को अपने अच्छा खेल प्रदर्शन कर पदक स्थान प्राप्त करेंगी। भारतीय फ्लाइंग बाल एसोसिएशन के फाउंडर अवनीश साहू,उपाध्यक्ष राहुल मौर्य और आर्गेनाइजिंग सैक्रेटरी नारायण ने सभी राज्यों के खिलाड़ियों को अच्छा खेल प्रदर्शन कर अपने अपने राज्य के लिए पदक और जीतने का आशीर्वाद दिया। हरियाणा टीम कोच पवन बडेसरा खेल प्रशिक्षक राठ इंटरनेशनल स्कूल (रेवाडी) टीम मैनेजर रवि अहलावत (झज्जर) ने हरियाणा टीम के सभी खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

### पायनियर पाठकों के लिए
यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




है सच महँगाई से अब पार पाना है बहुत मुश्किल
कमाई ख़त्म है अब घर चलाना है बहुत मुश्किल
भरे पेटों को शायद ही कभी अहसास हो इसका
ये भूखी आँत की ऐंठन दबाना है बहुत मुश्किल

# युवाओं को लोन देकर बनाएंगे जॉब प्रोवाइडर

### 10 लाख प्रत्यक्ष व 50 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार को इको सिस्टम तैयार होगा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बीवाईएसटी की फाउंडिंग मैनेजिंग ट्रस्ट की ट्रस्टी लक्ष्मी वैंकटेशन को पुस्तक भेंट करते उद्यमी जेपी मल्हौत्रा।

**भारतीय** युवा शक्ति ट्रस्ट ने राष्ट्रीय स्तर पर युवा वर्ग को जॉब प्रोवाइडर बनाने के लिये मैंटर फैमिली तैयार करने की व्यापक योजना तैयार की है। इस संबंध में दो लाख मैंटर्स को बीवाईएसटी से जोड़ा जाएगा और 10 लाख प्रत्यक्ष व 50 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के लिये इको सिस्टम तैयार किया जाएगा।

बीवाईएसटी की फाउंडिंग मैनेजिंग ट्रस्ट की ट्रस्टी लक्ष्मी वी वैंकटेशन ने इंडियन हैबिटेट सैंटर नई दिल्ली में यूथ आंत्रेप्यूनर डेवलैपमैंट प्रोग्राम में उक्त जानकारी देते बताया कि बीवाईएसटी में पिछले कुछ समय में फरीदाबाद व गुड़गांव सहित दिल्ली में जिस प्रकार बड़ी संख्या में मैंटर्स व मैंटीस को एक परिवार के रूप में एकत्रित किया है वह अपने आप में एक रिकार्ड है।

इससे पूर्व अपने स्वागत अभिभाषण में बीवाईएसटी चैप्टर फरीदाबाद के चेयरमैन जेपी मल्होत्रा ने बताया कि बीवाईएसटी ने फरीदाबाद में एक विशेष मानिटरिंग कार्यक्रम आरंभ किया है। जिसके तहत युवा वर्ग को एक सफल उद्यमी बनाने के लिये कार्य किया गया और जिसमें सफलताएं भी मिली। उन्होंने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस क्षेत्र में युवाओं की रूचि व रूझान के अनुरूप कार्य किया जा रहा है और 35 वर्ष तक की आयु के युवाओं जिनमें लड़के व लड़कियां शामिल हैं को सफल उद्यमी बनाने के लिये तैयार किया जा रहा है और उन्हें बीवाईएसटी की अनुशंसा पर 10 लाख रुपये तक का कोलैक्ट्रल फ्री लोन भी उपलब्ध कराया जाता है। बीवाईएसटी की वरिष्ठ निदेशक अरूणा विनोध ने मानिटरिंग इंडिया प्रोग्राम के संबंध में जानकारी दी जबकि रूपा सलूजा व ए के गौड़ ने बीवाईएसटी के गुडगांव व फरीदाबाद में चल रहे प्रोजैक्टों के संबंध में बताया।

बीवाईएसटी गुडगांव के संजय सलूजा ने सलैक्शन व हैंड होल्डिंग के संबंध में जानकारी दी जबकि हितेंद्र पुनयानी व प्रदीप यादव ने अपने अनुभवों व बीवाईएसटी से संबंधों से होने वाले लाभ के बारे में बताया। मल्होत्रा ने लक्ष्मी वैंकटेशन को अपनी पुस्तक फाईव वेज टू भेंट की जिसे सुश्री लक्ष्मी ने सराहा। इस अवसर पर जेपी मल्होत्रा, एके गौड़, मोहन सिंह, कर्नल गोपाल सिंह, हितेंद्र पुनयानी, अशोक नैयर, डॉ. प्रगति चौहान, प्रो. अरविंद गुप्ता, अनवर सुल्तान, कौशल किशोर, एस के चौधरी सहित वरिष्ठ व प्रमुख लोगों की उपस्थिति उल लेखनीय रही।

# जेसी बोस में मनाया गया संविधान दिवस



**फरीदाबाद।** विश्व के महानतम संविधानों में से एक गिना जाने वाले भारत के संविधान को समर्पित संविधान दिवस को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवम् मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ मनाया।

26 नवंबर को मनाए वाले संविधान दिवस को मनाने हेतु समाज कार्य के छात्र-छात्राओं ने संविधान की उद्देशिका को एक हस्त निर्मित सटैंड के माध्यम विवि के समस्त प्राध्यापकों के साथ ही साथ कुलसचिव डॉ सुनील कुमार गर्ग और कुलपति सुशील कुमार तोमर के साथ भी साझा किया।

इसी क्रम में विद्यार्थियों ने वीडियो के माध्यम से समाज में संविधान दिवस के प्रति जागरुकता लाने का भी प्रयास किया। विद्यार्थियों के इस उत्साह एवम् देश के प्रति जागरुकता को सभी ने पूरे हृदय से सराहा। माननीय कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# जरूरतमंद बुजुर्ग-दिव्यांग तक आयुष्मान योजना से बाहर

**कविता। फरीदाबाद**

**देशभर** में आयुष्मान योजना के तहत 1.80 लाख रुपये या इससे कम वार्षिक आय वाले परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसकी विधिवत शुरूआत 21 नवंबर से की गई। वार्षिक आय एक लाख से कम वाले परिवारों को इस योजना का लाभ फैमली आईडी के जरिये ही दिया जा रहा है, लेकिन फैमिली आईडी में जिनकी आय एक लाख 80 हजार या उससे कम है, उनका नाम पोर्टल पर दर्शा ही नहीं रहा है। इसका सबसे अधिक खामियाजा बुजुर्गों और दिव्यांगों को भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि प्रतिमाह

## 21 नवंबर से हुई थी विधिवत शुरूआत

2500 रुपये पेंशन पाने वाले लोगों के आयुष्मान भारत योजना में नाम ही नहीं दर्शा रहे है। ऐसा ही यहां जिले में मौजूद केन्द्रों पर देखने को मिल रहा है।

**पेंशनधारकों के नाम नहीं :** शहर के बीके सिविल अस्पताल में मौजूद आयुष्मान पूछताछ केन्द्र पर शनिवार को पहुंचे पेंशनधारक और दिव्यांगजनों के फैमली आईडी आयुष्मान भारत योजना के तहत दर्शाई नहीं गई। करीब 10 बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को आईडी नम्बर जांच करने के बाद कर्मचारी ने उन्हें यह कहते हुए लौटा दिया कि उनका नाम लिस्ट में नहीं है। ऐसे में उन्हें सेक्टर-12 में जाना पडेगा।



आयुष्मान कार्ड केन्द्र के बाहर खड़े बुजुर्ग।

**मात्र पेंशन ही सहारा :** दिव्यांगजनों और पेंशन धारक बुजुर्गों ने बताया कि उनके घर में केवल एक मात्र पेंशन ही गुजारे का सहारा है। 2500 रुपये पेंशन वाले की फैमली आईडी में आय ही कम है, तो आयुष्मान भारत योजना में नाम क्यों नहीं दर्शाया जा रहा है। वहीं दिव्यांगजनों का भी यही हाल था, उनकी आय का भी कोई दूसरा साधन नहीं है, लेकिन इसके बावजूद भी उनका नाम आयुष्मान पोर्टल पर नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका पेंशन ही सहारा है, जब उनके नाम ही पोर्टल पर नहीं है तो फिर किसके नाम दर्शाये जा रहे हैं।

**धनवानों को फायदा :** बुजुर्गों और दिव्यांगजनों ने सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट वायरल करते हुए कहा है कि आयुष्मान भारत योजना के नाम पर केवल धनवानों को ही लाभ दिया जा रहा है। गरीबों को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है। उनका नाम तक पोर्टल पर दर्शाया नहीं जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों की पेंशन ही काट दी गई है। सरकार जिंदे लोगों को मरा हुआ घोषित करके जहां एक तरफ पेंशन धारकों के नाम हटा रही है। वहीं दूसरी तरफ आयुष्मान कार्ड भी धनवानों के बना कर गरीबों का मजाक बना रही है।

# सरूरपुर में मतगणना के बाद पुलिस-अफसरों पर पथराव

## चुनाव प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने पर 200 लोगों पर केस दर्ज किया 20 आरोपी गिरफ्तार

## चुनाव हारने वाले प्रत्याशी के पक्ष के लोगों ने किया था हमला







गांव सरूरपुर में पंचायत के चुनाव में हंगामा करने वालों को अदालत में पेश करने को ले जाते पुलिस अधिकारी।



हंगामे में टूटे बस के शीशे।

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**थाना** मुजेसर एरिया में स्थित सरूरपुर गांव में बीती रात पंचायत चुनाव में मतगणना के बाद हारने वाले पक्ष द्वारा पुलिस और सरकारी कर्मचारियों पर पथराव करके सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद समेत 200 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

वीडियो की फुटैज के माध्यम से अन्य आरोपियों की पहचान करने का प्रयास पुलिस कर रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रणसिंह, बंटी, टेकचंद, विनोद, सतीश, प्रहलाद, राजेश, मनोज, विक्रम, दीपक, जितेंद्र, सुखपाल, सुंदर, बनय, प्रेमचंद, प्रेम, लक्ष्मण, सुनील, विकास तथा सतपाल का नाम शामिल है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में डॉक्टर विवेक आनंद ने बताया कि कल उनको पंचायत चुनाव के लिए सरूरपुर में बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नियुक्त किया गया था। मतदान खत्म होने के पश्चात सरपंच पद के चुनाव की गिनती शुरू हुई। जिसमें मकसूदन को विजयी घोषित कर दिया गया। जिस पर दूसरा पक्ष हारने वाले पक्ष के उम्मीदवारों और एजेंट ने हंगामा करना शुरू कर दिया और चुनाव दोबारा से करने का दबाव बनाने लगे।

इस दौरान उन्होंने गांव के अन्य लोगों को इकट्ठा कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस ने हारने वाले पक्ष को नियमानुसार समझने की कोशिश की परंतु वह नहीं माने और पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। जिसमें कई पुलिस कर्मियों को गंभीर चोट लगी और पुलिस की गाड़ियों को काफी नुकसान हुआ।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आदेश अनुसार हल्के बल का प्रयोग करके भीड़ को खदेड़ा गया और ईवीएम मशीनों को सुरक्षा के साथ हाउस पहुंचाया गया। शिकायत के अनुसार मुजेसर थाने में आरोपियों के खिलाफ सरकारी प्रक्रिया में बाधा डालने, सरकारी कर्मचारियों पर पथराव करके सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान हुए पथराव में सीसीटीवी फुटेज और वीडियो चेक की जा रही है। जिसके माध्यम से मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्हें भी जल्द गिरफ्तार करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# पढ़ी-लिखी पंचायतें बनीं, 100 में 20 ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट चुने

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिले** के गांवों में पिछली दो योजनाओं से पढ़ी लिखी पंचायतें बन रही हैं। इस पर भी जिले में चुने गए 100 सरपंचों में से 20 ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इस बार जिले में युवा सरपंचों की संख्या भी अधिक है। स्टेट इलेक्शन कमिशन हरियाणा की वेबसाइट के अनुसार जिले में चुने गए सरपंचों की औसत उम्र 37 साल है।

बता दें कि जिले में 100 ग्राम पंचायतें हैं। इनमें से दो ग्राम पंचायतों में निर्विरोध ही सरपंच पद का चुनाव हो गया था। शुक्रवार को 98 पदों के लिए मतदान हुआ। मतदान के बाद देर शाम को मतगणना शुरू कर दी गई थी। रात 9 बजे तक स्टेट इलेक्शन कमिशन हरियाणा की वेबसाइट पर 18 विजेता उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए थे। शनिवार को सुबह सभी विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। जिले में इस पर



युवा सरपंच अजय के साथ समाज सेवी सीमा भारद्वाज व अन्य।

52 पुरुष व 48 महिलाएं सरपंच बनकर पहुंची हैं। वेबसाइट के अनुसार इस बार जिले में 20 सरपंच ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट हैं। गांव सागरपुर की महिला सरपंच शकुंतला, ढेहकोला की सरपंच रेखा देवी व भुआपुर के सरपंच गिराधरी लाल पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इसके अलावा समयपरु, आलमपुर, कांवरा, किडावली, कबूलपुर पट्टी परवरिश, बीजोपुर, दयालपुर, जाजरू, जवां, खंदावली, प्रहलादपुर माजरा डीग, सीकारी, ददसिया, गोढ़डा मोहब्बताबाद, पाखल, बहादुरपुर व मंधवली गांव में ग्रेजुएट सरपंच चुने गए हैं। हालांकि इनमें से सात की सही शिक्षा अपडेट होना बाकी है। फिलहाल इनकी शिक्षा ग्रेजुएट व उससे अधिक दिखाई हुई है। इस बार जिले में 16 सरपंच 12वीं पास, 57 सरपंच 10वीं पास व 7 सरपंच 8वीं पास हैं।

## चोर अवैध हथियार सहित काबू

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशानिर्देश तथा एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने एक आरोपी चोर को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जितेंद्र उर्फ चैंटा है जो यूपी के मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में रह रहा था।

क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध हथियार सहित बल्लभगढ़ सब्जी मंडी से काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध बटनदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी को आदर्श नगर थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एक शातिर चोर है जिसके खिलाफ फरीदाबाद में चोरी के कई मुकदमे दर्ज है।

# बीमा निगम के कार्यालय में पेंशनर्स मीट का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**कर्मचारी** राज्य बीमा निगम क्षेत्रीय कार्यालय सेक्टर 16 फरीदाबाद में पेंशनर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक रूद्र दीप दत्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पेंशनर एसोसिएशन के प्रधान श्री योगेश सैनी जनरल सेक्रेटरी सीपी शर्मा ऑल इंडिया पेंशन एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी आरके शर्मा रहे।

सेवानिवृत्त अपर आयुक्त मोहम्मद इरफान ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित सभी पेंशनरों के योगदान को याद करते हुए उनके किए गए कार्यों की भरपूर सराहना की गई। सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों की महत्ता को रेखांकित करते हुए उनसे संबंधित सभी मामलों को तत्परता से निपटाने का आश्वासन क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने दिया। विनय दुबे सहायक निदेशक ने अपने विचार रखते हुए बताया कि मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति को शीघ्र अति शीघ्र निपटान करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया गया है साथ ही 30 दिनों के भीतर मेडिकल बिलों की प्रतिपूर्ति हो जाए यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

उपस्थित पेंशनर्स को मेडिकल कार्ड तथा पहचान पत्रों का भी विवरण इस अवसर पर किया गया। रांची से स्थानांतरित होकर हाल ही में क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात हुई उपनिदेशक पूनम वाला ने सभी पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि उनके स्तर से सभी कार्य तत्परता से निपटाए जाएंगे वह पेंशनर्स को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उपनिदेशक संजय राणा ने पेंशनरों से आह्वान किया कि यदि उनकी कोई शिकायतें हैं तो वह भी इस मंच पर रख सकते हैं। कुछ पेंशनर्स ने अपनी व्यक्तिगत शिकायतें इस दौरान रखीं।

# आजाद देश के नागरिक का एहसास कराता है संविधान

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जिला** जेल फरीदाबाद में आज शनिवार को संविधान दिवस को बड़े धूमधाम से मनाया गया। प्रात: जिला जेल फरीदाबाद व सीमा सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस के अवसर पर जयकिशन छिल्लर अधीक्षक जेल की अगुवाई में जेल के अधिकारियों/ कर्मचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। जयकिशन छिल्लर ने जेल के सभी अधिकारियों/सीमा सुरक्षा बल के जवानों को सम्बोन्धित करते हुये कहा कि आज हम सभी यहां संविधान दिवस मनाने को एकत्रित हुये हैं। हर साल 26 नवबंर का दिन भारत में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

26 नंवबर 1949 को देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को अपनाया था। इसलिये इसी दिन की याद में हर साल देश में सविंधान दिवस मनाया जाता है। संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवबंर 1949 को पूरा हुआ और इसे अपनाया गया। इसके बाद 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू हुआ। इस दिन का मकसद देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना है। हर भारतीय नागरिक के लिये 26 नवबंर संविधान दिवस बेहद गर्व का दिन है। कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। संविधान में ही देश के सिद्धान्त और उसको चलाने के तौर तरीके होते हैं। यह सविंधान ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है।

जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारा ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं। इस संविधान दिवस पर हमें जीवन भर अपने मौलिक कर्तव्यों और देश का कानून का पालन करने का प्रण लेना चाहिये। देश का अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनने से न सिर्फ संविधान का मकसद पूरा होगा बल्कि संविधान निर्माताओं के सपनों के राष्ट्र का निर्माण होगा। जिला जेल फरीदाबाद के बन्दियों द्वारा भी संविधान दिवस को पूरे उत्साह व उमंग से मनाया गया। जेल में सभी बन्दियों ने अपनी अपनी बैरक के आंगन में खड़े करके जेल रेडियो के माध्यम से श्री जयकिशन छिल्लर अधीक्षक जेल द्वारा संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई।

# जिला व पंचायत समिति सदस्यों के चुनावों की मतगणना आज

## डीएवी स्कूल सेक्टर-14, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर -3 व शिव कालेज तिगांव में होगी मतगणना

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**हरियाणा** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फरीदाबाद में जिला परिषद के 10 वार्ड और सभी खंडों में पंचायत समिति के सदस्य पद के लिए डाले गए मतों की गिनती मतगणना रविवार, 27 नवंबर को प्रात: आठ बजे से सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के हाल, सेक्टर-3 सीनियर सेकेंडरी स्कूल व शिव महाविद्यालय तिगांव में की जाएगी। जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व तिगांव खंड की मतगणना गिनती मतगणना रविवार, 27 नवंबर को प्रात:8 बजे से सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के हाल, सेक्टर-3 सीनियर सेकेंडरी स्कूल व



शिव महाविद्यालय तिगांव में की जाएगी। उन्होंने जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए के सभी प्रत्याशियों को निर्देश दिए कि वे स्वयं या उनके चुनाव अभिकर्ता मतगणना के लिए निर्धारित तिथि व समय अनुसार मतगणना स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

**आज रहेगा ड्राई डे :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला में रविवार, 27 नवंबर को होने वाली जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से रविवार, 27 नवंबर को ड्राई-डे रहेगा। इस दौरान हरियाणा शराब लाइसेंस नियम 1970 व हरियाणा आबकारी पॉलिसी 2022-23 के तहत शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब तथा अन्य संस्थान में शराब बेचने व परोसने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी।

**म्हारी पंचायत पोर्टल पर अपडेट:** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला में रविवार, 27 नवंबर को होने वाली जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना के मद्देनजर हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा म्हारी पंचायत पोर्टल http://prielections.nic.in पर मतगणना से संबंधित लाइव अपडेट उपलब्ध कराया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने लैपटॉप, डेस्कटॉप या स्मार्ट फोन पर म्हारी पंचायत पोर्टल खोलकर मतगणना से संबंधित लाइव अपडेट देख सकता है।

## मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर रणबीर की टीम ने लड़ाई झगड़े के मुकदमे में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम खुश है। जो फरीदाबाद के एनआईटी-1 का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ 20 नवंबर को लड़ाई झगड़ा, मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने पड़ोसी सुनील के साथ मारपीट की थी।

पुलिस में दी गई शिकायत के अनुसार पीड़ित सुनील के बेटे हार्दिक ने बताया कि उनके पिता घर के सामने नाई की दुकान में कटिंग करवा रहे थे कि थोड़ी देर बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडे के साथ उसके पिता सुनील पर हमला कर दिया। जिसमें उसके पिता को चोट पहुंची और उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी खुश को बाटा चौक से काबू कर लिया।

# संक्षिप्त समाचार

## 26/11 हमले में हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर 26/11 मुम्बई आतंकी हमले मे शहीद हुए भारत माता के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन वन्दन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा हमारे वीरों ने अपनी जान पर खेलकर नागरिकों को बचाया। आतंकवादियों को ढेर कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इन वीरों की मेहरबानी से हम खुली हवा मे सांस ले रहे हैं। सभी से निवेदन किया कि इन महानुभावों की जयंती तथा पुण्यतिथि पर इन्हें नमन अवश्य किया करें। इस अवसर पर पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट, पं करण पाराशर इंजिनियर, राजेश, अनुराग, साहिल, दीपक, श्रवण, रोहित, रामजीलाल, मोहित सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नचौली कॉलेज में मनाया संविधान दिवस



**फरीदाबाद।** महाविद्यालय की राजनीति शास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर शालिनी तुली ने इस अवसर पर छात्राओं को 26 नवंबर की महत्व बताते हुए संविधान निर्माण कार्य के विभिन्न चरणों से अवगत कराया। उन्होंने संविधान निर्माताओं को देश को एक सुंदर, मजबूत एवं व्यापक संविधान देने के, उनके दृढ़ संकल्प को नमन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या, डॉ. सुनिधि ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें सदा देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारा बनाए रखने के हमारे संविधान निर्माताओं के सपने को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को देश के संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर डॉ सुशील कुमार वर्मा ने भी छात्राओं को संबोधित करा और उन्हें संविधान निर्माण से जुड़े नेताओं एवं विशेषज्ञों की जानकारी दी। कार्यक्रम में 150 छात्राओं ने प्रस्तावना का मंचन कर देश के प्रति अपने स्नेह एवं कर्तव्य-परायणता का परिचय दिया। इस अवसर पर सतीश दीपक, सुमित एवं पवन भी उपस्थित रहे।

## एनएचपीसी में मनाया गया संविधान दिवस



**फरीदाबाद।** एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी ने अपने सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और यूनिटों में भारत के संविधान को अपनाने का स्मरण करते हुए 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर वाईके चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़े एनएचपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की उद्देशिका पढ़ी।

## समाज सुधार में विश्व हिंदू परिषद की अहम भूमिका



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद द्वारा स्थापना, उद्देश्य, चुनौती और समाधान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के प्रेरणादायक भाषण से हुई। प्राचार्य ने समाज सुधार में विश्व हिंदू परिषद की अहम भूमिका की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक किया। मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद बृजेश कुंतल, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख ने सभी विद्यार्थियों को परिषद के उद्देश्य व स्थापना के बारे में बताते हुए इसके विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद के साथ हुई थी। विहिप का उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना, सामाजिक एकता को बनाए रखना और समाज की सेवा करना है। भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विहिप को एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी, और लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में परिषद के फरीदाबाद शाखा के सदस्य सतीश व सुनील भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग द्वारा किया गया।

## स्काउट एंड गाइड की टीम रही नेशनल चैंपियन




**फरीदाबाद।** हरियाणा के सिरसा में हुए भारत स्काउट एंड गाइड रोजर एवं रेंजर नेशनल एकीकरण शिविर में फरीदाबाद के स्काउट एंड गाइड की टीम ओवर ऑल चैंपियन घोषित की गई। इस टीम ने 7 प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एक प्रतियोगिता में दूसरा स्थान तथा तीसरी प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस शिविर में देश भर से 19 राज्यों के भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने हिस्सा लिया था। शिविर 22 से 26 नवंबर तक चला। जिला शिक्षा अधिकारी डा. मुनीष चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी बच्चे इसी तरह जिले और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट के डायरेक्टर राजकुमार कौशिक, गाइड की डायरेक्टर दर्शना, कार्यक्रम के डायरेक्टर अरूप सरकार, जबकि प्रदेश के एल एस वर्मा एसओसी, रोमा सपरा, नीलम गिल ने बच्चों को ओवरऑल ट्रॉफी देकर हर्ष जाहिर किया।

## संविधान दिवस पर व्याख्यान और जागरूकता

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संविधान दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस द्वारा संविधान दिवस पर व्याख्यान एवम क्विज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, स्काउट्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि संविधान और संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। 1976 में 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम के द्वारा प्रस्तावना में संशोधन किया गया था अब तक प्रस्तावना में यद्यपि एक ही बार संशोधन हुआ है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने जूनियर रेडक्रॉस, ब्रिगेड और लीगल लिटरेसी क्लब सदस्यों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम संयोजन में प्राध्यापिका प्रज्ञा, धर्मपाल शास्त्री, गीता और सीमा का विशेष सहयोग रहा। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि पोस्टर द्वारा बालिकाओं ने संविधान में देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, सरकार की भूमिका, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के निहित अधिकारों का वर्णन किया। प्राचार्य मनचंदा ने संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया।

# 26/11 मुम्बई हमले के शहीदों को शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

## सिविल लाइन स्थित शहीद स्मारक पर किए पुष्प अर्पित

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**पुलिस** शहीद फाउंडेशन हरियाणा द्वारा शनिवार को 26/11 मुम्बई हमले के शहीदों को यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हाल परिसर में बने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि समारोह में गुरुग्राम पुलिस की ओर से पुलिस बल सब-इंस्पेक्टर चंदन सिंह की अगुवाई में विशेष तौर पर उपस्थित रहा।

इस अवसर पर पुलिस शहीद फाउंडेशन हरियाणा के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने कहा कि शहीद देश की धरोहर होते है, जो देश के मान ओर सम्मान को बरकरार रखते हैं। वीर शहीदों की वजह से ही हम आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क द्वारा भेजे गए 8 आतंकवादियों का एक ग्रुप पानी के रास्ते मुंबई में आया और ताज होटल सहित पूरी मुंबई में खून खराबा किया। जिसमें पुलिस के काफी संख्या में अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारी, आमजन भी बलिदान हो गए थे। हम सब का कर्तव्य बनता है कि पूरा देश 26/11 के सभी बलिदानियों को श्रद्धांजलि और नमन करके उनके बलिदान की याद करें।



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित शहीद स्मारक पर मुंबई हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन करते लोग।

**खिलाड़ियों की तरह शहीदों के परिवारों को मिले सुविधाएं : मैनी**

**फाउंडेशन** के महासचिव दीपक मैनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार से अपील की है कि जिस तरह से देश के खिलाड़ियों को गोल्ड जितने पर करोड़ों रुपये सरकार से मिलते हैं। मान सम्मान के साथ-साथ सरकारी नौकरी भी मिलती है, उसी तरह देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीदों के परिवारों को भी वही करोड़ों रुपये, मान सम्मान और सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के जिला अध्यक्ष पीके गुप्ता, महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, कादीपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीपाल शर्मा, पुलिस फॉउंडेशन के सचिव अमन गुप्ता, डीपी गौड़ आदि उद्योगपतियों ने भी संबोधित करते हुए एक स्वर में आंतकवाद को पूरे विश्व में जड़ से मिटाने का आह्वान किया।

# चार नए सेक्टर को मानेसर नगर निगम में शामिल कर सीएम ने दी सौगात : सुंदर लाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


सीएम मनोहर लाल।


विधायक सत्यप्रकाश जरावता।


सरपंच सुंदर लाल यादव।


सुभाष यादव।


अमरेश मिश्रा।


नितिन कक्कड़।


पूरन सिंह।


ओमबीर सिंह।

**नगर** निगम मानेसर में चार नए सेक्टर को शामिल करने के लिए 13 फरवरी 2021 को मानेसर के ऑडिटोरियम में रखी गई मांग पर सरकार की मुहर लग गई है। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव सरपंच ने सरकार के इस निर्णय पर कहा कि सेक्टर-76, 83, 84 व 88 को मानेसर नगर निगम में शामिल किए जाने से इन क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों को अब और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। सेक्टर-83 में पाम गार्डन, लाईफ स्टाइल, जी-21, सिटी होम, मैपस्को पैराडाइज, के-ब्लॉक, जे-ब्लॉक और सेक्टर-84 में अंतरिक्ष हाइट्स, पीवीटीएल दीवान ग्रुप, गुड़गांव वन, कोरलवुड, एसएस ओमानिया, स्पेज ग्रुप और वाटिका पी-ब्लॉक शामिल हैं। इसके अलावा भी कई सोसायटी भी इन सेक्टर के अधीन हैं।

मानेसर नगर निगम का दायरा बढ़ाने के निर्णय पर सरपंच सुंदर लाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का आभार और धन्यवाद किया है। सुंदर लाल यादव ने बताया कि 13 फरवरी 2021 को मानेसर के ऑडिटोरियम में इस विषय पर मांग रखी गई थी। सरकार की ओर से आश्वासन दिया गया था कि इस पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन चारों सेक्टर में करीब 20 रिहायशी सोसायटी बनी हुई हैं, जिनमें करीब 30 हजार लोग रहते हैं। इन क्षेत्रों में नगर निगम में शामिल करके सरकार ने इनके विकास का नया रास्ता तैयार किया है। लाइफ स्टाइल सोसायटी सेक्टर-83 आरडब्ल्यूए के प्रान अमरेश मिश्रा, गुड़गांव वन सोसायटी सेक्टर-84 के आरडब्ल्यूए प्रधान नितिन कक्कड़, वाटिका के-ब्लॉक सेक्टर-83 आरडब्ल्यूए के प्रधान ओमबीर सिंह, कोरलवुड सोसायटी सेक्टर-84 आरडब्ल्यूए के प्रधान पूरन सिंह, सिटी होम सोसायटी सेक्टर-83 के आरडब्ल्यूए प्रधान सुभाष यादव ने सरकार के इन निर्णय को सराहा है। उन्होंने कहा कि अब इन क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

# हरियाणा में अब तक 18 करोड़ रुपये सरचार्ज के रूप में किए माफ

## गुरुग्राम सर्कल-1 में 236 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 21.87 लाख रुपये माफ

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**दक्षिण** हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा बिजली बिल सरचार्ज माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। बिजली निगम द्वारा उपभोक्ताओं को 1840.04 लाख रुपये का सरचार्ज माफकर दिया है। 14996 उपभोक्ताओं ने अपनी बकाया राशि खत्म करते हुए 2616.41 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। गुरुग्राम सर्कल-1 में 236 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 21.87 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 114.36 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।

प्रदेश में अभी तक 14996 उपभोक्ताओं ने इसका लाभ उठाया है। जिसमें सिंचाई, जन स्वास्थ्य,पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम आदि सरकारी विभागों के 17 तथा निजी 14979 उपभोक्ता शामिल हैं। अन्य बकायादार उपभोक्ता भी 30 नवंबर से पहले इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। गुरुग्राम सर्कल दो में 1132 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 86.27 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 329.89 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।


डीएचबीवीएन के एमडी पीसी मीणा।

**गुरुग्राम के अलावा 9 अन्य जिलों ने भी लिया लाभ** : दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक पीसी मीणा ने बताया कि फरीदाबाद सर्कल में 869 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 123.70 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 365.84 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। पलवल सर्कल में 1799 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 110.46 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 269.07 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। रेवाड़ी सर्कल में 2308 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 26.27 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 126.98 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। नारनौल सर्कल में 1209 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 57.64 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 169.40 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। भिवानी सर्कल में 2322 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 295.47 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 379.16 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। जींद सर्कल में 2443 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 904.34 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 441.14 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। हिसार सर्कल में 967 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 142.00 लाख रुपये माफकर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 197.64 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं। फतेहाबाद सर्कल में 1086 उपभोक्ताओं का सरचार्ज 50.53 लाख रुपये माफ कर दिया गया है। उन्होंने अपने बकाया बिल के 139.47 लाख रुपये जमा करवा दिए हैं।

# संविधानवाद, संविधान से अधिक महत्वपूर्ण : डॉ. वाघेश्वरी देसवाल

## एमडीयू के गुरुग्राम में सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित एमडीयू के गुरुग्राम में सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

**महर्षि** दयानंद विश्वविद्यालय के यहां सेक्टर-40 स्थित सेंटर फॉर एलाइड एंड प्रोफेशनल स्टडीज (सीपीएएस) में संविधान दिवस के अवसर पर भारत में संविधान और संविधानवाद: उभरते दृष्टिकोण विषय पर अंतर विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. कैलाश कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए मुख्य वक्ताओं का स्वागत किया एवं संगोष्ठी के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला।

दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. डॉ. वाघेश्वरी देसवाल मुख्य अतिथि के तौर पर अपने संबोधन में संविधान के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। उसकी महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने समय-समय पर होने वाले संवैधानिक संशोधनों, नवीन कानूनों का निर्माण और वर्तमान में लागू कानूनों में संशोधन को संविधानवाद का जरिया बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधानवाद, संविधान से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसे से संविधान की संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य की भावना को आत्मसात किया जा सकता है।

मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की डीन एवं विभागायध्क्ष प्रो. डॉ. कविता ढुल ने अपने वक्तव्य में संगोष्ठी की विषय वस्तु को सारांश में सभागार में उपस्थित श्रोताओं के सम्मुख विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय संविधान को प्रगतिशील बताया। अल्पसंख्यकों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास और उनके अधिकारों की रक्षा करके समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता बताया। विषय विशेषज्ञों ने व्याख्यान उपरांत विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। संगोष्ठी सचिव डॉ. संदीप अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न राज्यों के 80 से अधिक शोधार्थियों ने 16 समानांतर तकनीकी सत्र में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। संगोष्ठी सचिव डॉ. अनुपम आचार्य ने मंच संचालन किया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. सुरेंद्र कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। प्रस्तावना पाठ समारोह और भारत के संविधान की पालन करने की प्रतिबद्धता के साथ सत्र का समापन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आये एवं सेंटर के प्राध्यापक, विद्वान, शोधार्थी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महिला को पता ही नहीं, उसके नाम से फर्जीवाड़े पर चल रही फॉर्च्यूनर गाड़ी

**गुरुग्राम।** एक सामान्य परिवार की रहने वाली सुशीला के उस समय होश उड़ गए, जब उन्हें पता चला कि उनके नाम से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी निकली हुई है। साल 2013 में निकलवाई गई इस गाड़ी के बारे में उन्हें अभी तक कुछ नहीं पता था। साफ बात है कि किसी ने उनके कागजातों का दुरुपयोग करते हुए यह गाड़ी निकलवाई है।

यहां थाना शहर में पुलिस को दी शिकायत में सुशीला पत्नी जगप्रवेश निवासी मकान नंबर-169/8, जैकबपुरा ने कहा कि उसकी ई-मेल आईडी पर एक आईसीआईसीआई लोम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी की ओर से एक मेल आई। उसमें गाड़ी नंबर-एचआर-26-सीडी-0318 (टोयोटा एंड फॉर्च्यूनर एफबी) का इंश्योरेंस करवाने का मैसेज दिया गया। गाड़ी की इंश्योरेंस पॉलिसी 5 दिसम्बर 2022 को खत्म हो रहा है। इंश्योरेंस अपडेट कराने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर कॉल भी आई, लेकिन उन्होंने मना कर दिया कि उनके पास कोई गाड़ी ही नहीं है। इसके बाद भी कई बार ई-मेल इंश्योरेंस के लिए भेजी गई।

सुशीला ने बताया कि डीजल की यह टोयोटा एंड फॉर्च्यूनर एफबी गाड़ी 8 साल 11 महीने पहले 13 दिसम्बर 2013 को एसडीएम गुरुग्राम कार्यालय में पंजीकृत हुई है। वह हैरान रह गई कि उन्होंने तो कभी गाड़ी निकलवाई ही नहीं। यह गाड़ी उनके ही घर के पते पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी में नोमिनी के स्थान पर किसी करण यादव (33 साल) का नाम दर्ज है। सुशीला ने बताया कि जिस ई-मेल आईडी पर इंश्योरेंस का मैसेज आया है, यह ई-मेल उन्होंने वर्ष 2017 में बनाई है, जबकि गाड़ी इसके 4 साल पहले 2013 में निकलवाई गई है।

कोई लगातार उनके कागजों के बारे में जानकारी लेता रहा है। उनके निजी कागजातों से किसी ने यह फर्जीवाड़ा करके गाड़ी निकलवाई है। ऑनलाइन जानकारी लेने पर पता इस गाड़ी का आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे (यूपी) में 25 अक्टूबर, 2021 को इस गाड़ी का 2000 रुपये का चालान भी कटा हुआ है।चालान में मकान नंबर-2, ब्लॉक-1, गांव पलड़ा, जिला गुरुग्राम पता दर्ज है। उन्होंने पुलिस से आग्रह किया है कि इस गाड़ी की तलाश करके जब्त किया और इतना बड़ा फर्जीवाड़ा करने वालों को गिरफ्तार करके सजा दिलाएं।

# हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाए

## नवीन गोयल ने प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर लगाई त्रिवेणी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**विश्व** पर्यावरण संरक्षण दिवस पर शनिवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग जिला गुरुग्राम की टीम ने बिजली बोर्ड कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल ने त्रिवेणी लगाई।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने सभी को प्रकृति के संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हमें इस दिशा में लगातार काम करने की जरूरत भी है। उनकी ओर से शहर में धूल-मिट्टी दबाने के लिए पानी की छिड़काव किया जा रहा है। शहर की सभी सड़कों पर टैंकरों के मायध्म से छिड़काव, पेड़ों पर जमी मिट्टी पर छिड़काव जारी है। श्री गोयल ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी पर्यावरण संरक्षण की है। पर्यावरण बचाने के लिए प्रदेश सरकार भी जनता को जागरुक करने के साथ जरूरी कदम उठाती है। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा अपनी जिम्मेदारी समझकर काम पर्यावरण सुधार का काम करती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में प्रकृति विशेष महत्व रखती है। प्रकृति को सहेजकर रखें। श्रीगोयल ने कहा कि पूरी दुनिया के मौसम और जलवायु में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ता जा रहा है। ऐसे में अब समय आ गया है जब हम सबको पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ प्रकृति के संरक्षण के बारें में सोचना होगा। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है, जो हमें हमारे जीवन में प्रकृति के महत्व की याद दिलाता है। इसे संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग के जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, सह-संयोजक ईशू वाल्मीकि, उमेद दलाल, राजकुमार शर्मा, कपूर सिंह, बाली पंडितजी, कर्म सिंह गिल, गगन गोयल, सुधीर कलसन उपस्थित रहे।


गुरुग्राम की बिजली बोर्ड कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण करते नवीन गोयल व सहयोगी।

# शिविर में हुई 72 बच्चों की नि:शुल्क दंत चिकित्सा

**गुरुग्राम।** झाड़सा गांव सेक्टर-39 ईली लिली कंपनी व समाज सेवी संस्था हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के द्वारा संचालित कदम स्टेप-उप प्रोजेक्ट में दन्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत परियोजना अधिकारी नेकराम द्वारा की गई।

शिविर में मैक्स हॉस्पिटल की डा.वसुधा मलिक ने सभी बच्चों को दांत के प्रति विशेष ध्यान रखने के बारे में जागरूक किया। बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने व मीठा कम खाने की सलाह दी। उसके बाद शिविर में 72 बच्चों के दांत की निशुल्क जांच की। जांच के बाद 19 बच्चों को विशेष रूप से साफ -सफाई व दोबारा से डेंटल हॉस्पिटल में जांच कराने की सलाह दी।

# बिजली के क्षेत्र में हरियाणा के आत्मनिर्भर होने से कांग्रेस को लगा करंट : डा. संजय शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में हरियाणा का आत्मनिर्भर होने से कांग्रेस को हाई वोल्टेज करंट लग रहा है। हरियाणा का आत्मनिर्भर होना हजम नहीं हो रहा है। मनोहर सरकार ने राज्य के लोगों को 24 घंटे बिजली देकर कांग्रेस व तमाम राजनीतिक पार्टियों से उनका चुनावी मुद्दा छीन लिया है।

श्रीशर्मा ने कहा कि भाजपा की ईमानदार मनोहर सरकार की नीतियों का डंका अब प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में बज रहा है। दूसरे राज्य भी हरियाणा की नीतियों का अनुसरण कर रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दूसरे राज्यों से हरियाणा की नीतियों का अनुसरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा बिजली का मुद्दा उठाकर अपनी खीज उतार रहे हैं। कांग्रेस के शासनकाल में हरियाणा की जनता बिजली और पानी को लेकर सड़कों पर प्रदर्शन करती रहती थी। 48 वर्षों से बिजली को मुद्दा बनाकर कांग्रेस समेत दूसरी पार्टियां राज करती आ रही थी, लेकिन 2014 के बाद भाजपा की मनोहर सरकार ने उनकी राजनीतिक दुकानें बंद कर दी। ऐसे में अब पूर्व सीएम हुड्डा को आने वाले चुनाव में कोई मुद्दा नजर नहीं आ रहा है। डा. शर्मा ने कहा कि भाजपा ने जो वादा किया उसे पूरा करके दिखाया है।


डा. संजय शर्मा।

डा. संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हरियाणा के सिर्फ 508 गांवों को 24 घंटे बिजली मिलती थी। 2014 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद इन आठ सालों में हरियाणा के 5681 गांव जगमग हो रहे हैं।

# युवा समारोह में 42 प्रतियोगिताओं में 600 विद्यार्थी भाग लेंगे

## स्थानीय कॉलेज के 75 विद्यार्थी ले रहे हैं भाग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**स्थानीय** निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महा विद्यालय में होने वाले तीसरे युवा महोत्सव में 600 विद्यार्थी 42 अलग-अलग प्रतियोगिता में धमाल मंचाएंगे। जिसमें स्थानीय कॉलेज के 75 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

निरंकारी महाविद्यालय में 2 दिसंबर से शुरू होकर 4 तक चलने वाले युवा समारोह को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही हैं। स्थानीय निरंकारी कॉलेज तीसरी बार युवा समारोह की मेजबानी कर रहा है। जिस पर 25 लाख रुपये खर्च होंगे। 25 लाख में से 12 लाख रुपये निरंकारी कॉलेज और 13 लाख रुपये गुरूग्राम यूनिवर्सिटी खर्च करेगी।



सोहना के निरंकारी कॉलेज में प्रेसवार्ता करते आयोजक।

जिसमें करीब डेढ़ दर्जन कॉलेजों के करीब 600 विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें समूह गान, समूह नृत्य, कव्वाली, थियेटर, मोनो एक्टिंग, कविता पाठ, शास्त्रीय संगीत आदि शामिल हैं।

युवा महोत्सव विजेता प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रिंसिपल डा. एमएस खत्री, डा. डीपी सिंह, प्रेरणा शर्मा शेखर आदि मौजूद थे।

### ये होंगे मुख्य अतिथि

**चार** दिनों तक चलने वाले युवा महोत्सव में उद्घाटन अवसर पर निरंकारी मंडल के सचिव व मैम्बर इंचार्ज जोगिंद्र सुखीजा मुख्य अतिथि होंगे। जो समारोह का उद्घाटन करेंगे। जबकि समापन व पारितोषिक वितरण पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के उप कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार मुख्यातिथि होंगे। जो विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के सीएससी संचालक पैसे मांगें तो करें शिकायत

**गुरुग्राम।** अगर को सीएससी संचालक आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए पैसे मांगता है तो उसकी शिकायत करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के कोई पैसे नहीं ले सकता। ये बिल्कुल नि: शुल्क बनाए जा रहे हैं। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी तथा कॉमन सर्विस सेंटर के बीच हुए एमओयू के बाद अब लोगों को पीवीसी (पोलिविनाइल क्लोराइड) आयुष्मान कार्ड मुफ्त दिए जाएंगे।

जिला में 270 सीएससी केंद्रों पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई चिरायु योजना के तहत अंत्योदय परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 हजार रुपये से कम हैं, उनको इस कार्ड के आधार पर पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अभी तक गुरुग्राम जिला में 70 हजार के करीब कार्ड बनाए जा चुके हैं। ये कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को केवाईसी करवानी जरूरी है। अंत्योदय परिवारों के योग्य पात्र कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर अपना केवाईसी बनवाए, जो कि आधार कार्ड से लिंक होगा। उसके बाद आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा।

एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि चिरायु योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज कराने वाले लोगों को इस कार्ड को बनाने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं देनी होगी। यह कार्ड अब जिले के सीएससी में मुफ्त में बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई सीएससी संचालक लाभार्थी से किसी भी प्रकार के शुल्क की मांग करता है तो वे अपनी शिकायत भेज सकते हैं।


**पहले पेपर और बाद में मिलेगा पीवीसी प्रिंटेड कार्ड** : सीएससी के जिला प्रबंधक दीपक ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को पहले पेपर आधारित कार्ड दिया जाएगा। फिर इसके बाद एक पीवीसी प्रिंट किया हुआ कार्ड दिया जाएगा। इस पीवीसी आयुष्मान कार्ड को किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर से प्राप्त किया जा सकेगा।

# इंडिया कस्टमर सर्विस में एमजी लगातार दूसरे साल शीर्ष पायदान पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** में वाहनों के मालिक अपने सर्विस अनुभव के दौरान बेहद सक्रिय रूप से सर्विस के बारे में सलाह आधारित बातचीत को बेहद अहमियत देते हैं। यह बात जेडी पावर 2022 इंडिया कस्टमर सर्विस इंडेक्स (सीएसआई) स्टडी एसएम में सामने आई है, जिसे आज जारी किया गया है। 2021 से लंबे अंतराल के बाद जेडी पावर ने नील्सन आईक्यू के साथ मिलकर इंडिया कस्टमर सर्विस इंडेक्स (सीएसआई) स्टडी को दोबारा जारी किया गया है।

सर्विस सलाहकारों से होने वाली बातचीत में कई तत्व शामिल होते हैं। जिसमें संपूर्ण मल्टी-प्वाइंट चेक, सर्विस रिक्वेट की पुष्टि, समीक्षा और सर्विस के पहले और बाद की समीक्षा और व्याख्या का अनुभव शामिल है। इसके अलावा नियमित तौर पर मिलने वाला स्टेटस अपडेट भी इसमें शामिल है, जिसे ग्राहक प्राथमिकता देते हैं। स्टडी के मुताबिक उन ग्राहकों की संतुष्टि



इंडेक्स प्वाइंट (1000 प्वाइंट के स्केल पर) में 25 अंक (863 बनाम 838) का उछाल आया, जिन्हें उनकी तरफ से उठाए गए सभी मुद्दों को संबोधित करते हुए उन्हें अपडेट दिया गया।

नील्सन आईक्यू में ऑटोमोटिव प्रैक्टिस इंडिया के लीड संदीप पांडे ने कहा, सलाहकारों की सलाह से स्पष्ट, सक्रिय और समय पर संवाद ग्राहकों से जुड़ाव के प्रति एक स्पष्ट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। जो डीलरशिप सेवा की गुणवत्ता और ग्राहकों के साथ चर्चा दोनों डिलीवर करने में सक्षम है, वे ज्यादा मजबूत सिफारिश और ग्राहकों को अपने साथ बनाए रखने की उम्मीद कर सकते हैं।''

**2022 के अध्ययन के अतिरिक्त प्रमुख ये हैं निष्कर्ष** : कार्य की गुणवत्ता संतुष्टि के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। तीन चौथाई से अधिक (80 फीसद) ग्राहकों ने माना कि सेवा गुणवत्ता को पूरा किया गया, जिसमें अनुरोध किए गए सभी काम को पूरा करना, पहली बार किए गया काम और वाहन की साफ सफाई शामिल है। इनमें से किसी भी एक काम के पूरा नहीं होने की स्थिति में संतुष्टि अंक में 22 अंकों की गिरावट आती है।

**युवा ग्राहकों को खुश करना मुश्किल काम** : मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड के ग्राहकों को अन्य ग्राहकों की पीढ़ी के मुकाबले संतुष्ट करना मुश्किल है। इनका समग्र संतुष्टि अंक 822 रहा, जो औसत से 22 अंक नीचे है। सेवा की गुणवत्ता और बातचीत दोनों के दौरान में किसी भी चूक को लेकर यह पीढ़ी ज्यादा सजग है।

# मुल्क की रूह है भारतीय संविधान, हिफाजत जरूरी : विधायक आफताब

## संविधान निर्माता भारत रत्न डा. डा. भीमराव अंबेडकर को यादकर उनके योगदान को सराहा

## संगोष्ठी में मुख्य वक्ता सीनियर एडवोकेट शौकत कैराका और महताब अहमद रहे

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**कांग्रेस** मुख्यालय पर शनिवार को कांग्रेस विधायक दल के उप चौधरी आफताब अहमद की मौजूदगी में संविधान दिवस मनाया गया। जिसमें विस्तार से संविधान की जानकारी देकर रोशनी डाली। इस मौके पर संविधान निर्माता भारत रत्न डा. रत्न डा. भीमराव अंबेडकर को यादकर उनके योगदान को सराहा गया। इस संगोष्ठी के मुख्य संगोष्ठी के मुख्य वक्ता सीनियर एडवोकेट शौकत कैराका ने की। पीसीसी सदस्य महताब अहमद मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी, संविधान सभा के सदस्य चौ रणवीर सिंह की जयंती के अवसर पर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की। संविधान दिवस के अवसर पर विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को देश में लागू किया। आफताब अहमद ने कहा कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों और युवाओं संविधान के प्रति जागरूक किया जाए।

सीनियर एडवोकेट शौकत कैराका ने कहा कि जब-जब देश की गणतंत्रता की बात होगी, तब-तब देश के संविधान का नाम आना स्वाभाविक है। हमारा संविधान अनूठा संविधान है। संविधान को बनाने के लिए संविधान-सभा बनाई गई थी, जिसका गठन स्वतंत्रता पूर्व ही



दिसम्बर, 1946 को हो गया था। संविधान को निर्मित करने के लिए संविधान-सभा में अलग-अलग समितियां बनाई गयी थी। इसका मसौदा बनाने का जिम्मा प्रारूप-समिति को दिया गया था, जिसके अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर थे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि हमारे भारत का संविधान दुनिया का सबसे अच्छा संविधान माना जाता है। इसे दुनिया भर के संविधानों का अध्ययन करने के बाद बनाया गया है। उन सभी देशों की अच्छी-अच्छी बातों को आत्मसात किया गया है। संविधान की नज़र में सब एक समान है। सबके अधिकार और कर्तव्य एक समान है। इसकी दृष्टि में कोई छोटा नहीं, कोई बड़ा, न ही अमीर, न ही गरीब। सबके लिए एक जैसे पुरस्कार और दंड का विधान है।

चौधरी आफताब अहमद ने कहा कि आज संविधान को बचाने की सख्त जरूरत है, मौजूदा सरकार संविधान व लोकतांत्रिक ढांचे को कमज़ोर करने का काम कर रही है। संविधान को मजबूत करने की जिम्मेदारी सभी की है, आज सभी को मिलकर इस की हिफाजत करनी है। उन्होनें राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा को संविधान लोकतंत्र बचाने की शानदार पहल बताया। इस दौरान शौकत एडवोकेट, पीसीसी सदस्य शरीफ अडबर, नईम फिरोजपुर नमक, शहाबु कैराका, हारून टाई, आसिफ चंदेनी, पवन तावडू, मदन तंवर नूह, अकरम रजा एडवोकेट, ताज मौ टपकन, जमील सरपंच टाई, हाजी अब्बास जयसिंहपुर, हमीदा सरपंच सलम्बा, हाजी गुडडू फिरोजपुर नमक, फराहीम दिहना, हाजी बसीर सालाहेड़ी, मंजूर मेवली, रहमान मेवली, अब्दुल्ला मेवली, ताहिर सलम्बा, जान मौ दिहाना, जफरू पार्षद मेवली, छोटा मेवली नरेश शर्मा, मुस्ताक घासेड़ा, इमरान भपावली, फारुख गांडुरी, नसीम चंदेनी, जहीर बड़वा सगीर गोलपुरी, शमीम रहनिया, अल्ताफ डीके, व अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### दो साल, 11 महीने और 18 दिन में संविधान

**पीसीसी** सदस्य महताब अहमद ने कहा कि देश का कानून ही संविधान है। इसे पूर्णत: बनने में 2 साल, 11 महीनें और 18 दिनों का वक्त लगा। इसके लिए 114 दिनों तक बहस चली। कुल 12 अधिवेशन किए गये।

### ये लोग भी रहे संविधान निर्मात्री सभा में

**संविधान** सभा के प्रमुख सदस्यों में 'पंडित जवाहर लाल नेहरू', 'डा. भीमराव अम्बेडकर', 'डा. राजेन्द्र प्रसाद', 'सरदार वल्लभ भाई पटेल,' 'मौलाना अब्दुल कलाम आजाद' आदि थे।

### 448 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं अब

**भारत** के संविधान में शुरूआत में 395 अनुच्छेद, 22 भाग और 8 अनुसूचियां थी, जो अब बढ़कर 448 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियां हो गयी हैं।

# नूंह पुलिस ने ली भारतीय संविधान के प्रति निष्ठावान की शपथ

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**संविधान** दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक नूंह वरुण सिंगला ने कहा कि किसी भी देश का संविधान उसकी पहचान होती है। उन्होंने कहा कि संविधान ही किसी भी देश का राजनैतिक व सामाजिक व्यवस्था का बुनियादी ढांचा निर्धारित करता है, जिसके तहत उसकी जनता शासित होती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संविधान राज्य की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे प्रमुख अंगों की स्थापना करता है। उसकी शक्ति की व्याख्या करता है तथा उनके दायित्वों का सीमांकन करता है।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि संविधान उनके संस्थापकों एवं निर्माताओं के आदर्शों व सपनों के मूल्यों का दर्पण होता है। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा की ओर से संविधान पारित किया गया, जिन्हें भारतीय लोकतंत्र का आधार कहा जाता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारत में नए गणराज्य के संविधान का शुभारंभ 26 जनवरी 1950 को हुआ था। भारत अपने लंबे इतिहास में प्रथम बार एक आधुनिक संस्थागत ढांचे के साथ पूर्ण संसदीय लोकतंत्र बना। भारतीय संविधान में देश के सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्राप्त हैं ।

इस कड़ी में जिला पुलिस द्वारा लघु सचिवालय नूंह की तृतीय मंजिल पर स्थित जिला पुलिस कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया। वरुण सिंगला पुलिस अधीक्षक नूंह ने भारतीय संविधान के निर्माण दिवस के मौके पर भारतीय संविधान उद्देशिका पढ्ने के बाद मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों तथा अन्य स्टाफ को संविधान के प्रति सत्य व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई।

इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर जिला नूंह पुलिस के प्रत्येक थाना/स्टाफ एवं चौकी स्तर पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा भारतीय संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ ली गई।

## सामूहिक दुष्कर्म दहेज उत्पीड़न व मार पीट में केस दर्ज

**फिरोजपुर झिरका।** खंड नगीना के एक गांव की रहने वाली युवती ने अपने ससुराल वालों पर सामूहिक दुष्कर्म करने, दहेज उत्पीड़न और मारपीट करने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छानबीन और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

नगीना क्षेत्र की रहने वाली युवती का आरोप है कि उसकी शादी कई साल पहले जिला भरतपुर तहसील गोपालगढ़ के एक गांव में हुई थी। दहेज कम मिलने के कारण ससुराल वाले उसे बार-बार प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि इस बार तो ससुराल वालों ने न केवल सामूहिक दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट करके घर से भगा दिया। आरोप है कि उससे कहा कि जब तक हमारे लिए नई गाड़ी और दो लाख रुपए नगदी नहीं लाती तेरे साथ ऐसे ही करते रहेंगे।

# मतगणना : नूंह में 1200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मी होंगे तैनात

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**मतगणना** के दिन मेवात पुलिस ने 6 जगह बनाए गए स्ट्रांग रूम में डीएसपी तथा इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारियों की अगुवाई में व्यापक संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सभी जगह पर 8-10 नाके लगाए गए हैं ताकि सभी प्रकार से ट्रैफिक व्यवस्था को सुनियोजित तरीके से चलाया जा सके। पुलिस कप्तान ने कहा कि मतगणना में काउंटिंग एजेंट जो अधिकारी हैं, वहां सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस सुरक्षा मतगणना केंद्रों पर लगाई गई है।

वरुण सिंगला पुलिस कप्तान नूंह ने कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलाकर 1200 जवानों की तैनाती की गई है। जिसमें एसपीओ, होमगार्ड, पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक ली है और निर्देश दिए हैं कि



वरुण सिंगला एसपी नूंह।

सभी उम्मीदवारों के साथ बैठक करें और निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के बारे में जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि हार व जीत में किसी प्रकार का जुलूस नहीं निकाला जाएगा।

अगर बिना अनुमति के जुलूस निकाला तो पुलिस प्रशासन सख्त कानूनी कार्रवाई करेगा। मतदान के दिन नूंह जिले में कई जगह हुई चुनावी झड़प को देखते हुए मतगणना के दिन पुख्ता इंतजाम किया है।

# जिप की तीन व पंचायत समिति की 27 सीटों का परिणाम आज

**फिरोजपुर झिरका।** नूंह में पंचायती राज संस्थाओं के 30 अक्टूबर को हुए जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के परिणाम रविवार को ईवीएम के माध्यम से आएंगे। जिसकी तैयारी जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है।

बताते चलें कि जिले में जिला परिषद की कुल 25 और पंचायत समिति की 188 सीटों पर संपन्न हुई वोटिंग के बाद अब इनकी काउटिंग होने जा रही है। फिरोजपुर झिरका में जिला परिषद के वार्ड संख्या 15, 16 और 17 की काउंटिंग होगी। जबकि खंड की 27 पंचायत समितियों के भी काउंटिंग यहां होगी। मतगणना का काम फिरोजपुर झिरका के श्रीशांति सागर जैन कन्या महाविद्यालय में सुबह आठ बजे से शुरू होगा।

वहीं कालेज परिसर में बनाए गए मतगणना केन्द्र पर शासन प्रशासन का सख्त पहरा है। यहां 30 अक्टूबर के बाद से ही पुलिस की गारद तैनात है। इसके अतिरिक्त आज होने वाली मतगणना को देखते हुए केन्द्र पर अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती की गई है। यह मतगणना रिटर्निंग आफिसर दीपक बाबूलाल करवा के नेतृत्व में संपन्न होगी।

# चुनाव का परिणाम जो भी रहे मगर इलाके में भाईचारा कायम रहे : डीएसपी

## सतीश वत्स ने कहा, चुनाव के जनादेश को ससम्मान स्वीकार करें क्षेत्र के लोग

पायनियर समाचार सेवा।फिरोजपुर झिरका

**रविवार** को होने जा रही जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों की मतगणना से पूर्व डीएसपी फिरोजपुर झिरका ने शनिवार देर श्याम थाना परिसर में सभी पंचायत समिति और जिला पार्षद पद के प्रत्याशियों को बुलाकर एक बैठक ली।

डीएसपी सतीश वत्स ने क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों से अपील करते हुए कहा कि रविवार को आने वाले चुनावों के नतीजों का परिणाम जो भी हो उस जनादेश को सह सम्मान स्वीकार करना है और क्षेत्र में आपसी भाईचारा कायम रहे, इस पर विशेष ध्यान देना है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से अपील करते हुए कहा कि चुनावों के परिणाम के बाद कोई भी विजेता विजय जुलस नहीं निकाले। गांव में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी, डीजे या हुडदंगबाजी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि गांव में हुड़दंग बाजी, आतिशबाजी और डीजे बजाने वाले लोगों पर विशेष पैनी नजर पुलिस प्रशासन की रहेगी। ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि पंचायत चुनाव के दौरान भी गांव में जीत के जश्न के बाद झगड़े के कई मामले सामने आए थे । जिससे क्षेत्र में आपसी भाईचारा काफी खराब हुआ लेकिन क्षेत्र के समाजसेवी और कमेटियों के गठन होने के बाद इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगा।

## एसएलएन कार्यक्रम में हुई प्रतियोगिताएं

**फिरोजपुर झिरका।** एफएलएन कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाठखोरी मे क्लस्टर स्तर की पहाड़ों, रामायण मंचन एवम् अध्यापकों द्वारा बाल गीत रचना प्रतियोगिता आयोजित की गई।

जिसमें हसनपुर बिलोंडा, ढाढोली, पाठखोरी, चैनपुरी, सोलपुर, माहोली के कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा वार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र एवं पेन देकर सम्मानित किया। बाल गीत रचना में अध्यापक रईस खान की रचना को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

# मेवात की तीनों सीटों से विधायक रह चुके हैं मोहम्मद इलियास खान

## चार विधानसभा के चुनावों में जीत हासिल कर दो बार रह चुके हैं मंत्री भी

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**फिरोजपुर** झिरका विधानसभा से पुन्हाना विधायक व पूर्व मंत्री चौधरी मोहम्मद इलियास का लगातार जनाधार बढ़ रहा है। जो 2024 के विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीत दिला सकता है। आपको बता दें कि जैसे ही विधायक मोहम्मद इलियास खान ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा से चुनाव लड़ने का मन बनाया। वे तीनों विधान सभाक्षेत्रों से चुनाव जीत चुके हैं । चार बार विधायकी जीत कर दो बार मंत्री रह चुके हैं ।

ऐलान भी किया तो उसी समय से क्षेत्र के लोगों में खुशी देखने को मिली है क्योंकि विधायक मोहम्मद इलियास सन 2000 में फिरोजपुर झिरका विधानसभा से विधायक बने और साथ ही सरकार में मंत्री भी बने और इलाके के लोगों का खूब काम किया। लोग आज भी उनकी कार्यशैली को याद करते है। फिरोजपुर झिरका विधानसभा में नगीना खण्ड भी लगता है। विधायक मोहम्मद इलियास खान ने फिरोजपुर झिरका विधानसभा से चुनाव नहीं लड़ा और 2009 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने पुनहाना विधानसभा से अपना चुनाव लड़ा और विधायक बने। मोहम्मद इलियास खान एक ऐसा विधायक है, जो मेवात की तीनों सीटों से विधायक रह चुके हैं। कुल मिलाकर उन्होंने चार विधानसभा चुनाव जीते हैं दो बार मंत्री भी बने हैं। लोग उनकी सादगी को आज भी पसंद करते है। मरहूम चौधरी रहीम खान पूर्व सांसद के परिवार का आज भी मेवात क्षेत्र में अलग ही रुतबा है, क्योंकि उनके परिवार में सखावत खिदमत आज भी जारी है, जो अल्लाह के बड़ी पसंद होती है। फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र की नब्ज टटोली तो लोगों का कहना है कि अबकी बार हम अपना विधायक ईमानदार व सादगी की मिसाल को चुनेंगे। लोगों ने एक बड़ी खूबी मोहम्मद इलियास में बताई थी फोन से ही हर मसले को हल करवा देते हैं और उनको किसी ने मिस कॉल भी क्या तो तुरंत जवाब देते हैं इतना ही नहीं उनको एक ही टेलीफोन से आमजन अपने घर पर भी बुला सकते हैं। विधायक मोहम्मद इलियास आने वाले विधानसभा चुनाव में फिरोजपुर झिरका से सभी उम्मीदवारों को भारी मात सकते हैं, क्योंकि राजनीति अब ऐसी रह गई कि हर व्यक्ति अपनी पहचान सीधी रखना चाहता है। हर आदमी को मान सम्मान देना विधायक मोहम्मद इलियास में यह एक बड़ी खूबी है सबको बराबर समझते हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा के समापन हुआ हवन व भंडारा

**फिरोजपुर झिरका।** श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपरांत हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। आपको बताते चलें कि पिछले 7 दिनों से खंड के गांव दुगरी में हनुमान वाटिका मंदिर के प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पंडित शिवम कृष्ण शास्त्री द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा था। जिसमें गांव दुगरी के समस्त धर्म प्रेमियों ने इस भव्य धार्मिक आयोजन में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

क्रम में श्रीमद् भागवत कथा के समापन के उपरांत शनिवार प्रात: 8:00 बजे भव्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन में उपस्थित समस्त यजमानों ने दिव्य वैदिक मंत्रों द्वारा दिव्य जड़ी बूटियों से युक्त सामग्री की आहुति दी। भगवान श्रीहरि की आरती गाई तथा हवन को सफल बनाया। हवन समाप्ति के उपरांत दोपहर 12: 00 बजे धर्म प्रेमियों ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें गांव दुगरी के समस्त धर्म प्रेमियों ने इस भव्य भंडारे का आनंद उठाया और धर्म लाभ कमाया।

# बांड पॉलिसी: एमबीबीएस छात्रों की हड़ताल से मरीज परेशान

## जूनियर रेजीडेंट व प्रोफेसरों के हड़ताल के समर्थन से मरीज रहेंगे खासे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**करीब 26** दिन से बांड पॉलिसी का विरोध कर रहे एमबीबीएस छात्रों की हड़ताल का असर अब मरीजों के इलाज पर भी पड़ने लगा है। एमबीबीएस छात्रों की हड़ताल को समर्थन देने के लिए इंटर्नशिप कर रहे स्टूडेंटों के अलावा जेआर तथा उनके टीचरों का भी सहयोग मिलता दिख रहा है। अगर ऐसा होता है तो आने वाले दिनों में मरीजों के तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि हड़ताल कर रहे एमबीबीएस छात्रों की मांग जायज है। सरकार को जल्द से जल्द उनकी मांगे मान लेनी चाहिए, उन्होंने कहा कि छात्रों के हड़ताल का असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। जूनियर रेजिडेंट ने भी उनके समर्थन में उतरने का कई बार ऐलान कर दिया है और सोमवार को उनके टीचरों की भी बैठक होने वाली है। अगर वह स्टूडेंट की हड़ताल को समर्थन करते हैं तो स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा जाएंगी। इसका खामियाजा मरीजों व उनके तीमारदारों को भुगतना पड़ेगा। एमबीबीएस छात्रों का कहना है की उनके प्रतिनिधिमंडल की बातचीत सरकार व आला अधिकारियों के साथ लगातार चल रही है, लेकिन अभी बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। इसलिए जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता है।

तब तक उनकी हड़ताल इसी तरह से जारी रहेगी। छात्रों का कहना है कि हड़ताल के चलते न केवल मरीजों को परेशानी हो रही है बल्कि उनकी पढ़ाई भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। अब देखना यह है कि सरकार आने वाले दिनों में छात्रों की हड़ताल का कोई तो ढूंढ पाती है या फिर एमबीबीएस छात्रों की हड़ताल लंबी खींचती है। जिसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी जरूर पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नूंह के विकास में मीडिया के योगदान पर हुई केंद्रीय समूह चर्चा




**मेवात।** नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नूंह जिले के पुन्हाना खण्ड में विभिन्न मीडिया साथियों के साथ केंद्रीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें पुन्हाना खण्ड के दस मीडिया के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य था कि आकांक्षी जिला नूंह (मेवात) के विकास में मीडिया का जो अहम योगदान है। उसे और कैसे बेहतर किया जा सकता है। जिससे उनके प्राथमिकता में वो खबरें ज्यादे से ज्यादे शामिल हों जिसका सकारात्मक प्रभाव आमजन तक पहुंचे। इससे मेवात की छवि के साथ साथ लोगों में अच्छे कार्यों से प्रेरणा लेकर सीखते हुए इसे आगे बढ़ाने में सहयोग मिले। कैवल्या एजुकेशन फाऊंडेशन ने अपनी मेवात जिले की अब तक की एक साल के सफर को कैसे विभिन्न विभागों, गैर सरकारी संगठनों, धर्म गुरु, युवा, मीडिया, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज विभाग के सामूहिक प्रयास से किए गए कार्यों के बारे में बताया व साथ ही आगे और कैसे कार्य कर रहे होंगे इसकी भी एक रूपरेखा रखी। इसमें कैवल्या एजुकेशन फाऊंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर रियाज मीर, पुन्हाना खंड के प्रोग्राम लीडर चंदन वर्मा, गांधी फेलो देवयानी, दुर्गेश सिंह व विकास मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर सीएससी संचालक वसूल रहे शुल्क

**फिरोजपुर झिरका।** एक तरफ प्रदेश सरकार जहां सभी सीसी संचालकों से नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने के दिशा निर्देश दे रही है। वही फिरोजपुर झिरका में सरकार के आदेशों को दरकिनार करते हुए ज्यादातर सीएससी संचालक पात्र लोगों से आयुष्मान कार्ड बनाने के नाम पर शुल्क वसूल रहे हैं। लोग भी मजबूरी वश पांच लाख रुपये के आयुष्मान कार्ड के चक्कर में शुल्क देने पर विवश हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि यही नहीं फिरोजपुर झिरका में नवजात शिशुओं के आधार कार्ड बनाने के नाम पर भी सीएससी चलाने वाले लोगों द्वारा शुल्क वसूला जा रहा है। शहर के दर्जनभर पात्र आयुष्मान कार्ड बनवाने वाले लोगों ने बताया कि एक तरफ प्रदेश सरकार आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर गंभीर नजर आ रही है। सरकार द्वारा जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वहीं फिरोजपुर झिरका में कार्य सेंटर अपनी मनमानी के चलते लोगों से 50 रुपये प्रति आयुष्मान कार्ड फीस वसूल रहे हैं। शहर के कई पात्र परिवारों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने फिरोज झिरका में कार्यरत विभिन्न सीएचसी के माध्यम अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है, जबकि प्रदेश सरकार द्वारा नि: शुल्क बनाने की बात की जा रही है लेकिन सीएससी सेंटर वाले प्रति कार्ड 50 रुपये लेकर सरकार के नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं इस बारे में सीएससी जिला प्रबंधक आरिफ रजाका का कहना है कि सभी जिले के लोगों से अपील की जा रही है कि वह किसी भी सीएससी सेंटर पर आयुष्मान कार्ड बनवाने के नाम पर शुल्क नहीं दें। अगर कोई सीएससी संचालक शुल्क लेता है तो उसकी लिखित शिकायत 8930089703 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेज सकते हैं। ऐसे सीएससी संचालक पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी आयुष्मान कार्ड के पात्र अपना रजिस्ट्रेशन सीएससी सेंटर पर नि:शुल्क कराएं। रजिस्ट्रेशन होने के बाद कार्ड आशा वर्कर , आंगनवाड़ी वर्कर, पोस्ट ऑफिस कार्यालय द्वारा आयुष्मान कार्ड पात्र लोगों के घर पहुंचा दिए जाएंगे।

### गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए 56323 मामले



**गुरुग्राम।** जिला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल, बैंक रिकवरी, अपराधिक एवं वैवाहिक सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे गए। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण गुरुग्राम की सचिव ललिता पटवर्धन ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष ऑगस्टीन जार्ज मसीह व गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह के निर्देशानुसार जिला में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। पटवर्द्धन में बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एसपी सिंह ने लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए शनिवार को लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए 20 बेंच का गठन किया था। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त से 26 नवंबर तक दैनिक लोक अदालत तथा प्री लोक अदालत का भी आयोजन किया गया था ताकि वादी तथा प्रतिवादी के बीच केसों का आपसी समन्वय से निबटारा किया जा सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिला कोर्ट के कुल एक दिन में सभी श्रेणी के 70917 के करीब मामलों को लिया गया था। जिसमें 56323 मामलों का निपटारा किया गया और 31 करोड़ 16 लाख 48 हजार 100 रुपये का सेटलमेंट हुआ। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की सभी बेंच में एक एक पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया था, जो लोक अदालत के दौरान मौजूद रह कर समझौता तैयार करने में न्यायालयों और डीएलएसए की मदद कर रहे थे। पटवर्धन ने बताया कि चरणों में लोक अदालत की तैयारी और संचालन करते समय कोविड 19 से सुरक्षा के लिए सामाजिक दूर करने के मानदंडों का कड़ाई से पालन किया गया। लोक अदालत में आए सभी लोगों को मास्क वितरित किए गए और जिला अदालत के मुख्य द्वार पर उनकी थर्मल स्क्रीनिंग की गयी। आरटीपीसीआर व रेपिड एंटीजेन टेस्ट की सुविधा भी दी गई थी। इसके साथ कोर्ट परिसर में संविधान दिवस पर प्रस्तावना भी पढ़ी गयी। वहीं आरएचएम स्कूल के बच्चों ने हर्बल रंग से संविधान दिवस पर दीवार पर पेंटिंग कर लोगों को एकता का संदेश भी दिया।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Simran D/o Mithlesh Kumar R/o MCF-144, East Chawla Colony, Gali No-1, Ballabgarh Faridabad have changed my name to Simran Sharma.

I, Sumit Bhatia S/o Sh. Ajay Bhatia R/o H. No. 1D/75, NIT, Faridabad, have changed my father`s name from Ajay Kumar Bhatia to Ajay Bhatia.

सार्वजनिक सूचना

नगर निगम फरीदाबाद के भवन कर रिकार्ड में यूनिट प्रॉपर्टी आई0डी0 नंबर-P07003362620 व मकान नंबर- 8339/933-ई ब्लाक डबुआ कालोनी फरीदाबाद के अनुसार श्री कीर्तिराम के नाम दर्ज है। श्री कीर्तिराम की मृत्यु दिनांक 18.12.2020 के पश्चात जो कि इस भवन की वसीका रजिस्ट्री शुदा दिनांक 28.03.1979 से मालिक था। के बारे में प्रार्थीगण मनोज कुमार, बिमला डोनियाल, मधुबाला और मंगला देवी ने आवेदन किया है कि यूनिक प्रॉपर्टी आईडी0 नंबर-च07003362620 व मकान नंबर-8339/933 ई ब्लाक डबुआ कालोनी फरीदाबाद की मंजूरशुदा विरासत दिनांक 03.11.2022 से कानूनी मालिक है। मलकियत प्रार्थीगण के नाम दर्ज की जावे!
यदि इस मालकियत जिसका यूनिक प्रॉपर्टी आई0डी0 नंबर-P07003362620 व मकान नंबर-8339/933 ई ब्लाक डबुआ कालोनी फरीदाबाद प्रार्थीयण मनोज कुमार, बिमला डोनियाल, मधुबाला और मंगला देवी के नाम दर्ज करने हेतू किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो वह दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में प्रकाशित के 30 दिन ( 1 माह ) के भीतर अपना एतराज अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दे सकता है। समयावधि समाप्त होने उपरांत भवन कर रिकार्ड मे प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर स्थानान्तरण कर दिया जाएगा। नगर निगम फरीदाबाद इसका उत्तरदायी नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# बिजनेस प्रशासन
## थोड़ा बदलाव

**बिजनेस** प्रशासन में थोड़े परिवर्तन के परिणामस्वरूप अब राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण, भारतीय प्रतियोगिता आयोग के एक हिस्से के रूप में जीवित रहेगा। सरकार ने भारतीय प्रतियोगिता आयोग-सीसीआई को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-विरोधी अधिकरण-एनएए के समान अधिकार दे दिए हैं। इसका कारण यह है कि इस महीने के अंत में एनएए समाप्त हो जाएगा। एनएए के पास यह सुनिश्चित करने का अधिकार था कि वस्तु एवं सेवाकर-जीएसटी में की जाने वाली कमी को ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। इसके गठन का उद्देश्य बिजनेसों में किसी 'मुनाफाखोरी' पर लगाम लगाना था और इसी कारण इसे यह नाम दिया गया था। बताया जाता है कि यह निर्णय जीएसटी परिषद की संस्तुति के अनुरूप है जिसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व है। इस प्रकार अब एनएए समाप्त हो जाएगा और उसका काम सीसीआई के अधिकारी करेंगे। एनएए का गठन 2017 में किया गया था और माना जाता है कि यह अपने गठन के समय से ही बिजनेस वर्ग को पसंद नहीं था। वास्तव में, 'मुनाफाखोरी' शब्द से ही एक प्रकार का नकारात्मक व निन्दाजनक भाव पैदा होता है, यही कारण है कि वामपंथी विचारधारा वाले लोग अक्सर इसका प्रयोग करते हैं। इस अवधारणा में अनुमान लगा लिया जाता है कि सभी बिजनेसमैन संवेदनहीन व खून चूसने वाले खलनायक होते हैं जो अपने कर्मचारियों का शोषण कर ग्राहकों को धोखा देते हैं। इस घृणा में यह गलत अवधारणा भी जुड़ जाती है कि सरकार दबाव डालने वाले तरीकों से इन पर नियंत्रण कर कीमतों पर लगाम लगा सकती है। अलाउद्दीन खिलजी की उत्पीड़क सरकार से लेकर 1991 पूर्व के नेहरूवादी-समाजवादी युग तक ऐसे नियंत्रण लागू थे। लेकिन उन्होंने जमीनी स्तर के आम लोगों को कोई राहत नहीं दी और अपरिहार्य रूप से उनका नतीजा अभाव, कालाबाजारी



व भ्रष्टाचार के रूप में सामने आया। पिछले कुछ वर्षों में एक सर्वाधिक बिजनेस-विरोधी निर्णय एनएए का गठन था। उम्मीद की गई थी कि वह जीसटी क्रियान्वयन की निगरानी का अपना काम दो साल में पूरा कर लेगा, इसलिए उसे दो साल का कार्यकाल दिया गया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन ने कहा था, 'सरकार के अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ नहीं होता है।' इस कथन को सही सिद्ध करते हुए एनएए को विस्तार मिलता रहा जिसके परिणामस्वरूप 2019 में समाप्त होने वाला यह संगठन अब भी जीवित है और बना रहेगा। यह उल्लेख करना जरूरी है कि न केवल नरेन्द्र मोदी की सरकार मूल्य नियंत्रण व्यवस्था जारी रखने की जिम्मेदार है, बल्कि पूरा राजनीतिक वर्ग इसमें शामिल है क्योंकि जीएसटी परिषद में विभिन्न राज्य सरकारें भी शामिल हैं। एनएए बने रहने से एक चिन्ताजनक तथ्य यह उभरता है कि हमारे राजनेताओं को आर्थिक सुधारों में ज्यादा विश्वास नहीं है। देश में उन्होंने जो भी उदारीकरण किया है, उसका कारण अपनी मर्जी न होकर मजबूरी है। यह आश्चर्यजनक नहीं है क्योंकि उदारीकरण प्रक्रिया का अर्थ मूलत: अर्थव्यवस्था के क्षेत्र से राज्य की पीछे हटने की प्रक्रिया है। इसका अर्थ विनियमनों में कमी तथा बाजार में कम हस्तक्षेप है। हालांकि, यह सब अर्थव्यवस्था और व्यापक रूप से जनता के लिए अच्छा है, पर यह राजनेताओं और बुद्धिजीवियों के एक वर्ग के लिए अच्छा नहीं है जो वैचारिक रूप से उन सिद्धान्तों के पक्ष में हैं जो 'राज्य' की अवधारणा के ही विरोधी हैं। इसके साथ ही इस समूह में वामपंथी पुस्तकें पढ़ कर बड़े हुए काफी लोग हैं जिनमें नौकरशाह, अर्थशास्त्री व टेक्नोक्रेट, आदि शामिल हैं। यही कारण है कि एक खास प्रकार की लेवियाथन सोच बनी रहती है जिसके चलते एनएए जैसी नकारात्मक संरचनायें कभी समाप्त नहीं होती हैं।

# गुजरात में कांग्रेस से इतनी खौफजदा क्यों है भाजपा

## गुजरात विधानसभा चुनाव में सभी पक्ष अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं के मूड को भांपने का कोई पैमाना आज तक विकसित नहीं हुआ है,



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)





**आखिरकार** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी गुजरात की अपनी चुनावी सभा और रैलियों को संबोधित कर आए। दक्षिण भारत से उत्तर की ओर बढ़ने में गुजरात और हिमाचल कहीं नहीं आता है। कन्याकुमारी से श्रीनगर तक की अपनी 3,570 किलोमीटर की 'भारत जोड़ो यात्रा' जैसी महत्वपूर्ण और दुर्लभ पदयात्रा को बीच में छोड़कर राहुल गांधी की सूरत और राजकोट में रैली अपने महत्व को दर्शाता है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जो चुनावी माहौल है, वह यह भी बताता है कि गृहमंत्री और प्रधानमंत्री तक अपनी चुनावी सभाओं और रैलियों में राहुल गांधी पर जरूर तंज कसते हैं। यह इस बात की ओर इशारा है कि 27 वर्ष से राज्य की सत्ता पर काबिज होने के बावजूद केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा किस प्रकार अपनी नाकामियों के कारण उस पार्टी से डरी हुई है जिसके अस्तित्व को ही कुछ दिन पहले तक उसने नकार दिया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राजनीतिक सत्ता में कोई अमृत पीकर नहीं आया है। यह तो विश्व का हर लोकतांत्रिक देश में होता आया है। हां, यह बात अलग है कि ऐसा तानाशाही देशों में नहीं होता है और विशेषकर भारत में नहीं हो सकता, क्योंकि भारतीय संविधान को तो बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की टीम ने उद्‌भट विद्वान डॉ. राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में बनाया है, जो विश्व का सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र माना गया है।

पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के चुनाव अभियान से अनुपस्थित रहने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के पास कुछ भी नहीं है, इसलिए राहुल बाबा प्रचार के लिए यहां नहीं आ रहे हैं और अन्य स्थानों पर घूम रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री ने गुजरात के अमरेली जिले के लोगों से अपील की कि वे अगले महीने होने वाले चुनाव में अपना वोट कांग्रेस पर बर्बाद न करें, क्योंकि उनके पास विकास की कोई रूपरेखा नहीं है। प्रधानमंत्री ने सुरेंद्रनगर की एक सभा में 'भारत जोड़ो यात्रा' पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों को सत्ता से बेदखल कर दिया है, वे अब सत्ता में आने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। दूसरी ओर राहुल गांधी 'भारत जोड़ो यात्रा' से लेकर अपनी गुजरात के चुनावी सभाओं तथा रैलियों में इस बात को बार-बार दोहरा रहे हैं कि भारत दो भागों में बांट दिया गया है। उनका आरोप है कि वर्तमान केंद्र सरकार ने कुछ अरबपति मित्रों के लाखों-करोड़ों के कर्ज को महज दोस्ती निभाने में माफ कर दिए, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया जाता। इसके कारण भारत दो भागों में बंट गया है- एक अरबपतियों का भारत, तो दूसरा गरीब, मजदूर, किसान का भारत, जिसे इस पदयात्रा के द्वारा जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कन्याकुमारी से श्रीनगर की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को छोड़कर पहली बार गुजरात पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने सूरत जिले के महुवा में आदिवासियों की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी इस देश के पहले मालिक हैं, लेकिन वर्तमान सरकार उन्हें 'वनवासी' बताकर उनके अधिकार छीन रही है। वह नहीं चाहती कि उनका बच्चा इंजीनियर-डॉक्टर बने, विमान उड़ाए और अंग्रेजी में बात करे। राहुल ने यह भी वर्तमान सरकार पर आरोप लगाया कि आदिवासियों को उनके रहने की जगह की कौन कहे, उनकी जमीन से भी बेदखल किया जा रहा हैं और बच्चों की शिक्षा-स्वास्थ्य की कौन कहे, आपको नौकरी भी नहीं मिलेगी। राहुल गांधी ने बहुत ही गंभीर आरोप सरकार पर यह भी लगाया कि गुजरात करप्शन और कमीशन का गढ़ बन गया है। इसलिए उनका सामना उसे इस विधानसभा चुनाव में करना

> पिछले दिनों केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के चुनाव अभियान से अनुपस्थित रहने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस के पास कुछ भी नहीं है, इसलिए राहुल बाबा प्रचार के लिए यहां नहीं आ रहे हैं और अन्य स्थानों पर घूम रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री ने गुजरात के अमरेली जिले के लोगों से अपील की कि वे अगले महीने होने वाले चुनाव में अपना वोट कांग्रेस पर बर्बाद न करें, क्योंकि उनके पास विकास की कोई रूपरेखा नहीं है।

होगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री और गुजरात कांग्रेस के प्रभारी अशोक गहलोत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का गुजरात में नियमित दौरा चुनाव के घोषणा का बाद हो रहा है। इसके बावजूद उन्हें डर है कि उनके राज्य में उनकी पार्टी का सफाया हो जाएगा। गहलोत ने यह भी कहा कि इन दोनों नेताओं को गुजरात में शिविर लगा लेना चाहिए। कुछ दिन पहले तक गुजरात विधानसभा के इस चुनाव को भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई मान रहे थे, लेकिन इस बीच आम आदमी पार्टी दमखम के साथ मैदान में उतरने का दावा कर रही है। ऐसे में इसे कुछ विश्लेषक त्रिकोणीय मुकाबला भी बता रहे है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तो गुजरात में सरकार बनाने का भी दावा कर चुके हैं।

गुजरात विधानसभा चुनाव में सभी पक्ष अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन मतदाताओं के मूड को भांपने का कोई पैमाना आज तक विकसित नहीं हुआ है, इसलिए आजकल तथाकथित सर्वे द्वारा इसके पैमाने को मापने का प्रयास किया जाता है। सच तो यह है कि इस तरह के सर्वे के जरिये मतदाताओं को भ्रमित किया जाता है। वैसा अभी भी गुजरात और हिमाचल प्रदेश के लिए जो भविष्यवाणी की जा रही है, वह केवल तथाकथित सर्वे द्वारा आमलोगों को भ्रमित ही किया जा रहा है। सच तो यह है कि अब शिक्षित मतदाता अपने मन की बात किसी से कहता नहीं है, क्योंकि वह अपने अधिकार को समझने लगा है और प्रचारक के बरगलाने को भी पहचान लेता है। इसलिए चुनाव के परिणाम के बारे में केवल आकलन ही किया जा सकता है। वैसे, जनता के लिए देखने वाली बात यह भी है कि 27 वर्षों के अपने कार्यकाल में भाजपा ने उनके लिए क्या किया और पिछले साढ़े आठ वर्ष में तो प्रदेश के लिए डबल इंजन की सरकार काम करती रही, जिसके कारण विश्वभर में गुजरात मॉडल का प्रचार किया गया, लेकिन एक मोरबी पुल हादसे ने सभी झूठे प्रचार की कलई खोल दी है। गुजरात की जागरूक जनता अब भाजपा कार्यकर्ताओं और प्रधानमंत्री से पूछने लगे हैं कि अब और कितने जुमले दोगे। गुजरात के लिए सुखद यह है कि आज देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री इसी प्रदेश से आते हैं। इतना मजबूत प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं के बावजूद सत्तारूढ़ दल के किसी ने यह नहीं कहा कि उसकी सरकार ने 27 वर्ष में प्रदेश के विकास के लिए क्या-क्या किया।

हां, राहुल गांधी की गुजरात यात्रा के बाद सच में कुछ माहौल तो बदला है, क्योंकि राहुल गांधी का कद 'भारत जोड़ो यात्रा' से बढ़ा है। साथ ही चूंकि चुनाव में आजकल एक परंपरा यह बन गई है कि चाहे कुछ भी कहना या करना पड़े, हम कहेंगे और करेंगे। ऐसा इसलिए, क्योंकि चुनाव तो हमें जीतना ही जीतना है, इसलिए जिसके मन में जो बात आती है, उसे चुनावी मंच से उगल दिया जाता है। जिसे बाद में चुनावी जुमला भी कह दिया जाता है। मतदाताओं को लुभाना आज के व्यावसायिक काल में बड़ी बात हो गई है। भारतीय लोकतंत्र की कई विशेषताओं के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि यहां आजादी के इतने साल बाद भी यही हो रहा है। लेकिन, गुजरात में जो कुछ हो रहा है, वह भाजपा के लिए बड़ी समस्या बन गई है। एक तो पहले से ही लंबे समय तक सरकार में रहने के कारण सरकार विरोधी लहर तथा जो कुछ बाकी थी, वह पार्टी के आंतरिक कलह के कारण उत्पन्न हो गई है। ऐसा इसलिए भी हुआ बताया जा रहा, क्योंकि चुनाव लड़ने के लिए टिकट का जो बंटवारा हुआ है, वह उन्हें नहीं दिया गया जो वर्षों से पार्टी से जुड़े थे, बल्कि उन्हें दिया गया, जो कांग्रेस छोड़कर अभी-अभी पार्टी में शामिल हुए थे। अब इसका लाभ भी कांग्रेस को मिल रहा है, लेकिन सच तो यह है कि मतदाता को जो कुछ करना होता है, उसे वह अपने अंदर ही छुपाकर रखता है। इसलिए सच्चाई तो आठ दिसंबर को मतगणना के बाद ही सामने आएगी, जब यह निर्णय उनके द्वारा सार्वजनिक होगा कि 27 वर्ष शासन करने वाले के सिर पर विजय का सेहरा सजेगा अथवा 27 वर्ष से जो सत्ता से बाहर रहे हैं, उनके नाम विजयश्री होगी! बस, इंतजार कीजिए।

# कॉप-27 में जलवायु वित्त पर जोर

**श्रेया गर्ग**
(लेखिका महिला अधिकारों व पर्यावरण मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



**ग्रह** का वैश्विक औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक औसत से 1.15 डिग्री सेल्सियस ऊपर है और हम 1995 से हर साल पार्टियों का सम्मेलन (कॉप) करते आ रहे हैं, जिसमें विश्व के नेता जलवायु के उभरते खतरों से लड़ने के लिए समाधानों के बारे में सोचने के लिए एक साथ आते हैं। परिवर्तन। इस साल शर्म अल-शेख में शिखर सम्मेलन में दुनिया के नेताओं ने भाग लिया, जो अपने निजी जेट विमानों में पहुंचे, उनमें से करीब 400 ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोई भी सोच सकता है कि जलवायु परिवर्तन के इर्द-गिर्द बहस को शुरू करने का इससे अच्छा तरीका क्या हो सकता है।

पिछले लगभग एक दशक में, ग्रीन वाशिंग एक आदर्श बन गया है और हम सभी ने यह मान लिया है कि कोई और जलवायु परिवर्तन की समस्या का ध्यान रखेगा। निगमों ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे का उपयोग अपने खजाने को भरने के लिए किया है और वैश्विक नेताओं ने भी मदद करने के लिए बहुत कम किया है। जहां तक जलवायु परिवर्तन का संबंध है, लिप सर्विस आदर्श रही है। हर साल, ये सम्मेलन आशा का संकेत देते हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों के प्रतिष्ठित नेता प्रतिज्ञा करते हैं, इतने साल तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की बात करते हैं, उभरती अर्थव्यवस्थाओं को सहायता का वादा करते हैं और इसी तरह। लेकिन जब जमीनी स्तर पर प्रगति की बात आती है तो परिणाम निरपवाद रूप से निराशाजनक होते हैं। वे जलवायु परिवर्तन के प्रति हमारी लड़ाई की एक दुखद तस्वीर पेश करते हैं। यह मनोबल गिराने वाला है और कोई भी इन शिखरों के इर्द-गिर्द कुतरने वाले सनक के आगे झुके बिना नहीं रह सकता।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा, 'पाकिस्तान का एक तिहाई हिस्सा बाढ़ में बह गया। हमने 500 वर्षों में यूरोप की सबसे गर्म गर्मी देखी है। फिलीपींस को झटका लगा। पूरा क्यूबा ब्लैकआउट हो गया था। और संयुक्त राज्य अमेरिका में, तूफान इयान ने एक क्रूर अनुस्मारक दिया है कि कोई भी देश और कोई भी अर्थव्यवस्था जलवायु संकट से सुरक्षित नहीं है।' ये सभी घटनाएं पूरी मानवता के लिए एक साथ कार्य करने के लिए एक क्रूर अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं। कॉप27



शिखर सम्मेलन ने शमन, अनुकूलन, वित्त और सहयोग के मुख्य रूप से चार फोकस पहलुओं पर ध्यान देने के साथ अपना एजेंडा सही निर्धारित किया। यह देखने की जरूरत है कि कितने देश उक्त क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी से महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कॉप27 के प्रमुख विषयों में से एक नुकसान और क्षति रहा है। केवल इसी वर्ष विकसित राष्ट्र इस विषय को औपचारिक एजेंडे में रखने के लिए सहमत हुए। विकासशील देशों के समूह के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा, जिसे जी77 कहा जाता है, उनके नेताओं ने रेखांकित किया कि कैसे उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारणों को कम करने और भविष्य में इसके नतीजों के खिलाफ तैयार करने के लिए धनी देशों से सहायता की आवश्यकता है। इस शिखर सम्मेलन में हानि और क्षति निधि के निर्माण के संबंध में एक सकारात्मक प्रगति हुई है। फंड उभरती अर्थव्यवस्थाओं को प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़ और चक्रवात आदि के हानिकारक प्रभावों को दूर करने में मदद कर सकता है। हालांकि, जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए इसका उपयोग कैसे किया जाएगा और दाताओं की सूची कौन होगी, इसका विवरण अभी भी स्पष्ट नहीं है। 2009 में वापस, विकसित देशों ने तापमान में और वृद्धि को कम करने में मदद करने के लिए कम धनी देशों को 2020 तक हर साल .100 बिलियन की आपूर्ति करने का संकल्प लिया था। लेकिन उससे क्या हुआ? धनी राष्ट्रों ने स्पष्ट रूप से आज तक अपने वादे को पूरा नहीं किया है। 100 अरब डॉलर की कटौती भी नहीं होगी, क्योंकि विकासशील देशों ने स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है कि उन्हें जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 6 ट्रिलियन डॉलर से 11 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता होगी। विकासशील देशों को सहायता प्राप्त करना महत्वपूर्ण है, जिसके बिना वे ग्रीनहाउस उत्सर्जन को कम करने में ज्यादा प्रगति नहीं कर पाएंगे। कॉप27 में एक प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए, जलवायु पर अमेरिकी राष्ट्रपति के दूत जॉन केरी ने जोर देकर कहा कि अमीर देशों द्वारा ओपन-एंडेड देनदारियों पर हस्ताक्षर करने के साथ बातचीत समाप्त नहीं होगी। उभरते हुए देशों ने नुकसान और क्षति कोष बनाने के खिलाफ एकजुट हुए, लेकिन धनी देशों ने यह कहकर इस विचार को खारिज कर दिया कि वे मौजूदा वित्तीय चैनलों का समर्थन करते हैं।

इस वर्ष के सीओपी को कार्यान्वयन के लिए सीओपी कहा गया था, क्योंकि केवल संकल्प से काम नहीं चलेगा। जलवायु वित्त के संबंध में एक विस्तृत रोड मैप और अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। इस मामले में एक मामला अमेरिकी राष्ट्रपति, जो बिडेन ने शिखर सम्मेलन में आश्वासन दिया कि अमेरिका 2030 तक अपने जलवायु लक्ष्यों को पूरा करेगा और पेरिस समझौते से बाहर निकलने के लिए माफी मांगी। हालांकि, उन्होंने और अन्य विश्व नेताओं ने शायद ही यह समझाया कि पहले किए गए वादों को आज तक पूरा क्यों नहीं किया गया। बाइडेन ने ठीक ही कहा कि दुनिया ने जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण क्षण का सामना किया। लेकिन उन कदमों को निर्धारित करने में विफल रहे जो मानवता को उठाने चाहिए।

कॉप27 के समाप्त होने के साथ, कुछ प्रेरणा फिर से जागृत हुई है। आने वाले वर्षों में वैश्विक नेता क्या करते हैं, इस पर ध्यान से देखा जाएगा, लेकिन साथ ही, दुनिया भर के नागरिकों को भी वह करना चाहिए जो वे व्यक्तिगत स्तर पर कर सकते हैं। हमें इस विषय पर सक्रिय रूप से शोर मचाने वाले और लोगों की आवश्यकता है। युवा जलवायु योद्धाओं को आगे आने की जरूरत है और इसके लिए स्कूली पाठ्यक्रम में जलवायु परिवर्तन को एक विषय के रूप में शामिल करना सही दिशा में एक कदम साबित होगा। आशा स्पष्ट रूप से जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर अपनाने की अच्छी रणनीति नहीं है। इसलिए, हमें सभी बाधाओं को पार करने का प्रयास करना चाहिए, निषेध को दूर करना चाहिए।

# आप की बात

## भारत जोड़ो यात्रा

**ये** बात जगजाहिर है कि कांग्रेस हमेशा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरोध में रही है। यहां तक कि इमेरजेंसी काल में तो संघ के स्वयंसेवकों ने यातनायें तक झेली तथा प्रतिबन्ध इत्यादि से भी उबर कर आए। एक बार फिर संघ को घेरने के फेर में राहुल गांधी गलत बयानी कर गए। एक जनसभा के दौरान टंट्या भील के बलिदान का दोष संघ पर मढ़ते सुनाई दिए कांग्रेस के युवराज। जबकि संघ की स्थापना से लगभग 35 वर्ष पहले ही टंट्या भील बलिदान हो गए थे। यहां तक कि संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार की आयु टंट्या के बलिदान के समय आठ माह मात्र थी। एक राजसी परिवार और प्रधानमंत्री पद के दावेदार से जनता को मूर्खता पूर्ण और झूठे व्यवहार की कतई उम्मीद नहीं होती इसलिए तौलकर बोलना सर्वदा उचित होता है बड़े नामों को अन्यथा जगहंसाई निश्चित है। विडंबना यह भी है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का असर तो बाद में पता चलेगा, पर राजस्थान में एक बार फिर गहलोत व पाइलेट में ठन गई है। वैसे राहुल यह भी कह रहे हैं कि यह यात्रा वोट बटोरने के लिए नहीं है। आरोप हैं कि यात्रा में शामिल कलाकारों को पैसा भी दिया जाता है। इससे यात्रा पर सवाल ही उठते हैं।

**मनोज,** मेरठ

## संविधान दिवस

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत अपने संविधान दिवस की 73 वीं वर्षगाठ मना रहा है। वैश्विक महामारी कोरोना के बाद भारत ने वसुवधैव कुटुंबकम को अपनाते हुए समूचे विश्व को महामारी से उबरने के लिए वैक्सीन मुहैया कराने में मदद की, यही तो है भारत। भारत के संविधान को कई देशों के संविधान से मिलकर बनाया गया है, इसीलिए इसे बैग ऑफ बौरोइंग भी कहा जाता है। आज हम अपने अधिकार की बात तो करते हैं, लेकिन अपने दायित्व को भूल जाते हैं। जरूरत है कि भारत का प्रत्येक नागरिक अपने संविधान को पढ़े, समझे और जाने क्या अधिकार उन्हें दिया गया है और क्या देश के प्रति उनका दायित्व है। हम विकसित देशों की तुलना जीडीपी, व्यवस्था और इनोवेशन के आधार पर करते हैं, लेकिन उनके नागरिकों से अपनी तुलना नहीं करते, किस तरह से वो अपने देश की सेवा करते हैं उसके विकास के प्रति सोचते हैं। प्रत्येक भाषा में डिजिटल या पारम्परिक मीडिया के माध्यम से देशवासियों को उनके अधिकार और दायित्व को बताया जाए जिससे कि यह उनको याद हो जाये, यही भारत की उपलब्धि होगी।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली

## ईरान में जन-विद्रोह

**पिछले** 10 सप्ताहों से ईरान भर में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन जारी है। धर्मान्धिता वाली कट्टरपंथी इस्लामी हुक्मरानों को अब लगने लगा है कि जिस तरह से 1979 की इस्लामी क्रांति से इनकी हुकूमत वजूद में आयी थी ठीक उसी तरह इस्लामपंथियों की सत्ता जा सकती है। हजारों प्रदर्शनकारी पुलिस हिंसा के अबतक मारे जा चुके हैं। 14 हजार के करीब युवाओं जिनमे ज्यादातर महिलाएं हैं, उन्हें हिरासत में कैद किया जा चुका है। शायद इसी दमनात्मक कार्रवाई के कारण मानवाधिकार परिषद ने 16 सितंबर 2022 को शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों से संबंधित एक तथ्य-खोजी मिशन बनाने की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने बताया कि सुरक्षा बलों के बर्बर दमन के बावजूद यह विरोध 150 शहरों में फैल गया है। मगर क्या इस जांच के बाद ईरान प्रदर्शनकारियों पर नरम रुख अपना लेगा, नहीं ऐसा कभी नहीं होगा। विश्व समुदाय के हाथों में बहुत कुछ नहीं है करने को। उसपर पहले से ही व्यापरिक प्रतिबन्ध लगा हुआ है। जिसका कोई असर उसपर नहीं पड़ रहा है।

**जंग बाहदुर सिंह,** जमशेदपुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# फरमाया




**मुझे** विश्वास है कि भारत इस पर गौर करेगा। लेकिन वे-जाकिर नाइक-मलेशिया के नागरिक हैं।

- **हरदीप पुरी**
केन्द्रीय मंत्री



**हम** सभी लोग जानते हैं कि पुतिन से बात करना कितना कठिन है। यह एक तथ्य है।

- **बोरिस जॉनसन**
पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**वर्तमान** चुनौती कानून व लोकतंत्र की रक्षा है। हम इसे बचाने के लिए कुछ भी करेंगे।

- **तेजस्वी यादव**
बिहार के उप-मुख्यमंत्री

# नहीं रहेगी कचरा उठाने की दिक्कत, निगम ने कलेक्शन प्वाइंटों पर अंकित कराए फोन नंबर

### कचरा न उठाने पर आम जन कर सकते हैं शिकायत, एजेंसी ने भी सार्वजनिक किए नंबर

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

शहर में कचरा कलेक्शन प्वाइंट से कचरा उठाने की अब समस्या नहीं रहेगी। इस समस्या को खत्म करने के साथ साथ खुले में कचरा फेंकने वालों की शिकायत करने के लिए निगम ने जोन एक के सभी कचरा कलेक्शन प्वाइंट पर संबंधित सेनेटरी इंस्पेक्टर व सुपरवाइजर के नंबर अंकित करा दिए हैं। कचरा उठान न होने पर अब लोग इन नंबरों पर शिकायत कर कचरे का उठान करा सकेंगे। इसके अलावा जो लोग खुले में कचरा फेकेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई को भी इन्हीं नंबरों पर शिकायत की जा सकेगी।



कचरा उठान करता वाहन। इंसेट में सुपरवाइजर और सेनेटरी इंस्पेक्टर के फोन नंबर।

बता दें कि कुछ दिन पहले निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने जोन एक में कचरा कलेक्शन प्वाइंट का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कचरा उठाने के बाद भी कई कलेक्शन प्वाइंट पर लोगों द्वारा गिराया हुआ कचरा मिला था। आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया कि लोग डस्टबिन होने के बावजूद यहां खुले में कचरा फेंक कर जाते हैं। वहीं, लोगों ने बताया था कि कई बार तक काफी समय तक यहां से कचरे का उठान नहीं होता। जिस पर निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने सीएसआई हरजीत सिंह को जोन एक के सभी कचरा कलेक्शन प्वाइंट पर संबंधित सेनेटरी इंस्पेक्टर व सुपरवाइजर के नंबर अंकित करने के आदेश दिए थे। वहीं, आसपास के लोगों को खुले में कचरा डालने वालों की शिकायत भी इन नंबरों पर करने का आह्वान किया था।

निगमायुक्त के निर्देशों पर सीएसआई हरजीत सिंह की टीम ने जोन एक में वार्ड एक से लेकर 11 तक के सभी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों पर पेंट कर संबंधित सेनेटरी इंस्पेक्टर व सुपरवाइजर के नंबर अंकित कराए। प्वाइंट पर संबंधित वार्ड व प्वाइंट नंबर भी अंकित किया गया। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने कहा कि सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बने इसके लिए जोन एक में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू कर दिया गया है। जोन दो में भी जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कचरा उठान व्यवस्था बेहतर करने के लिए सभी प्वाइंटों पर सेनेटरी इंस्पेक्टर व सुपरवाइजर के मोबाइल नंबर अंकित करवा दिए गए है। लोग कलेक्शन प्वाइंट पर अंकित किए गए मोबाइल नंबरों पर फोन कर कचरा उठान करवा सकते है। इसके अलावा जो लोग खुले में कचरा डालते है, उनकी शिकायत भी लोग इन नंबरों पर कर सकते है। खुले में कचरा फेंकने वालों पर सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न फेंके। निगम के वाहन को ही कचरा दे। इसके अलावा जहां डस्टबिन रखे है, केवल उनमें ही कचरा फेंके।

#### कचरा न उठाने पर इन नंबरों पर दें सूचना

जोन नंबर एक में कचरा ने उठाने पर शहरवासी वार्ड नंबर एक में सुपरवाइजर गोविंद के नंबर 8168353262 पर, वार्ड नंबर दो में सुपरवाइजर गौतम के नंबर 8307168227 पर, वार्ड नंबर तीन में राकेश के नंबर 9068970755 पर, वार्ड नंबर चार में सुपरवाइजर शंटी के 8814005911 पर, वार्ड नंबर पांच में सुपरवाइजर राजेश के 8307703913 पर, वार्ड नंबर छह में सुपरवाइजर शुभम के 8295898957 पर, वार्ड नंबर सात में सुपरवाइजर अमित के 7206298134 पर, वार्ड नंबर आठ में सुपरवाइजर अंकित के 8295552936 पर, वार्ड नंबर नौ में सुपरवाइजर सतीश के 9315384415 पर, वार्ड नंबर 10 में सुपरवाइजर अजय के 9518030105 पर और वार्ड 11 में सुपरवाइजर साहिल के मोबाइल नंबर 8930186878 पर संपर्क कर सकते हैं। इनके अलावा वार्ड नंबर एक से तीन तक एसआई अमित कांबोज के 8059992900, वार्ड नंबर चार, आठ व नौ में एसआई प्रदीप दहिया के 9671500070, वार्ड नंबर पांच से सात तक एसआई सचिन कांबोज के 7404310007 और वार्ड 10 व 11 में एसआई बिट्टू के नंबर 8708530851 पर कचरा ने उठाने पर शिकायत कर सकते हैं।

# लायंस क्लब सोनीपत ने टीबी मुक्त शहर की ओर बढ़ाया कदम

### बढ़खालसा सीएचसी में पहुंचकर करीब 20-25 लोगों को दिए प्रोटीन युक्त डायट के पैकट

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

लायंस क्लब सोनीपत ने सोनीपत शहर को टीबी मुक्त करने की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है, ताकि शहर से टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इसके लिए लायंस क्लब ने टीबी रोग से ग्रस्त लोगों को पोष्टिक प्रोटीनयुक्त भोजन मिले सके, इसके लिए लायंस क्लब सोनीपत ने जिले के गांव बढखासा की सीएचसी में करीब 20-25 लोगों को प्रोटीनयुक्त डायट के पैकट दिए। इस दौरान लायंस क्लब सोनीपत के प्रधान प्रवीण वर्मा, सचिव आर के गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, सिविल अस्पताल के डॉ. तरुण यादव, डॉ. एक्ता और डॉ. चितवन मौजूद रहे।



सीएचसी बढ़खालसा में टीबी रोगियों को प्रोटीनयुक्त भोजन के पैकट देते क्लब के प्रधान और अन्य।

लायंस क्लब सोनीपत के प्रधान प्रवीण वर्मा ने कहा कि टीबी में आहार की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि इस बीमारी में मौतों का मुख्य कारण मरीजों को उचित पोषक आहार न मिल पाना भी होता है। टीबी में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होनी बहुत जरूरी होती है और ऐसा सही पोषक भोजन से ही हो सकता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने से बीमारी पर पूरी तरह काबू पाने में मदद मिलती है। टीबी के मरीजों को अपनी डायट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस बीमारी में शरीर को यदि जरूरी खुराक न दी जाए तो एक तो बीमारी को पूरी तरह ठीक होने में बहुत समय लगता है और दूसरे, बीमारी के फिर से पनपने का भी खतरा रहता है।

उन्होंने कहा कि टीबी रोग एक बैक्टीरिया के संक्रमण के कारण होता है। इसे फेफड़ों का रोग माना जाता है, लेकिन यह फेफड़ों से रक्त प्रवाह के साथ शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है। पहले टीबी लाइलाज बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब इलाज से यह पूरी तरह ठीक हो जाती है। क्षय रोग मुख्य रूप से फेफड़ों का होता है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों में भी क्षय रोग हो सकता है। लगातार और लंबे समय तक एंटी बायोटिक्स के सेवन से इस बीमारी पर काबू पाया जाता है। टीबी रोग में शुरू में कमजोरी महसूस होती है, फिर भूख घटती जाती है। फिर खांसी, कफ और बुखार भी हो जाते हैं। सिरदर्द, जुकाम और अन्य छोटी बीमारियां भी आक्रमण करने लगती हैं। बाद में कफ के साथ खून भी आने लगता है। कमजोरी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। टीबी की बीमारी में लंबे समय तक दवाइयों के साथ-साथ अच्छी खुराक भी जरूरी होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 के लक्ष्य से पहले ही भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

# गीता महोत्सव में मानव जाति के उत्थान को निकाली रैली



संगत को संबोधित करते सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सर संघ सज्जन।

कुरुक्षेत्र। ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर जहां विभिन्न राज्यों की विभिन्न कलाओं को निहारने का अवसर मिलता है, वही इस बार फरीदाबाद स्थित ध्यान कक्ष भी सभी पर्यटकों के आकर्षण का विशेष केंद्र बना हुआ है। इस ध्यान कक्ष के विषय में अधिक जानकारी स्टॉल नंबर 567 पर उपलब्ध कराई जा रही है।

गीता महोत्सव के दौरान ब्रह्मसरोवर परिसर में एक विशेष रैली निकाली गई। रैली में सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सर संघ सज्जन विशेष तौर पर मौजूद रहे। रैली द्वारा सबको आत्मज्ञान अपनाकर मानवता में आने का संदेश दिया गया। द्रौपदी घाट पर बच्चों ने सबको ईश्वर की सर्व व्यापकता का बोध कराने हेतु हम एक है-हम एक है नामक प्रस्तुति देकर एकता से रहने का संदेश दिया। जागरुकता यात्रा में नगर परिषद की निवर्तमान चेयरपर्सन उमा सुधा भी मौजूद रही। द्रौपदी घाट पर सर संघ सज्जन ने नगाड़ा बजाकर संगत का उत्साहवर्धन किया और संगत को संबोधित करते हुए सर संघ सज्जन ने कहा कि दुराचार छोड़ो, सदाचार अपनाओं और मानवता में आकर मानव जाति की शान बढ़ाओ। संस्था के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल ने बताया कि यह ध्यान कक्ष सतयुग दर्शन ट्रस्ट का एक उपक्रम है तथा ट्रस्ट द्वारा कुरुक्षेत्र में भी सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र का सफलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है। ट्रस्ट के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, शशि वर्मा, लक्की मुंजाल, कांता मुंजाल, अमित अरोड़ा, कुलभूषण गाबा सहित अंबाला, रायवाली और लाडवा के सज्जनों ने भाग लिया।

# प्रेम भाईचारे और समरसता का संदेश देगी सर्व समाज बंधुत्व यात्रा



यमुनानगर। मीरा चली सतगुरु के धाम, सर्व समाज बंधुत्व यात्रा की तैयारी के लिए शनिवार को कपाल मोचन में सामाजिक संगठनों की बैठक हुई। यात्रा के भव्य स्वागत के लिए तथा संत रविदास मंदिर कपालमोचन में होने वाले हजारों लोगों की संख्या के सर्व समाज बंधुत्व यात्रा के समापन सम्मेलन की तैयारी के लिए आसपास के गांवों में कार्यकर्ताओं की टोलिया बनाई गई।

सभी मंदिरों व धार्मिक संगठनों की यात्रा के स्वागत में भागीदारी के लिए टोलियां बनाकर संपर्क अभियान शुरू किया है। स्वागत कार्यक्रम प्रमुख मांगे राम कश्यप ने बताया कि बंधुत्व यात्रा के स्वागत कार्यक्रम चार दिसंबर सुबह नौ बजे सभी धार्मिक सामाजिक धर्मशालाओं के प्रधान व समाज के सभी बंधु बहने उधमसिंह कंबोज चौक पर कश्यप धर्मशाला में इकट्ठे होंगे व उधम सिंह चौक कपालमोचन पर सर्व समाज द्वारा बंधुत्व यात्रा का स्वागत किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम के भव्य स्वरूप के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की समिति का गठन किया गया व प्रबुद्धजनों की एक स्वागत समिति भी बनाई गई।

बंधुत्व यात्रा के प्रांत सह संयोजक सुरेंद्र एडवोकेट ने सामाजिक संगठनों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा में संतों, गुरुओं, महापुरुषों के चित्रों के साथ भव्य रथ भी होगा। बैठक में रिटायर्ड डीएसपी फूल चंद, राज कुमार, धर्म सिंह, राज कुमार, जाहिर सिंह, श्रीकांत, मोहन रामपुर, रजनीश प्रजापति, गुलाब, संदीप, सुभाष कश्यप आदि मौजूद रहे।

## भारतीय संविधान पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष में भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो शीशपाल ने किया। उन्होंने कहा कि संविधान किसी भी देश का वह महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जिसके आधार पर उस देश की शासन व्यवस्था संचालित होती है। उन्होंने स्वतन्त्र और गणतंत्र शब्दों के अर्थों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि मौलिक अधिकारों के साथ साथ संविधान में वर्णित कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक हो। बिना कर्तव्य पालन के कोई देश उन्नति नहीं कर सकता। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुभाष शर्मा ने भारतीय संविधान की पृष्ठभूमि के साथ साथ मुख्य विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिनके बारे में आम नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का संचालन प्रो. सुमन शर्मा व डॉ. सतीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर चार टीमों ने भाग लिया।

# लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

### खेल महोत्सव का शुभारंभ टॉर्च रन के द्वारा किया गया

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल ने वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया। स्कूल की प्रधानाचार्य आशा गोयल, लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिया अरोड़ा, नीलम सहगल व अन्य मौजूद थे।

महोत्सव का शुभारंभ टॉर्च रन के द्वारा किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी अभिभावकों को तिलक लगाकर व अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया। मंच संचालन डाक्टर दिव्या व रीतू नागपाल ने किया। उन्होंने बताया कि लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के खिलाड़ी केवल स्कूल स्तर पर ही सीमित नहीं हैं, वे राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



विजेता छात्रों को सम्मानित करते स्कूल के शिक्षक व अन्य।

कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं हर्डल रेस, रिले रेस, 50 मीटर रेस, कार रेस, गारलैंड मेकिंग रेस, मिस्टर हैंडसम व मिस ब्यूटीफूल आदि में खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने क्लासिकल डांस की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। अभिभावकों ने तालियों से बच्चों का हौसला बढ़ाया व उनके साथ प्रतियोगिता का हिस्सा बने। इनर व्हील क्लब की वाईस प्रेसिडेंट नीलम सहगल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उसके उपरांत विजेता खिलाड़ियों को पदक व सर्टीफिकेट देकर सम्मानित किया गया। लिटल एंजल्स स्कूल के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डाक्टर विशाल गर्ग ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। सोनिया अरोड़ा ने इनर व्हील क्लब के सभी सदस्यों, अतिथिगणों, अभिभावकों, स्कूल प्रशासन एवं प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त-समाचार

### विद्यार्थियों को कर्तव्यों के बारे में किया जागरूक



कुरुक्षेत्र। राजकीय वरिष्ठ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शशि किरण ने की। राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता सविता मदान ने संविधान, मौलिक अधिकार, कर्तव्य पर बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कविता प्रतियोगिता में प्रियंका व पूजा प्रथम रही। स्लोगन में प्रीति, ईशा व अंशु प्रथम रहे। प्राचार्य शशी किरण ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहेंगे तथा इससे बच्चों का ज्ञान भी बढ़ेगा।

### पांच गोवंशों सहित चार गोतस्कर गिरफ्तार

यमुनानगर। गोवंशों को वध के लिए यूपी ले जा रहे गो तस्करों से पुलिस ने पांच गायों को मुक्त करवाया। पुलिस ने मौके से चार आरोपित गोतस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। गांव भटौली निवासी सचिन कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव झिवरेहड़ी के रास्ते से कुछ गो तस्कर गोवंशों को टाटा 407 गाड़ी में भरकर वध के लिए यूपी लेकर जा रहे हैं। पुलिस टीम व गो रक्षा दल के सदस्य मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद उन्हें एक टाटा 407 गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने जब गाड़ी को रोक कर चेक किया तो उसमें पांच गायों को ठूंस-ठूंस कर भरा हुआ था। पुलिस ने गायों को मुक्त कराकर गो तस्कर प्रवेश, रिजवान, अमजद व अजीब को गिरफ्तार किया।

### इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में प्राप्त किया द्वितीय स्थान



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा वॉलीबॉल इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के वॉलीबॉल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता में चारों जोन से भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र, एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी, डीएवी कॉलेज करनाल तथा बीए आर जनता कॉलेज कॉल की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए भगवान परशुराम कॉलेज की वॉलीबॉल टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य शीशपाल ने पूरी टीम तथा टीम मैनेजर डॉ सौरभ त्रिखा व डॉ. दिलबाग सिंह को बधाई दी। टीम मैनेजर डॉ. सौरभ त्रिखा ने बताया कि खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में से दो मैच जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। खेल समिति के संयोजक प्रोफेसर हीरालाल, डॉ. सुरेश पराशर, डॉ. करमजीत, डॉ. माला राम, डॉ. नीरज विशिष्ठ व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### गोवर्धन पूजा कर श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण को लगाया छप्पन भोग



सोनीपत। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मन्दिर श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पूजा कर भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाकर कथा का आनन्द लिया। मुख्य अतिथि पंजाबी गौरव संघ व काठमण्डी टिम्बर एसोसिएशन के प्रधान पवन तनेजा ने सनातन धर्म के अमर ग्रंथ श्रीमद्भागवत की आरती उतार कर प्रभु का स्मरण किया। उत्तराखंड धाम वाले कथावाचक भागवत गंगोत्री विभूषित सुभाष शास्त्री ने माल्यार्पण कर पवन तनेजा को आशीर्वाद दिया। कथावचक ने श्रद्धालुओं को सामाजिक विकृतियों और कुरीतियों को त्याग कर हिन्दू धर्म की रक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज हिन्दू समाज पिछड़ रहा है और उसका सबसे बड़ा कारण है कि हिन्दू संगठित नहीं है। उन्होंने कहा था कि कलयुगे संघे शक्ति और आज कलयुग में हिन्दुओं में बिखराव के कारण राष्ट्रवाद भी प्रभावित हो रहा है। समिति महासचिव प्रेम नारंग, सचिव महेंद्र बत्रा, प्रकाश चावला नम्बरदार, प्रेम वधवा, अशोक पुरी, रमेश मानकतालिया, ललित मेहता, गोबिंद लाल मदान, सोनू कालड़ा, रमेश खन्ना, राकेश बत्रा, जुगल नंदा, पण्डित भगवती प्रसाद, ताड़केश्वर शर्मा, तिलक राज सेतिया, वेद प्रकाश वधवा, चंद्रसैन अरोड़ा, अशोक डेम्बला, राजेश बवेजा, महिला मण्डली प्रधान द्रौपदी थरेजा, महिला महासचिव वीना तनेजा, राज मुंजाल, रितु नंदा, प्रकाश आहूजा, दिव्या डेम्बला, कान्ता गोयत आदि महिला पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दो युवकों ने महिला से ठगे 20 हजार रुपये

यमुनानगर। शादी के लिए यूपी से सस्ते दाम पर कपड़े खरीदकर देने का लालच देकर दो युवकों ने महिला से 20 हजार रुपये ठग लिए। खुद के साथ ठगी का पता चलने पर महिला ने शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात दो युवकों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छप्पर निवासी कर्मो देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर में उसकी ननद पम्मी की शादी की तैयारी चल रही है। 24 नवंबर को वह अपने घर पर अकेली थी। दोपहर बाद करीब तीन बजे उनकी गली में दो लड़के कपड़ा बेचने के लिए आए। उसने उन लड़कों से शादी के लिए कपड़ा दिखाने को कहा। आरोपितों ने उसे अपनी बातों में उलझा लिया और उसे उत्तर प्रदेश से अच्छे कपड़े लाकर शादी के लिए दे देंगे। आरोपित उससे एडवांस में 20 हजार रुपये ले गए, लेकिन वे लौटकर नहीं आए। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित युवक यूपी के नंबर की कार में बैठकर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# अब पंजाब एंड सिंध बैंक की महिला कर्मचारियों को भी भविष्य की ईडी और एमडी बनने का मिलेगा बराबर मौका : रश्मी खेत्रपाल

### इस नीति का उद्देश्य मातृत्व के दौरान महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों के स्तर को कम करना और इस अवधि के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के बैंकिंग क्षेत्र में कामकाजी महिलाएं मैटरनिटी प्रोविजन तो मिल जाता है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि जब वह काम पर लौटती हैं, तो उन्हें ग्रामीण या अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों पर भेज दिया जाता है जिस कारण अधिकांश महिलाएं बिना विश्राम का चयन करती हैं और लगभग 4-5 साल की अतिरिक्त अवैतनिक छुट्टी लेने पर विवश हो जाती हैं। उनके करियर में यह अंतर उन्हें भविष्य में बेहतर जॉब रोल या किसी भी बैंक के ईडी या एमडी के पद तक पहुंचने से रोकता है।



बैंकिंग क्षेत्र में इस एकतरफा परंपरा को हमेशा के लिए तोड़ते हुए पंजाब एंड सिंध बैंक नई कामकाजी माताओं के लिए विशेष प्रावधान को लागू करने वाला पहला बैंकिंग संस्थान बन गया है। जिसका पूर्ण श्रेय पंजाब एंड सिंध बैंक के बोर्ड मेंबर को जाता है। अब बैंक की महिला कर्मचारियों को बच्चे के दो वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पसंद की पोस्टिंग मिलेगी। पीएम नरेंद्र मोदी, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेता मनोहर लाल, गतिशील भाजपा अध्यक्ष ओपी धनखड़ और पंजाब एंड सिंध बैंक के सम्मानित बोर्ड सदस्यों के साथ अपना आभार और धन्यवाद साझा करते हुए, उन्होंने कहा, नयी माताओं के लिए चॉइस पोस्टिंग की यह नीति अन्य सभी बैंकों को इस दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी।

उन्होंने आगे जोड़ते हुए, बताया कि, इस नीति का उद्देश्य मातृत्व के दौरान महिलाओं को होने वाली कठिनाइयों के स्तर को कम करना और इस अवधि के दौरान वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। इसके अलावा, यह बाल कल्याण के लिए एक बेहतर कदम भी है। रश्मी एक जानी-मानी चार्टर्ड अकाउंटेंट और बीजेपी हरियाणा स्टेट इकोनॉमिक सेल की प्रमुख हैं। इसके अलावा, वह हरियाणा में लंबे समय से महिला सशक्तिकरण पर काम कर रही हैं।

# शैक्षिक फर्म बेनेसी ने भारत में किया प्रवेश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जापान की प्रमुख शिक्षा कंपनियों में से एक, बेनेसी कॉर्पोरेशन ने भारतीय शिक्षा क्षेत्र में प्रवेश की घोषणा की है। अपनी शिक्षा को साझा करने और भारत में बेनेसी ने हाल ही में शिक्षा का भविष्य और बच्चों को सक्षम बनाना शीर्षक से एक शिखर सम्मेलन के साथ ही भारत में प्रवेश किया।

यह कार्यक्रम द ग्रैंड, वसंत कुंज, नई दिल्ली में हुआ। कार्यक्रम में हिमांशु गुप्ता निदेशक शिक्षा, एनसीईआरटी, दिल्ली सरकार ने भारतीय शिक्षा प्रणाली के समकालीन पहलुओं पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। पैनल चर्चा का विषय - बैक टू क्लासरूम ऑनलाइन बनाम ऑफलाइन, स्कूलों में सुधार और सीखने के परिणामों में सुधार के लिए, छात्र डेटा विश्लेषण की प्रासंगिकता रहा। बेनेसी इंडिया के प्रतिनिधि निदेशक, कोतारो उएदा ने भारत में उनके प्रवेश पर विचार करते हुए कहा, हम बहुत लंबे समय से भारत के शिक्षा क्षेत्र को देख रहे हैं। जिस बात ने हमें भारत में अपना संचालन शुरू करने के लिए, पूरी तरह से आश्वस्त किया, वह 2020 की नई शिक्षा नीति थी। हमारा अनुभव भारत में हमारे स्कूल भागीदारों के लिए मददगार साबित होगा।

सम्मेलन के दौरान बोलते हुए, बेनेसी इंडिया के कार्यकारी निदेशक हेमंत जोशी ने कहा, हम बहुत ही डेटा समर्थित तरीके से स्कूलों के साथ काम करने की परिकल्पना करते हैं। और इसलिए, हम पहली पेशकशों में छात्र मूल्यांकन, निरंतर सुधार कार्यक्रम, डेटा स्कूल और व्यक्तिगत छात्रों के स्तर पर योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। जो स्कूल और बेनेसी के बीच साझेदारी में निष्पादित एक सतत सुधार कार्यक्रम होगा। दूसरी पेशकश मूल्यांकन निष्कर्षों के आधार पर छात्रों को विशिष्ट शिक्षण सहायता प्रदान करने पर केंद्रित है। जापान में हमारे अनुभव और भारत में हमारे क्लाइंट्स से हमें जो फीडबैक मिल रहा है, उसके आधार पर कई अन्य पेशकशों की जा रही हैं और इन्हें आकार दिया जा रहा है।

# मैक्स लाइफ ने लॉन्च किया स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी प्लान

### ऐसा समावेशी इंश्योरेंस प्लान जिसमें ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को डिस्काउंट मिलता है

### लाइफ इंश्योरेंस कवर और वित्तीय सुरक्षा एक साथ मिलते हैं

मनस्वी वाणी। गाजियाबाद

मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (मैक्स लाइफ/ कंपनी) ने अपना खास प्लान स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी प्लान - नॉन-लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग इंडिविजुअल लाइफ इंश्योरेंस सेविंग प्लान लॉन्च किया है। इस प्लान में गारंटीड रिटर्न, लाइफ इंश्योरेंस कवर और वित्तीय सुरक्षा एक साथ मिलते हैं।

MAX LIFE INSURANCE

अपने व्यापक फायदों के साथ स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी प्लान, ऐसा व्यापक प्लान है जिसकी कोशिश यह पक्का करना है कि ग्राहक अपने जीवन से जुड़े लक्ष्य हासिल कर सकें और लंबी अवधि में वित्तीय अनिश्चितताओं से सुरक्षित रह सकें। इस प्लान की अनोखी बात यह है कि यह प्लान ग्राहक को पॉलिसी जारी होने की तारीख के हिसाब से नहीं, बल्कि पॉलिसीधारक द्वारा तय की गई तारीख के हिसाब से सालाना आय पाने का मौका देता है।

प्रशांत त्रिपाठी, एमडी एवं सीईओ, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, जीवन में लगातार बदलाव होते रहते हैं और जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे आपकी और आपके परिवार की जरूरतें व इच्छाएं भी बढ़ती जाती हैं। चाहे वह अपना सपनों का घर खरीदने जैसी उपलब्धि हासिल करने की बात हो या फिर बच्चे की पढ़ाई का इंतजाम करना या फिर शांतिपूर्वक तरीके से सेवानिवृत्त होना, आपको आज के अनिश्चितता से भरे माहौल में उन्हें सुरक्षित रखना ही होता है। हमारा स्मार्ट वेल्थ एडवांटेज गारंटी प्लान, समृद्धि बढ़ाने के उपायों के साथ जीवन बीमा का विकल्प उपलब्ध कराता है, ताकि भविष्य के लिए वित्तीय सुरक्षा का प्रबंध किया जा सके। मैक्स लाइफ का यह खास प्रोडक्ट बहुत ही इनोवेटिव डिजाइन पर आधारित है, ताकि पॉलिसीधारकों को ढेर सारे अलग-अलग तरह के विकल्प उपलब्ध कराए जा सकें और यह भी रिटर्न से कोई समझौता किए बगैर।

# ब्रह्मसरोवर तट ने सांस्कृतिक विरासत एक जगह एकत्रित कर बनाई पहचान

## महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों अपने-अपने प्रदेश के लोक नृत्य की दी प्रस्तुति

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के पावन पर्व पर ब्रह्मसरोवर का तट देश की सांस्कृतिक विरासत को एक ही जगह पर सहेजने के रूप में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। इस तट पर देश के विभिन्न राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की लोक संस्कृति की छठा बिखेर रहे हैं और देश के 23 राज्यों से आए शिल्पकार अपनी कलाओं के जरिए लोगों को आकर्षित करने का कार्य कर रहे है। इस सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने और पवित्र ग्रंथ गीता की नगरी को देखने के लिए रोजाना काफी संख्या में पर्यटक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में पहुंच रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आठवें दिन शनिवार को सुबह से ही पर्यटक सरस और शिल्प मेले में खरीदारी करने के लिए पहुंच गए। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया और सायं होती गई त्यों-त्यों पर्यटकों की आवाजाही भी बढ़ती रही। इस महोत्सव में पर्यटकों को देश के हर राज्य की लोक कलाओं और संस्कृति से आत्मसात करने का अवसर मिल रहा है। इस वर्ष उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक कला केन्द्र पटियाला की तरफ से हिमाचल प्रदेश के कलाकार सिरमौरी नाटी, उत्तराखंड के कलाकार थाडिया चौफला नृत्य, राजस्थान के कच्ची घोड़ी नृत्य, जम्मू-कश्मीर के कलाकार कुड नृत्य, हरियाणा के कलाकार गाथा गायन, महाराष्ट्र के कलाकार धानगिरी गाजा नृत्य, असम के कलाकार बरदोईशिकला नृत्य, छतीसगढ़ के कलाकार गौड मारिया नृत्य, वेस्ट बंगला के कलाकार पुरुलिया छाऊ नृत्य की शानदार प्रस्तुती दे रहे है। इसके साथ-साथ पंजाब का बाजीगर ग्रुप भी पर्यटकों को अपने मोहपाश में बांधने का काम कर रहा है।

महोत्सव में जहां पर्यटकों प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को देखने का मौका मिल रहा है, वहीं देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के जिलों से आए शिल्पकारों की शिल्पकला को देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है। इन पर्यटकों के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से पुख्ता इंतजाम भी किए गए है और तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों को कुरुक्षेत्र की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। एनजेडसीसी के अधिकारी मोहिन्द्र का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए विभिन्न प्रदेशों के बेहतरीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

यह कलाकार कुरुक्षेत्र और आसपास के तीर्थों पर अपनी प्रस्तुती दे रहे है। यह शिल्प और सरस मेला छह दिसंबर तक चलता रहेगा और पर्यटक इस महोत्सव में पहुंचकर शिल्पकारों की शिल्पकला और विभिन्न प्रदेशों के लोक नृत्य का आनंद उठा सकते है।





### एक साड़ी बनाने में 15 लोगों को लगता है डेढ़ महीने का समय

**शिल्पकार** खुर्शीद ने बड़े उत्साह के साथ बातचीत करते हुए कहा कि हाथ से बनी बनारसी साड़ी हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। लेकिन कभी सोचा है कि इसमें ऐसा क्या है कि इस साड़ी को हाथ से बनाने में 15 लोगों को डेढ़ महीने तक का समय लग जाता है। इसमें गंगा-जमुना की तहजीब होती है, जो दो धर्मों को आपसे में जोड़ती है। बनारसी साड़ी बनाने की पूरी कहानी समझने में तो कम से कम दो महीने का समय लग जाएगा, लेकिन यह समझ लो कि इस साड़ी को बनाने के लिए धागा हिन्दू व्यापारियों के यहां से आता है। उसके बाद फिर ताना व बाना मुस्लिम कारीगरों के यहां तैयार होकर सिल्क बनता है। फिर वह रगांई के काम के लिए आगे दोबारा हिंदू या मुस्लिम कामगर के पास जाता है। जरी के काम भी हिन्दू-मुस्लिम दोनों कामगार मिलकर करते हैं, फिर तैयार होकर ज्यादातर हिन्दू व्यापारियों के पास दुकानों पर पहुंचता है। इस प्रकार कि जटिल प्रक्रिया के बाद बनारसी साड़ी उनके चाहवानों के पास पहुंचती है।

### दो धर्मों को आपस में जोड़ रही है बनारसी साड़ी

**हिन्दू** शादी में शुभ माने जाने वाली व महिलाओं की शान में चार चांद लगाने वाली हाथ से बनी बनारसी साड़ी का जलवा आज भी उतना कायम है, जितना बरसों पहले होता था। कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में तो बनारसी साड़ियों का जलवा दोगुना हो जाता है। बनारस से आने वाले मुस्लिम कारीगरों का कहना है कि कुरुक्षेत्र उन्हें अपने घर जैसा लगने लगा है और बनारसी साड़ी बनाने के बहाने हिंदु समुदाय के रीति-रिवाज भी उनके लिए बड़े जाने-पहचाने से हो गए हैं। अहम पहलू यह है कि इस महोत्सव में हर साल बनारसी साड़ियां लेकर आने वाले बनारसी कारीगरों को कुरुक्षेत्र और आसपास के लोग बहुत अच्छे से जानने और पहचानने लगे हैं। ग्राहक और दुकानदारों ने आपस में अपने फोन नंबर साझे किए हैं ताकि महोत्सव के समाप्त होने के बाद भी साड़ी खरीदने और बेचने का सिलसिला भी चलता रहे। महोत्सव के स्टॉल नंबर 32 पर अपनी बनारसी साड़ियों को सजाएं शिल्पकार खुर्शीद ने बातचीत करते हुए कहा कि बनारसी साड़ी अपनी धार्मिक आस्था से लेकर अपनी अमीरी दिखाने के कारण दुनिया भर में प्रसिद्ध है। वहीं अगर कभी भी बनारस की बात हो और बनारसी साड़ी की बात ना हो तो वो बात अधूरी ही रह जाती है, लेकिन जब आप गीता महोत्सव में उनके स्टॉन पर आओगे तो आपको वहां गंगा-जमुना तहजीब से लबालब बनारसी साड़ियों का अनोखा संगम मिलेगा। वह गीता महोत्सव में वह पिछले बीस वर्ष से आ रहे हैं।





महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### सेल्फी प्वाइंट पर क्रेजी हुए बच्चे और युवा

**सोशल** मीडिया के युग में सेल्फी के लिये हमेशा क्रेजी रहने वाले बच्चों और युवाओं सहित हर उम्र के लोगों लिए अच्छी खबर है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के चारों ओर सेल्फी पॉइंट बने हुए हैं और महोत्सव में आने वाले पर्यटक सेल्फी लेने के अपने शौक को पूरा कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर परिसर में पुरुषोत्तमपुरा बाग स्थित भगवान श्री कृष्ण अर्जुन रथ सबसे बड़ा सेल्फी पॉइंट है, जहां हर समय दर्जनों पर्यटक सेल्फी ले रहे होते हैं। भगवान श्री कृष्ण के इस रथ के साथ चार घोड़े जुड़े हैं और श्रीकृष्ण रथ पर मौजूद अर्जुन को गीता का उपदेश देते हुए दिखाए गए हैं। इस पूरे स्थल को महाभारत ग्रंथ के दृश्यों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इसी पौराणिक दृश्य और पवित्र ग्रंथ गीता से जुड़े होने के कारण पर्यटक सबसे ज्यादा सेल्फी इसी जगह लेते हैं और अपनी सेल्फी को सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर पोस्ट करते हैं।

### सरकार ने गीता जयंती को दिया अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का बड़ा स्वरुप

**अंबाला** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रत्तन लाल कटारिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर की तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने और विदेशी पर्यटकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के ढांचे को तैयार करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आने वाले लोकसभा सत्र में कुरुक्षेत्र में विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का निर्माण करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाने की मांग को सदन में रखेंगे। इतना ही नहीं सरकार ने गीता जयंती के एक छोटे से समारोह को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का बड़ा स्वरूप देने का काम किया है। सांसद रत्तन लाल कटारिया गत्त देर सायं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मौके पर केडीबी सीईओ चंद्रकांत कटारिया, सीएम एमिनेंट पर्सन प्रदीप झांब आदि उपस्थित थे।

### नगाड़ा पार्टी के कलाकार कर रहे आकर्षित

**महोत्सव** में इन सब के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति को प्रदर्शित करते सपेरा बीन पार्टी, डमरू पार्टी, नगाड़ा पार्टी और बीन बांसुरी पार्टी के कलाकार भी लोगों के सेल्फी के शौक को पूरा करवा रहे हैं। यही नहीं पंजाब के जिन्दवा, हिमाचल के सिरमौर नाटी, राजस्थान के चेरी घुम्मर, जम्मू कश्मीर के हिमाली व पंजाब के फौजी बैंड के कलाकारों के साथ पर्यटक सेल्फी लेते नजर आ रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### विद्यालय में चलाया सफाई अभियान



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य भूपेन्द्र सिंह द्वारा फावड़ा चला कर की गई। प्राचार्य ने बताया कि यह सफाई अभियान एनएसएस द्वारा आयोजित किया गया है और अभियान का उदेश्य विद्यार्थियों को अपने आस पास सफाई रखने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान में एनएसएस के सदस्यों के साथ साथ विद्यार्थियों ने भी बड़ी रुचि दिखाई। इस अवसर पर भौतिकी प्रवक्ता अनिल, मुकेश शर्मा, गरीब दास, लक्ष्मी प्रसाद, जय प्रकाश, हरदीप सिंह, संजीव कुमार, सुजाता चौधरी इत्यादि प्रवक्ताओं ने भी श्रमदान करके अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। अंत में प्राचार्य द्वारा बच्चों को फल वितरित किए गए।

### भारत का संविधान विश्व का बेहतरीन संविधान : अंकित गुप्ता



कुरुक्षेत्र। आल इंडिया लॉयर्स फौरम के हरियाणा स्टेट सेक्रेटरी एवं जिला कष्ट निवारण समिति के निवर्तमान सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान है यह संविधान किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं बल्कि पूरे देश का है और हमे अपने संविधान पर गर्व है। गुप्ता ने कहा कि भारत का संविधान हमें आजाद देश के आजाद नागरिक होने का एहसास कराता हैं। अंकित गुप्ता ने बताया कि 1946 में संविधान सभा का गठन किया गया था, जिसमें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद इसके सदस्य थे और अंबेडकर की अध्यक्षता में संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर थे इसलिए उन्हे संविधान निर्माता भी कहा जाता है।

### किडजी स्कूल में धूमधाम से मनाया कल्मिनेशन डे

**कुरुक्षेत्र।** किडजी स्कूल सेक्टर-3 में नर्सरी, जूनियर केजी व सीनियर केजी के बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ मिलकर कल्मिनेशन डे बड़ी धूमधाम व हर्ष उल्लास के साथ मनाया। इसका मनोरथ बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। इसमें लगभग 285 अभिभावकों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें नर्सरी के अभिभावकों ने बच्चों के साथ मिलकर ड्राइंग,फ्लावर बुके और पेपर डांस में प्रतिभागिता की। जिसमें प्रथम अरहान, प्रवया व श्रनया, द्वितीय शानवी, सिद्धार्थ व टिशा और तृतीय रियांश, कनुप्रिया व ओम रहे। जूनियर केजी के अभिभावकों ने सैलेड डेकोरेशन और म्यूजिकल चेयर खेल में प्रतिभागिता की। जिसमें प्रथम पार्थ, काव्या व दिशु, द्वितीय शहबाज और तृतीय विनायक रहे। सीनियर के.जी के अभिभावकों ने फायर लेस कुकिंग, सार्ट पल्सेस, म्यूजिकल चेयर में भाग लिया, जिसमें प्रथम रवनीक सिंह, आशवी गुप्ता व युवराज, द्वितीय तनिष्का व अंश और तृतीय निरवान रहें। प्रबंधक परमिंदर बाठ ने बताया कि विद्यालय अपने आगामी सत्र से पेंटा माइंड लर्निंग के साथ अपना शैक्षणिक सत्र आरंभ कर रहा है और पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए इंग्लिश लैब आरंभ होंगी।

## कांग्रेस में युवाओं सहित सभी वर्गों के हित सुरक्षित : प्रेम हिंगाखेड़ी



गांव त्योड़ी में नवनिर्वाचित सरपंच पति रणजीत त्योड़ी को बधाई देते कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने हलके के अधिकांश नवनिर्वाचित सरपंचो से मुलाकात की। गांव त्योड़ी में युवाओं से रूबरू होते हुए प्रेम हिंगाखेड़ी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में युवाओ सहित सभी वर्गों के हित सुरक्षित हैं।

उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में आने वाला समय कांग्रेस का है। इससे पहले उन्होंने गांव त्योड़ी, धन्तोड़ी, दयाल नगर, हरिपुर, किशन गढ़, कलसाना, कलसानी के सरपंचों से मुलाकात की और उन्हें सरपंच बनने पर बधाई दी। प्रेम ने कहा कि नवनिर्वाचित सरपंचों को ग्राम पंचायत के माध्यम से जनप्रतिनिधि हेतु विकास करना चाहिए। उन्होंने पंच-सरपंचों से कहा कि चुनाव जीतने के बाद अब वे गांव में किसी से भी गिला-शिकवा न रखें और सबसे भाईचारा बना कर विकास कार्यों को प्राथमिकता दें। इस दौरान प्रेम हिंगाखेड़ी ने 30 युवाओं को पटका पहना कर कांग्रेस भी ज्वाइन करवाई। प्रेम हिंगाखेड़ी ने बताया कि कांग्रेस में शामिल होने वालों में दीपक, आशीष, वंश, सन्नी, राहुल, हर्ष, गौरव चाहर, संजीव, विकास, आर्यन, हर्ष, शुभम, राहुल कुमार के साथ साथ युवा शामिल रहे।

## सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया ने गीता जयंती पर लगाया जूस का लंगर

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा गांव थाना में गीता जयंती के उपलक्ष्य पर रियल जूस का भंडारा दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्मसरोवर समिति के अध्यक्ष रघुबीर सिंह द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि गांव थाना में हर वर्ष कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व सभी ग्रामवासियों के सहयोग से ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर गीता जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सृष्टि के रचनाकार है। इस गीता महोत्सव के पावन पर्व पर सेवा ट्रस्ट की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से रियल जूस का अटूट लंगर लगाया गया है। ब्रह्मसरोवर समिति के सभी सदस्य रघुबीर सिंह, सचिन नम्बरदार, सिकंदर, राजबीर नम्बरदार, श्रीपाल, पाला प्रजापत, बिट्टू नम्बरदार, महेन्द्र सिंह, मुनीष शर्मा, मास्टर कृष्ण, सीमा शर्मा ओर समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

## सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो नामजद

### हरियाणा विधानसभा में रिकार्ड स्टोर की पोस्ट के लिए सिफारिश लगवाने के नाम पर मांगे 12 लाख रुपये

पायनियार समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद,

**शाहाबाद** पुलिस ने हरियाणा विधानसभा में रिकार्ड स्टोरर की पोस्ट के लिए सिफारिश लगवाने के नाम पर 12 लाख रुपये की मांग करने तथा सात लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दो लोगों को नामजद किया है।

पुलिस को दी शिकायत में प्रेमपाल बैनीवाल ने कहा कि 30 सितंबर 2021 को उसके पुत्र का हरियाणा विधानसभा चंडीगढ़ में रिकार्ड स्टोरर की पोस्ट के लिए इंटरव्यू था। शिकायतकर्ता को जगमाल सिंह गोलपुरा मिला और उसके लड़के के इंटरव्यू के बारे पूछा तो उसने कहा कि उसकी कोई सिफारिश नहीं है जिस पर आरोपी ने कहा कि वह अपने एक जानकार देवल राणा को उससे मिलवाता है और उसके साथ उसके अच्छे संबंध हैं। इसके बाद वह उसे बराड़ा विश्रामगृह में लेकर गया जहां पर देवल राणा पहले से मौजूद था वहां पर आरोपी जगमाल सिंह ने उसे पूरी गारंटी दी कि देवेल राणा बहुत ही पहुंच वाला आदमी है।

जब उसने पूछा कि देवेल राणा क्या काम करता है तो वह उसे गाड़ी के पास लेकर गया जिस गाड़ी के अगले शीशे पर हरियाणा विधानसभा सैक्रेटरी का स्टिकर लगा हुआ था और बोला कि यह इसकी पहचान है तथा यह हरियाणा विधानसभा में सैक्रेटरी के पद पर है। उसके बाद रैस्ट हाऊस के कमरे में बातचीत हुई तो आरोपी ने कहा कि यह मेरा खास आदमी है। इसकी हर तरह की जिम्मेदारी मेरी है। शिकायत में कहा गया कि उसे यह नहीं पता कि वह किस व्यक्ति से बात कर रहा था। शिकायत में कहा गया कि उसी सायं को देवेल राणा का उसके पास फोन आया और बोला कि आपके लड़के का काम बन जाएगा। उसके बाद वह अगले दिन फिर बराड़ा विश्रामगृह में गए जहां पर देवेल राणा ने 15 लाख रुपये की मांग की। बाद में 12 लाख रुपये में बात हुई। दो दिन बाद देवेल राणा ने उससे पांच लाख रुपये की मांग की जो कि उसने देवेल राणा को अपने चैंबर में पांच लाख रुपये नकद दे दिए। उसके बाद देवेल राणा ने अपना खाता नंबर दिया और कहा कि इसमें दो लाख रुपये डलवा दो जिस पर शिकायतकर्ता ने 1 लाख 20 हजार रुपये व 80 हजार रुपये दो बार में आरोपी द्वारा दिए गए खाते में डाल दिए। शिकायत में कहा गया कि उसके बाद दोनों आरोपी लारेबाजी करते रहे और जब शिकायतकर्ता ने अपने पैसे वापस मांगे तो उनके कुछ साथी उसके पास आए और 10-15 दिन का समय मांगा परंतु उसके बाद दोनों आरोपियों ने उसका फोन ब्लॉक कर दिया।

## हंस की विशेषता है की पानी में से दूध निकाल लेता : जय मुनि महाराज



जैन स्थानक में पहुंचने पर शिक्षा मंत्री स्वागत करते राजीव जैन व अन्य।

**सोनीपत।** सेक्टर 15 जैन स्थानक में जन सभा को संबोधित करते हुए जय मुनि महाराज ने फरमाया संत राजहंस की तरह बाहर व अंदर से स्वेत यानी निर्मल मन, सरल आत्मा तथा पवित्र विचारों के धनी होते हैं। हंस की विशेषता है की पानी में से दूध निकाल लेता है। इसी तरह संत जन निस्सार वस्तु से भी सार निकाल लेते हैं। वे मनमुखी नहीं, गुरुमुखी व आत्म मुखी होते हैं।

पुष्कर तीर्थ में निर्मित ब्रह्मा जी की चतुर्मुखी मूर्ति की उपमा देते हुए उन्होंने कहा जैसे वहां एक मुख आगे है जो साफ नजर आता है। दूसरा मुख पीछे है जो नजर नहीं आता। शेष जो दो मुख दाई और बाई तरफ हैं वे आधे नजर आते हैं। इसी तरह हमारे पास चार तत्व हैं शरीर, आत्मा, मन और बुद्धि। आत्मा रूपी चेहरा पीछे है जो संसारी लोगो को नजर नही आता, जर, जोरू, जमीन के चक्कर में फंसे संसारी लोग आत्मा को पीछे ही रखते हैं शरीर तक ही केंद्रित रहते हैं। जब की संत लोग शरीर को पीछे तथा आत्मा को आगे रखते हैं। उन्होंने चारों दिक्षार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि तुम जैन साधना का कठोर पथ अपना रहे हो तो आत्मा को आगे रखना, उसकी पवित्रता अखंड रहे। शुद्ध आत्मा को ही परमात्मा कहते हैं। कंवर पाल गुज्जर शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार ने भी गुरुदेवों के दर्शनों का लाभ लिया तथा दीक्षार्थी बंधुओं को आशीर्वाद देते हुए उनके शुद्ध संयमी जीवन के लिए शुभकामना की। ध्यान रहे संघशास्ता गुरुदेव सुदर्शन लाल के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार की घोषणा के अनुसार शिक्षामंत्री ने गुरुदेव की जीवनी पाठ्यक्रम में शीघ्र शामिल करवाने का आश्वासन दिया। राजीव जैन, कविता जैन, महावीर प्रसाद जैन, मामन चंद जैन आदि रहे।

## स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के लिए न्योता देने पहुंचेंगे उपमुख्यमंत्री : विधायक

### पार्टी पदाधिकारियों, पंच और सरपंचों से बैठक कर कार्यक्रम का दिया न्योता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद,

**जननायक** जनता पार्टी हल्का शाहाबाद के कार्यकर्ताओं की एक बैठक जजपा हल्का अध्यक्ष जगबीर मोहड़ी की अध्यक्षता में शाहाबाद के विश्राम गृह में हुई। बैठक में मुख्यातिथि शुगरफेड के चेयरमैन एवं विधायक रामकरण काला व जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाल ने शिरकत की।


बैठक को संबोधित करते हुए जगबीर मोहड़ी ने शनिवार की बैठक 29 नवंबर को कुरुक्षेत्र के जिमखाना क्लब में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जजपा के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर भिवानी में होने वाले कार्यक्रम का न्योता देने पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक रामकरण काला ने कहा कि नौ दिसंबर को जननायक जनता पार्टी के पांचवें स्थापना दिवस पर भिवानी में होने वाली रैली बेहद महत्वपूर्ण है। यह रैली 2024 में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पार्टी कार्यकर्ताओं से भिवानी पहुंचकर अपनी मजबूत हिस्सेदारी दर्ज कराने की अपील के साथ हर जिले में पहुंचकर न्योता दे रहे हैं। विधायक ने बताया कि पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ साथ पंच सरपंचों को रैली के लिए न्योता दिया गया है। विधायक ने कहा कि शाहाबाद क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



बैठक में जजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक रामकरण काला।

उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। कोरोना काल के चलते विकास कार्य नहीं हो पाए लेकिन अब स्थिति सामान्य है और हल्के में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने कहा कि रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। कार्यकर्ताओं की बैठक को जजपा के जिला अध्यक्ष कुलदीप जखवाल, जजपा किसान सेल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सूबे सिंह त्योडी व नपा प्रधान गुलशन क्वात्रा ने भी कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कुरुक्षेत्र पहुंचने का आग्रह किया। मौके पर जजपा शहरी प्रधान व पार्षद डॉ. प्रवीन शर्मा, कंवर पाल, पार्षद जगतार सिंह, हरबक्श सिंह कठवा, रमेश कश्यप, सरपंच रंजीत त्यौड़ी, सरपंच अमरजीत सिंह मामुमाजरा, सरपंच रंजीत सिंह डाडलु, सरपंच कुलविंदर ढकाला, रिंकू कठवा, राजू त्यौड़ा, गुरमीत त्यौड़ी, संत सिंह, सुखजीत सिंह अंटाल, बलकार चिबा, दर्शन सिंह झरौली, ओम प्रकाश मदनपुर, विजय ठकराल, रूबल शर्मा, बलदेव सिंह झरौली, विक्की मदान व राकेश रावा सहित जजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**रिश्ते**

पुरुषों की उन्मुक्त हँसी पर किसके पहरे होते हैं?
नारी की मुस्कानों में भी ग़म ही ठहरे होते हैं
नर की तुलना में नारी को नारी ही बेहतर समझे
दर्द भरे रिश्ते ख़ुशियों से ज़्यादा गहरे होते हैं

# चीन ने भारत के बिना हिंद महासागर क्षेत्र के 19 देशों के साथ बैठक की

## बैठक में यूनान प्रांत के कुनमिंग में साझा विकास, समुद्री अर्थव्यवस्था को लेकर की गई थी

एजेंसी। बीजिंग

चीन ने इस सप्ताह हिंद महासागर क्षेत्र के 19 देशों के साथ बैठक की जिससे भारत अनुपस्थित रहा। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में भारत को आमंत्रित नहीं किया गया था।

चीन के विदेश मंत्रालय से जुड़े संगठन चाइना इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोऑपरेशन एजेंसी (सीआईडीसीए) के बयान में कहा गया कि 21 नवंबर को विकास सहयोग पर चीन-हिंद महासागर क्षेत्रीय मंच की बैठक में 19 देशों ने हिस्सा लिया। बयान में कहा गया कि यह बैठक यूनान प्रांत के कुनमिंग में साझा विकास, समुद्री अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य से सिद्धांत और तौर-तरीके विषय के तहत हाइब्रिड यानी प्रत्यक्ष-ऑनलाइन तरीके से आयोजित की गई। इंडोनेशिया, पाकिस्तान, म्यांमा, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मोजाम्बिक, तंजानिया, सेशेल्स, मेडागास्कर, मॉरीशस, जिबूती और ऑस्ट्रेलिया सहित 19 देशों तथा तीन अंतराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, भारत को कथित तौर पर आमंत्रित नहीं किया गया था। पिछले साल, चीन ने भारत की भागीदारी के बिना कोविड-19 टीका सहयोग पर कुछ दक्षिण एशियाई देशों के साथ



बैठक की थी। सीआईडीसीए का नेतृत्व पूर्व उप विदेश मंत्री और भारत में राजदूत रह चुके लुओ झाओहुई कर रहे हैं। संगठन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, झाओहुई सीआईडीसीए के सीपीसी (चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी) नेतृत्व समूह के सचिव हैं।

सीआईडीसीए की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि संगठन का उद्देश्य विदेशी सहायता के लिए रणनीतिक दिशा-निर्देश, योजना और नीतियां बनाना, प्रमुख विदेशी सहायता मुद्दों पर समन्वय करना और सलाह देना, विदेशी सहायता से जुड़े मामलों में देश के सुधारों को आगे बढ़ाना तथा प्रमुख कार्यक्रमों को चिह्नित करना एवं उनके क्रियान्वयन का मूल्यांकन करना है। इस साल जनवरी में श्रीलंका के अपने दौरे के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग ई ने हिंद महासागर के द्वीपीय देशों के विकास पर एक मंच स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। यह पूछे जाने पर कि क्या सीआईडीसीए की बैठक वही है जो वांग ने प्रस्तावित की थी, चीनी विदेश मंत्रालय ने मीडिया को स्पष्ट किया है कि 21 नवंबर की बैठक उसका हिस्सा नहीं थी। चीन पाकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों में बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ रणनीतिक हिंद महासागर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

चीन का यह मंच साफ तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के मजबूत प्रभाव का मुकाबला करने के उद्देश्य से है, जहां हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) जैसे भारत समर्थित संगठन ने मजबूत जड़ें जमा ली हैं जिसके 23 देश सदस्य हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों के बीच सक्रिय सहयोग के लिए 2015 में क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) पहल का प्रस्ताव दिया।

# नासा का ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर विहंगम कक्षा में पहुंचा

एजेंसी। केप कैनवेरल (अमेरिका)



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के चारों ओर हजारों मील की दूरी तक फैली एक विहंगम कक्षा में प्रवेश कर गया है। कैप्सूल और इसमें रखी तीन परीक्षण डमी ने प्रक्षेपण के एक सप्ताह से अधिक समय बाद चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश किया। यह लगभग एक सप्ताह तक इस व्यापक लेकिन स्थिर कक्षा में रहेगा।

यह शुक्रवार तक पृथ्वी से 2,38,000 मील (3,80,000 किलोमीटर) दूर था और इसके आगामी कुछ दिन में करीब 2,70,000 मील (4,32,000 किलोमीटर) की अधिकतम दूरी पर पहुंच जाने की उम्मीद है। यह लोगों को ले जाने के लिए बनाए गए कैप्सूल द्वारा तय की गई दूरी का नया रिकॉर्ड बनाएगा।

ओरियन के प्रबंधक जिम जेफ्रे ने कहा, इसका मकसद आगे जाने के लिए खुद को चुनौती देना, लंबे समय तक बने रहना तथा जो हमने पहले खोजा है उसकी सीमा से आगे बढ़ना है। पचास साल पहले नासा के अपोलो कार्यक्रम के बाद से यह पहली बार है जब कोई कैप्सूल चंद्रमा पर पहुंचा है और चार अरब डॉलर की लागत वाली यह परीक्षण उड़ान काफी महत्वपूर्ण है।

# संविधान के हर शब्द का पालन होने तक एकता की राह पर चलता रहूंगा : राहुल

## पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, संविधान जीने का है एक जरिया

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि जब तक संविधान के हर शब्द का पालन नहीं किया जाता, वह एकता की राह पर चलते रहेंगे। वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान जीने का एक जरिया है। इसकी भावना हमेशा समान रहती है।

संविधान सभा ने 1949 में आज ही के दिन भारत का संविधान अपनाया था, इसलिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। गांधी ने ट्वीट किया, जब तक हमारे संविधान के हर शब्द का पालन नहीं किया जाता और हर नागरिक की निष्पक्षता एवं न्याय के जरिए रक्षा नहीं की जाती, मैं इस मार्ग पर चलता रहूंगा। खरगे ने बाबासाहेब आंबेडकर के शब्दों को याद करते हुए, कहा, संविधान केवल वकीलों का कोई दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह जीने का एक साधन है और इसकी भावना सदैव समान रहती है। कांग्रेस प्रमुख ने ट्वीट किया, संविधान सभा के सभी महान नेताओं के बहुमूल्य योगदान को हम याद करते हैं। सभी देशवासियों को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। देश में 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इससे पहले इस दिन को कानून दिवस के तौर पर मनाया जाता था।

### भारत हिंसा के खिलाफ हमेशा बहादुरी से खड़ा रहेगा

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वाले लोगों को शनिवार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत हिंसा के खिलाफ निडर होकर खड़ा रहेगा। गांधी ने ट्वीट किया, भारत की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सैनिक देश का गौरव हैं। मुंबई 26/11 के आतंकवादी हमले में शहीद हुए वीर जवानों और आम नागरिकों को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा, हिंदुस्तान डर और हिंसा के खिलाफ हमेशा निडर खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। उल्लेखनीय है कि 10 पाकिस्तानी आतंकवादी 26 नवंबर, 2008 को समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंचे थे और उनके हमले में 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 मारे गए थे तथा कई अन्य लोग घायल हुए थे।



### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ : जयंत चौधरी



मेरठ (उत्तर प्रदेश)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में पूछे जाने पर जयंत चौधरी ने मेरठ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल गांधी मेहनत से अच्छा काम कर रहे हैं और उनकी भारत जोड़ो यात्रा सांप्रदायिकता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा जनता को आपस में जोड़ने का काम कर रही है। हालांकि, जयंत चौधरी ने राहुल के साथ यात्रा में साथ चलने की बात नहीं कही है। लेकिन उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन कर बड़ा सियासी संदेश देने का प्रयास किया है।

## वन्यजीव सम्मेलन से शार्क और कछुओं के संरक्षण को बढ़ावा मिला


पनामा। अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव सम्मेलन में शार्क, कछुओं, छिपकलियों और मेढकों की सुरक्षा के लिए कुछ अहम नियम बनाने की दिशा में कदम उठाए गए। इन जीवों की संख्या उनका व्यापार किए जाने के कारण घटती जा रही है। वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (सीआईटीईएस) शुक्रवार को पनामा में संपन्न हुआ।

संयुक्त राष्ट्र वन्यजीव सम्मेलन ने पांच सौ से अधिक प्रजातियों की सुरक्षा के साथ ही हाथीदांत व्यापार को फिर खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हाथीदांत व्यापार पर 1989 में पाबंदी लगा दी गई थी। वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय नीति उपाध्यक्ष सुसैन लीबरमैन ने कहा, सीआईटीईएस से अच्छी खबर, वन्यजीव के लिए अच्छी खबर है क्योंकि यह संधि अंतरराष्ट्रीय संरक्षण के स्तंभों में एक है और पुख्ता तौर पर सुनिश्चित करेगा।

# समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार कर रही कर्नाटक सरकार : सीएम

## बोम्मई ने कहा, राज्य सरकार इसे लागू करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी

एजेंसी। शिवमोगा (कर्नाटक)



कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि उनकी सरकार समानता सुनिश्चित करने के लिए राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने पर दृढ़ता से विचार कर रही है। शुक्रवार को यहां अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान का प्रस्तावना समानता और बंधुत्व की बात करता है।

यूसीसी को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा,...हम दीनदयाल उपाध्याय के समय से समान नागरिक संहिता के बारे में बात कर रहे हैं। देश में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर इस पर गंभीर विचार चल रहा है। सही समय आने पर इसे लागू करने का भी इरादा है। उन्होंने कहा, हम यह भी चर्चा कर रहे हैं कि इसे अपने राज्य में कैसे (लागू) किया जाए। बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार इसे लागू करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी।

मुख्यमंत्री ने किया, मैं बहुत स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हम न केवल उन चीजों की व्याख्या करेंगे जो लोगों के कल्याण को सक्षम बना सकती है और समानता ला सकती है, बल्कि इसे लागू करने के लिए उपाय भी करेंगे। कर्नाटक में भाजपा सरकार ने जो धर्मांतरण विरोधी कानून पेश किया है, उस पर बोम्मई ने कहा कि कई लोगों ने इसे गैरसंवैधानिक कहा, लेकिन अब सर्वोच्च न्यायालय ने एक आदेश पारित किया है, जिसमें कहा गया है कि जबरन धर्म परिवर्तन एक अपराध है। उन्होंने कहा, जब भी हम समाज में समानता लाने के लिए सुधार शुरू करने के बारे में सोचते हैं, तो अक्सर इसकी गलत व्याख्या की जाती है।

### पंजाब के फिरोजपुर में पाकिस्तानी गुब्बारा बरामद

फिरोजपुर (पंजाब)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाला एक पाकिस्तानी गुब्बारा शनिवार को बरामद किया। बीएसएफ की 160वीं बटालियन के जवानों ने गुरु हरसहाय में बहादुर के सीमा चौकी के पास यह गुब्बारा बरामद किया। 10 रुपये का एक पाकिस्तानी नोट और एक मोबाइल नंबर लिखा एक कागज गुब्बारे से संलग्न किया हुआ था।

## संक्षिप्त-समाचार

### पाकिस्तानः जानकारी लीक होने पर दो अधिकारी निलंबित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कर विभाग ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा और उनके परिवार के कर के बारे में जानकारी लीक होने के मामले में दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वित्त मंत्री इसहाक डार द्वारा शुरू की गई जांच के बाद यह निर्णय लिया गया। खोजी वेबसाइट फैक्ट फोकस की एक खबर में कहा गया है कि बाजवा और उनके परिवार के सदस्यों के कर संबंधी दस्तावेज ऑनलाइन पोस्ट किए गए थे। वेबसाइट की खबर में आरोप लगाया गया था कि देश के सेना प्रमुख के रूप में उनके छह साल के कार्यकाल में बाजवा और उनके परिवार की संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है।

### जर्मनी-फ्रांस ने एक-दूसरे की मदद करने का संकल्प लिया

बर्लिन। यूक्रेन में युद्ध के बीच रूस से आपूर्ति बंद होने के बाद संभावित ऊर्जा संकट को रोकने के लिए, जर्मनी और फ्रांस ने एक दूसरे को पारस्परिक सहायता प्रदान करने का संकल्प लिया है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज और फ्रांसीसी प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न ने शुक्रवार को एक संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत जर्मनी फ्रांस को बिजली प्रदान करेगा जबकि बदले में अत्यावश्यक प्राकृतिक गैस प्राप्त करेगा। समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बर्लिन में आयोजित एक कार्यक्रम में शोल्ज ने कहा, मित्र जरूरत के समय एक दूसरे की मदद करते हैं। वहीं बोर्न ने कहा कि दोनों यूरोपीय देशों के बीच मित्रता महत्वपूर्ण है।

### बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान चार नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोमरा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सली समेत चार नक्सलियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि पोमरा और हल्लूरगांव के जंगल में नक्सलियों की संभागीय समिति के सदस्य मोहन कड़ती, सुमित्रा, माटवाड़ा, एलओएस कमांडर रमेश और लगभग 40 अन्य माओवादी मौजूद हैं। सूचना के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी), विशेष कार्यबल (एसटीएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था।

# नहीं रहे दिग्गज एक्टर विक्रम गोखले, बीमारी के चलते निधन

एजेंसी। मुंबई



पुणे के अस्पताल में 18 दिन से भर्ती थे

दिग्गज एक्टर विक्रम गोखले का 77 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में अंतिम सांस ली। वो पिछले 18 दिनों से हॉस्पिटलाइज थे। उनकी हालत बुधवार से ही नाजुक बनी हुई थी और वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे।

शुक्रवार को उनकी हालत में कुछ सुधार भी हुआ था, लेकिन मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह से शनिवार दोपहर को उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर पुणे के बाल गंधर्व रंगमंदिर में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार आज शाम को वैकुंठ श्मशान भूमि में होगा। विक्रम गोखले मराठी थिएटर, हिंदी सिनेमा और टेलीविजन में काफी एक्टिव थे। वो फिल्म एक्टर चंद्रकांत गोखले के बेटे थे। विक्रम गोखले की दादी कमलाबाई गोखले इंडियन सिनेमा की पहली फीमेल चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। विक्रम गोखले ने अपने बॉलीवुड में अपने सिने करियर की शुरुआत 1971 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन की फिल्म परवाना से की थी।

फिल्म सेट के अलावा रियल लाइफ में भी दोनों एक्टर अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते थे। जहां विक्रम गोखले के बुरे समय में अमिताभ उनका सहारा बने थे वहीं विक्रम ने भी ये इंटरव्यू में बताया था कि लोगों ने अमिताभ बच्चन की सफलता देखी लेकिन मैंने उनका स्ट्रगल देखा है।

# न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने को हर संभव प्रयास कर रही सरकार : रीजीजू

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय कानून मंत्री किरण रीजीजू ने शनिवार को कहा कि सरकार न्यायपालिका को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और न्यायपालिका के साथ उसके बहुत करीबी एवं सौहार्दपूर्ण संबंध हैं।

रीजीजू ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब कुछ दिन पहले उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठाते हुए उसे संविधान के खिलाफ बताया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की मौजूदगी में उच्चतम न्यायालय में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीजीजू ने कहा, हम प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार की ओर से एक टीम के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा, हम भारतीय न्याय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और साथ ही भारतीय न्यायपालिका के साथ बहुत करीबी एवं सौहार्दपूर्ण संबंध रखने की भी कोशिश कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि पिछले दो सीजेआई एनवी रमण और यूयू ललित और मौजूदा सीजेआई चंद्रचूड़ के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के साथ उनके बहुत सौहार्दपूर्ण संबंध हैं। केंद्रीय कानून मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जैसे बड़े देश में अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति को न्याय मिलने की प्रक्रिया गंभीर रूप से चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कानूनी सेवाओं को समान न्याय प्रणाली की दिशा में अनुरूप बनाने के लिए नए समाधानों को विभिन्न उपलब्ध कानूनी प्लेटफार्मों में उत्पन्न, एकीकृत और इंटरऑपरेट किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में जहां 65 प्रतिशत आबादी अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और जहां अधिकांश राज्यों में क्षेत्रीय और स्थानीय भाषाएं समझने का माध्यम हैं, न्याय तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने में भाषा कथित बाधाओं में से एक बन जाती है।

## मुंबई हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मुंबई में 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकवादी हमलों की साजिश में शामिल लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

चार दिन तक चले इन हमलों में 140 भारतीय नागरिकों और 23 अन्य देशों के 26 नागरिकों की मौत हो गई थी। जयशंकर ने हमले की 14वीं बरसी पर ट्वीट किया, आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है। आज 26/11 के दिन पूरी दुनिया भारत के साथ मिलकर इसके (हमला) पीड़ितों को याद कर रही है। उन्होंने कहा, जिन लोगों ने इन हमलों की साजिश रची, उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय समुदाय के जिम्मेदार सदस्यों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम पीड़ितों के दुख को याद रखें और आतंकवादियों को न्याय दिलाने के प्रयासों में जुटे रहें।

## मायावती ने महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने खाद्य पदार्थों की महंगाई को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि वह इसका जवाब देने व उपाय ढूंढने के बजाय ज्यादातर खामोश बनी रहती है। मायावती ने ट्वीट किया, देश में व्याप्त गरीबी व पिछड़ेपन के लाचार जीवन में महंगाई की मार तथा बेरोजगारी से त्रस्त मेहनतकश लोग हर दिन आटा, दाल-चावल व नमक-तेल आदि के महंगे दाम को लेकर सरकार को कोसते रहते हैं, किन्तु वह इसका जवाब देने व उपाय ढूंढने के बजाय ज्यादातर खामोश बनी रहती है। कहा, अब आटा का दाम भी एक साल में काफी महंगा होकर लगभग 37 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच जाने से लोगों में बेचैनी, हताशा व निराशा है, तो ऐसे में सरकार को अपनी निश्चिंतता व लापरवाही आदि त्यागकर, इसके समाधान के गंभीर उपाय में जीजान से जुट जाना ही समय की सबसे बड़ी मांग है। कहा, भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में यहां वर्षों से व्याप्त विचलित करने वाली गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई आदि अब असली राजनीतिक एवं चुनावी चिन्ता नहीं रही।

## देशभर में राजभवनों तक मार्च करेंगे किसान

नई दिल्ली। तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दो साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को किसान संघ देश भर में राजभवनों तक मार्च निकालेंगे। इन तीन कृषि कानूनों को अब निरस्त कर दिया गया है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने अपने वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है और एक बड़े आंदोलन की जरूरत है। मार्च सरकार द्वारा विभिन्न वादों को पूरा नहीं करने के खिलाफ किसानों के विरोध को भी दर्ज करेगा। किसान नेताओं का दावा है कि सरकार ने उन्हें लिखित में आश्वासन दिया था कि वह चर्चा करके फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए एक कानून लाएगी, लेकिन अब तक कुछ नहीं किया गया। मालूम हो कि हजारों किसानों ने विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग को लेकर एक साल से अधिक समय तक दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन किया। इन किसानों में विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल नवंबर में तीनों कानूनों को निरस्त करने की घोषणा की थी। उसके बाद धरना समाप्त किया गया था।

# सरकार के समर्थन से मुश्किलों का मुकाबला कर रहे हैं ट्रांसजेंडर

एजेंसी। कासरगोड (केरल)

## ट्रांसजेंडर कलाकारों ने शास्त्रीय एवं लोक नृत्य करते-करते सिनेमाई नृत्य प्रस्तुत किए

## कान्हागढ़ में ब्लॉक पंचायत के सहयोग से गठित है अपने तरह का पहला समूह



चेहरे पर बह रहे पसीने की परवाह किए बगैर ट्रांसजेंडर कलाकारों ने अपने अगले कार्यक्रम से पहले यहां ब्लॉक पंचायत कार्यालय में नृत्य का अभ्यास जारी रखा। जब ट्रांसजेंडर कलाकार पारंपरिक शास्त्रीय एवं लोक नृत्य करते-करते बड़ी सहजता से सिनेमाई नृत्य प्रस्तुत करने लगे तो वहां मौजूद लोगों ने उनकी प्रशंसा में तालियां बजाई।

इन ट्रांसजेंडर कलाकारों के लिए, यह केवल एक प्रस्तुति नहीं बल्कि अपनी रोजी-रोटी कमाने का एक साधन है। साथ ही तमाम बाधाओं का मुकाबला करते हुए इस समाज में अपनी उपस्थिति को और अधिक दृश्यमान बनाने का एक प्रयास भी है। ये कलाकार एक अनूठी कला मंडली के सदस्य हैं, जो केरल के कासरगोड जिले के कान्हागढ़ में ब्लॉक पंचायत के सहयोग से गठित अपने तरह का पहला समूह है। ब्लॉक पंचायत ने इस समुदाय द्वारा सामना की जा रही दिक्कतों के मद्देनजर उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। इस समूह का नाम संपूर्ण कला क्षेत्र है। इसे दक्षिणी राज्य में एक सरकारी निकाय द्वारा शुरू या प्रोत्साहित ट्रांसजेंडर का पहला ऐसा पेशेवर समूह माना जा रहा है। जानीमानी ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता ईशा किशोर एक प्रशिक्षित शास्त्रीय नृत्यांगना भी हैं और इस समूह का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने बताया कि समूह में वर्तमान में 15 से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि इन सदस्यों में से कई के पास कोविड-19 के प्रकोप के बाद कोई स्थाई रोजगार या आजीविका का कोई विशेष साधन नहीं था। उन्होंने बताया, कला और नृत्य में रुचि रखने वाले समुदाय के कई सदस्यों ने एक साथ आने और एक कला मंडली पंजीकृत कराने का फैसला किया। हमने सोचा, यदि हम एक पंजीकृत समूह के बैनर तले प्रदर्शन करेंगे, तो हमें समाज में अधिक स्वीकृति मिलेगी। किशोर और साथी ट्रांसजेंडर सदस्यों ने हाल ही में समुदाय के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उनके द्वारा आहूत एक बैठक ट्रांसजेंडर सभा के दौरान कान्हागढ़ ब्लॉक पंचायत के समक्ष प्रस्ताव पेश किया। जिसे ब्लॉक द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

ब्लॉक पंचायत द्वारा पिछले साल इस कला पहल के लिए चार लाख रुपए दिए गए थे, जिसमें उनकी पोशाक, श्रृंगार के सामान, भोजन, यात्रा लागत और प्रशिक्षण का खर्च शामिल था। हालांकि पिछले साल मंडली के सदस्यों की एक अरंगेत्तम (पहला प्रदर्शन) की योजना बनाई गई थी, लेकिन यह योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी।

हालांकि ब्लॉक पंचायत ने योजना को आगे बढ़ाने के लिए अपने बजट में एक उचित राशि निर्धारित की। एक महीने से अधिक समय के कठोर अभ्यास और तैयारियों के बाद, राज्य के मंत्री एमवी राजेश ने पिछले महीने यहां एक कार्यक्रम में कला मंडली की आधिकारिक शुरुआत की। उस समय कलाकारों ने शास्त्रीय के साथ-साथ सिनेमाई नृत्य प्रस्तुत किया। किशोर ने कहा, हमारा मानना है कि उद्घाटन प्रदर्शन से हमारे प्रति लोगों के रवैए में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिली।

# भाजपा बोली, सीएम केजरीवाल राजनीतिक मोतियाबिंद से पीड़ित

एजेंसी। नई दिल्ली



भाटिया ने कहा घोटालों के बावजूद ईमानदारी का दे रहे हैं प्रमाण पत्र

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को दावा किया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजनीतिक मोतियाबिंद से पीड़ित हैं और अपनी सरकार में कथित आबकारी और कक्षाओं के निर्माण घोटालों के बावजूद खुद को ईमानदारी का प्रमाण पत्र दे रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरा देश अब जानता है कि केजरीवाल एक कट्टर बेईमान हैं। आबकारी नीति मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के आरोपपत्र में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का नाम नहीं होने पर केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि वह और आम आदमी पार्टी (आप) कट्टर ईमानदार हैं। केजरीवाल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में भाजपा से सवाल किया कि क्या वह भी अपने किसी नेता के बारे में ऐसा कह सकती है। भाटिया ने कहा, केजरीवाल राजनीतिक मोतियाबिंद से पीड़ित हैं।

# नोएडा-गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक जारी लिफ्ट में बहनों पर झपटा, बच्ची पर हमला

● वंशिका को काटा पड़ोसी ने दी परिवार को धमकी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सेक्टर-168 स्थित द गोल्डन पाम सोसाइटी की लिफ्ट में पालतू कुत्ते ने बच्चों पर हमला कर दिया। इस घटना से बच्ची काफी सहम गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि सोसाइटियों की लिफ्ट में पालतू कुत्तों के ले जाने पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

सोशल मीडिया पर सेक्टर-168 की एक सोसाइटी की लिफ्ट का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में लिफ्ट में दो बच्चियां दिख रही हैं। इस दौरान एक महिला अपने पालतू कुत्ते को लेकर लिफ्ट में प्रवेश करती हैं। लिफ्ट में कुत्ते को आता देखकर दोनों बच्चियां पीछे हट जाती हैं। लिफ्ट में प्रवेश करते ही कुत्ता अचानक एक बच्ची पर झपट पड़ता है। कुत्ते के अचानक हमले से दोनों बच्चियां सहम गईं। इसके बाद कुत्ते की मालकिन ने लिफ्ट को रोक कर दोनों बच्चियों को बाहर निकाल दिया। पालतू व स्ट्रीट डॉग्स द्वारा बच्चों व लोगों पर हमला करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी शहर में कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। गत दिनों नोएडा शहर की एक सोसाइटी में स्ट्रीट डॉग के हमले में 8 वर्षीय बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई थी। बच्ची की मौत के बाद सोसायटी वासियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। वहीं गाजियाबाद के मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र में रहने वाले इंद्रेश की 10 वर्षीय बच्ची वंशिका को पड़ोसी के कुत्ते ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के बाद पड़ोसियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी भी दे दी। वंशिका के पिता इंद्रेश ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कुत्ते के मालिक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है।

इंद्रेश ने बताया कि शुक्रवार देर शाम को पड़ोसी के बच्चे सड़क और पार्क में कुत्ता घुमा रहे थे। इसी बीच वंशिका पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची नीचे गिर गई और उसके हाथ और चेस्ट पर काटते हुए कुत्ते ने घाव कर दिए। घायलावस्था में वंशिका को संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने बिना उपचार किए बच्ची को जीटीबी दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

शनिवार को बच्ची को लेकर इंद्रेश फिर संयुक्त अस्पताल पहुंचे और बड़ी मुश्किल से एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। वंशिका को एंटी रेबीज सीरम लगवाने के लिए स्वजन जीटीबी दिल्ली चले गए हैं। पता चला है कि रात को किसी भी सरकारी अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगाने का इंतजाम नहीं है। बता दें कि गाजियाबाद में कुत्तों का आतंक बरकरार है। इससे पहले भी कुत्तों के आतंक की कई तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है। कुछ ही दिनों पहले गाजियाबाद के क्रासिंग रिपब्लिक की पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी में कुत्तों ने एक महिला और उनके बच्चे पर हमला बोल दिया था।



गौतमबुद्धनगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा थाना दिवस के अवसर पर थाना सेक्टर-20 नोएडा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साइबर सेल, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कवरेज एवं आईजीआरएस का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# 350 करोड़ की लागत से चमकेगा गाजियाबाद स्टेशन

● रेलवे ने जारी की स्टेशन की मॉडल तस्वीर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद का पुराना रेलवे स्टेशन अब एयरपोर्ट की तरह चमकेगा। इस पर करीब साढ़े 350 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

रेल मंत्रालय ने शनिवार को नए रेलवे स्टेशन के मॉडल की तस्वीर जारी की हैं। इन तस्वीरों में गाजियाबाद का पुराना रेलवे स्टेशन एकदम एयरपोर्ट की तरह चमचमाता दिखाई दे रहा है। नए रेलवे स्टेशन की प्रशासनिक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। रिजर्वेशन काउंटर, टिकट काउंटर, पूछताछ केंद्र, वेटिंग हॉल एकदम नए डिजाइन में अपग्रेड किए जाएंगे। महिला और पुरुष के लिए अलग.अलग डोरमेट्री रूम होंगे। नवजात बच्चों के लिए भी अलग कमरों की व्यवस्था रहेगी। स्टेशन से एग्जिट के लिए एक फुट ओवरब्रिज बनेगा, जो पहले से बने धोबी घाट आरओबी से कनेक्ट होगा। नए फुट ओवरब्रिज इस तरह के बनाए जाएंगे, जिससे यात्री लॉन्ज से सीधे प्लेटफॉर्म पर उतर-चढ़ सकें। इसके अलावा ऐस्कलेटर और लिफ्ट की व्यवस्था होगी।

पूरे रेलवे स्टेशन पर वाई.फाई रहेगा। दिव्यांगों व बुजुर्गों के लिए व्हील चेयर मिलेगी। ब्रांडेड कंपनियों का फूड कोर्ट होगा। वर्तमान में गाजियाबाद के पुराने रेलवे स्टेशन पर 6 प्लेटफॉर्म हैं। यहां से रोजाना करीब 400 से ज्यादा ट्रेनें गुजरती हैं।

इसमें करीब 200 ट्रेनें इसी स्टेशन पर रुक कर जाती हैं। केंद्र सरकार से रकम आवंटित हो चुकी है। माना जा रहा है कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही सौंदर्यीकरण का काम शुरू हो सकता है।

# इको ग्रीन बिल्डटेक को स्ट्रेस फंड से मिली आर्थिक सहायता, 41 करोड़ की राशि जारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेनो वेस्ट स्थित रिहायशी प्रोजेक्ट ईको ग्रीन बिल्डटेक को भारत सरकार की तरफ से बने स्वामी फंड स्पेशल विंडो फॉर अफोर्डेबल एंड मिड इनकम हाउसिंग से आर्थिक सहायता की पहली किस्त प्राप्त हो गई है।

स्वामी फंड से वित्तीय सहायता पाने वाला ईको ग्रीन ग्रेटर नोएडा का तीसरा प्रोजेक्ट है। इस रकम में से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बकाया प्रीमियम धनराशि करीब 74 करोड़ रुपये में से पहली किस्त करीब 41 करोड़ रुपये भी प्राप्त हो गए हैं। स्ट्रेस फंड से इस प्रोजेक्ट के 1000 फ्लैट खरीदारों के लिए अपना आशियाना जल्द मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। इससे पहले कैपिटल एथेना व पंचशील ग्रीन्स टू प्रोजेक्ट को एसबीआई कैप से आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है।

दरअसल, फ्लैट खरीदारों को आशियाना दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने स्वामी फंड बनाया। अधूरे रिहायशी प्रोजेक्टों को वित्तीय सहायता देने की जिम्मेदारी एसबीआई कैपिटल को दी गई। अटके प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए स्ट्रेस फंड दिलाने में प्राधिकरण की तरफ से भी हर संभव सहयोग किया जा रहा है। स्वामी फंड से मदद पाने के लिए कई बिल्डरों ने आवेदन किए। स्ट्रेस फंड से मदद पाने वाला कैपिटल एथेना ग्रेटर नोएडा का पहला प्रोजेक्ट बना। इसके बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ही पंचशील हाइनिस टू को आर्थिक सहयता मिली। अब सेक्टर 10 स्थित ईको ग्रीन बिल्डटेक के जीएच.02वी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त हो गई है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने और प्राधिकरण का बकाया देने के लिए 207 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं, जिसकी पहली किस्त अब जारी हुई है। कुल बकाया धनराशि 74 करोड़ रुपये में से पहली किस्त के रूप में 41 करोड़ रुपये ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी प्राप्त हो गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



पुलिस ने गांव सरफाबाद सेक्टर-73 में शिक्षकों व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय में एवं यातायात नियमों, संकेतों के प्रति जागरूक किया।

### भोजपुर में हथियारों की फैक्ट्री पकड़ी

गाजियाबाद। एसपी देहात डॉ इरज राजा की टीम ने भोजपुर थाने के एसएचओ ब्रजकिशोर गौतम की टीम की मदद से भोजपुर के जंगल में अवैध रूप से संचालित की जा रही तमंचे, बदूंक व पिस्टल बनाने की अस्लाह फैक्ट्री का भांडाफोड़ करके संचालक सहित चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार डॉ राजा को सूचना मिली थी कि भोजपुर के जंगल में स्थित एक इमारत में अस्लाह फैक्ट्री संचालित की जा रही है। इस सूचना के मिलते ही उनकी टीम ने हथियारों के सौदागरों को दबोचने के लिये जाल बिछा दिया। बीती रात उनकी टीम ने भोजपुर थाना पुलिस के साथ मिलकर बताये गये स्थान पर छापा मारकर अस्त्र फैक्ट्री के संचालक आर्यन त्यागी व गुड्डू समेत चार हथियारों के सौदागरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मौके से बने व अधबने दर्जनों तमंचे, अदधे और कारतूसों की खेप के अलावा उन्हें बनाने वाले उपकरण, नॉमल, बट, स्प्रिंग, ट्रिगर और मशीनें बरामद कर लीं। पूछताछ के दौरान हथियारों के सौदागरों ने बताया कि वे दिल्ली एनसीआर, यूपी, बिहार व हरियाणा सहित कई सूबों में हथियारों की सप्लाई करते थे। वे एक तमंचा 3000 से लेकर 7.8 हजार तक बेचते थे।

### इलेक्ट्रिकल दुकान में चोरी करने वाला दबोचा

नोएडा। कुलेसरा गांव में इलेक्ट्रिकल की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने के एक आरोपी को थाना ईकोटेक.3 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से दुकान से चोरी किए गए दो गीजर व इलेक्ट्रिक मीटर बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि गत दिनों कुलेसरा में दुकान चलाने वाले कृष्ण कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके दुकान से गीजर, मीटर व अन्य सामान चोरी हो गया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रेम पुत्र राजेंद्र निवासी मीरपुर अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से दुकान से चोरी किए गए दो गीजर, इलेक्ट्रिक मीटर बरामद हुए हैं। आरोपी ने चोरी की कई अन्य वारदातों को भी अंजाम देना स्वीकार किया है।

### स्वच्छता मुहिमः सेक्टरों के बीच भी होगी प्रतियोगिता

नोएडा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ रितु माहेश्वरी की पहल पर शुरू हुआ सफाईगिरी अभियान इस शनिवार सेक्टर 37 पहुंचा। इसमें शिरकत करते हुए प्राधिकरण की एसीईओ अपर्णा शर्मा ने सेक्टरों के बीच भी अब स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित करने का ऐलान किया। उन्होंने सेक्टरवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की। प्रेरणा शर्मा ने कहा कि 10 साल पहले और आज के समय में बहुत बदलाव आ गया है। अब सफाई बहुत ही महत्वपूर्ण हो चुका है। स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण प्रयत्नशील हैं। ग्रीन बेल्ट, गार्डन आदि को संरक्षित व मेनटेन रखना बहुत ही आवश्यक है, जिससे कि पर्यावरण ठीक रहे। एसीईओ ने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने का काम चल रहा है। सभी निवासी इसमें सहयोग करें। अपने घरों के सूखे व गीले कूड़े को अलग करें। एसीईओ ने कहा कि स्वच्छता की मुहिम को और आगे ले जाने के लिए सेक्टरों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें अव्वल आने वाले सेक्टरों और सोसाइटियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर सेक्टर 37 की आरडब्ल्यूए ने एसीईओ प्रेरणा शर्मा को ज्ञापन भी सौंपा। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सेक्टर में सामुदायिक केंद्र बनाने, गार्ड रूम, मदर डेयरी बूथ, नर्सिंग होम आदि का निर्माण कराने की मांग की। एसीईओ ने समस्याओं को इन समस्याओं को शीघ्र निस्तारित कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में शामिल प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने सफाईगिरी कार्यक्रम के बहुआयामों से सेक्टरवासियों को अवगत कराया।

# प्लास्टिक के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

● लाखों का माल जलकर राख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ईकोटेक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात लगभग साढ़े बारह बजे आग लग गई। आग पर काबू पाने में फायर विभाग के 12 वाहनों को दस घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

लगभग 60 गाड़ी पानी से आग बुझाई गई। आग के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। भीषण आग से फैक्ट्री में रखी अधिकतर माल जलकर राख हो गया। जांच में मिला कि फैक्ट्री में आग बुझाने के उपकरण सही नहीं थे और पानी की व्यवस्था नहीं थी। विभाग के कर्मचारियों ने शनिवार सुबह लगभग दस बजे तक आग पर काबू पाया। आग के कारण लगभग एक करोड़ रुपये तक के नुकसान की संभावना व्यक्त की जा रही है। ईकोटेक एक कोतवाली क्षेत्र के भूखंड नंबर 348 में अजय जैन की एक फैक्ट्री है।

फैक्ट्री में प्लास्टिक के दाने से प्लास्टिक की चादर बनाने का काम किया जाता है। फैक्ट्री में रात-दिन काम चलता है, 40 कर्मचारी काम करते हैं। शुक्रवार रात लगभग साढ़े बारह बजे मोटर में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना फायर विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। भीषण आग को देखते हुए विभिन्न फायर स्टेशन से अन्य गाड़ियां भी बुलाई गई। कुछ देर में ही 12 गाड़ियां पहुंच गई।

फैक्ट्री में पानी की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में फायर वाहनों ने पास की एसेंट पेंट व अन्य फैक्ट्रियों से पानी लिया। पूरी फैक्ट्री में प्लास्टिक का माल फैला हुआ था, कुछ ही देर में आग ने अधिकतर माल को अपनी गिरफ्त में लिया। आग की लपटें इतनी अधिक थी आस.पास की दूसरे फैक्ट्रियों में भी आग फैलने का खतरा पैदा हो गया। बगल की फैक्ट्रियों में आग न फैले इसे देखते हुए अन्य फैक्ट्री वालों को सचेत किया गया।

# धधकती भट्ठी में गिरकर मैनेजर की मौत, धक्का देने का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

हापुड़ जिले में लोहा गलाने की फैक्ट्री में भट्ठी में गिरकर मैनेजर अनुराग त्यागी की दर्दनाक मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि किसी विवाद के बाद फैक्ट्री मालिक आसिफ अली ने अनुराग को धधक रही भट्ठी में धक्का दे दिया। जबकि फैक्ट्री मालिक सुसाइड की बात कह रहा है। जिस भट्ठी में ये घटना हुई है, उसका टेम्परेचर करीब 1600 डिग्री के आस-पास था। भट्ठी की आग को शांत होने में करीब 3 दिन का समय लग सकता है। घटना की सूचना मिलने पर फैक्ट्री में पहुंची पुलिस ने फुटेज चेक किए। फोरेंसिक टीम भी मौके पर बुलाई गई। पुलिस ने पूरा परिसर 3 दिन के लिए सील कर दिया है। अनुराग त्यागी मूल रूप से मेरठ में किला परीक्षितगढ़ के रहने वाले थे। फिलहाल वो परिवार सहित गाजियाबाद के सिहानी में रहते थे।

अनुराग हापुड़ जिले के धौलाना औद्योगिक क्षेत्र की लोहा गलाने की फैक्ट्री में बतौर मैनेजर जॉब करते थे। ये फैक्ट्री बागपत जिले में खेकड़ा निवासी आसिफअली की है।

# फैक्ट्री में बदमाशों ने डाली लाखों की डकैती

● कर्मचारी निकला मास्टमाइंड, सात गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

विजयनगर थाने की एसएचओ अनिता चौहान की टीम ने क्राइम ब्रांच की मदद्द से कल रात दीदी रोड इंडस्ट्रीयल साइट में सी.1 प्लॉट पर स्थित गुप्ता मेटल वर्क्स में पड़ी लगभग 45 लाख की डकैती का खुलासा मात्र 24 घंटे के अंदर कर दिया। इस खुलासे के दौरान पुलिस ने डकैती के मास्टरमाइंड पप्पू समेत आधा दर्जन से अधिक डकैतों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर लूटा गया अधिकांश माल व हथियार समेत अन्य सामान बरामद कर लिया।

बदमाश दीवार फांदकर फैक्ट्री में घुसे थे और गार्ड व कर्मचारी को हथियारों के बल पर बंधक बनाकर उनके हाथ-पैर बांधकर खाट पर डाल दिया। शोर मचाने पर बदमाशों ने दोनों को गोली मारने की धमकी दी। डकैती की सूचना पर आइजी मेरठ रेंज प्रवीण कुमार व एसएसपी मुनिराज जी ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बदमाशों की तलाश में पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है।

दिल्ली के आइपी एक्सटेंशन के अनुप गुप्ता की साउथ साइट औद्योगिक क्षेत्र में गुप्ता मेटल वर्क्स नाम से फैक्ट्री है। इसमें आठ कर्मचारी काम करते हैं। पिछले करीब 12 दिन से फैक्ट्री में भट्ठियों की रिपेयरिंग का काम चल रहा है।

# मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश पकड़ा गया

नोएडा। नोएडा के एक्सप्रेस-वे थानाक्षेत्र में पुलिस ने बीती रात को मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब एक बजे वाजिदपुर टी-प्वाइंट के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी एक काली रंग की मोटरसाइकिल से आ रहे दो व्यक्तियों को शक होने पर उसने (पुलिस ने) रुकने का इशारा किया, लेकिन वे वहां से भागने लगे।

द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने पीछा कर किया, जिसपर बदमाशों ने उसपर गोली चला दी। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई जो बदमाश बादल के पैर में लगी है जबकि उसका दूसरा साथी चिराग मौके से भाग गया।

उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पास से पुलिस ने देशी तमंचा, मोटरसाइकिल, कारतूस आदि बरामद किए हैं। उनके अनुसार बादल पर लूट, चोरी, हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में 11 मामले दर्ज हैं।



मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी। इनसैट में घायल बदमाश

# दिल्ली के रोड, रेल और मेट्रो से जुड़ेगा जेवर एयरपोर्ट

● ग्रेनो से नोएडा तक होगा मेट्रो का विस्तार एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाने का भी प्रस्ताव



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक यात्रियों को लाने एवं ले जाने के लिए भी प्रदेश सरकार मेट्रो, रेल और सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने जा रही है।

इन माध्यम के जरिए राजधानी दिल्ली समेत प्रदेश या देश के किसी भी हिस्से से नोएडा एयरपोर्ट पहुंचना आसान हो जाएगा। यात्रियों की सुविधा के लिए उठाए जा रहे इस कदम को लेकर लगभग सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। मेट्रो लाइन को ग्रेटर नोएडा से नोएडा तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं, दिल्ली से हाई स्पीड रेल लिंक के लिए डीपीआर भी अफ्रूवल स्टेज पर है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल पर एक रेलवे स्टेशन प्रस्तावित है, जिससे महज 21 मिनट में दिल्ली पहुंचा जा सकेगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के नार्थ और ईस्ट एरिया को रोड कनेक्टिविटी भी प्रदान की जा रही है। जेवर में बन रहे इस एयरपोर्ट को 4 चरण में पूरा किया जाना है।

इन 4 चरणों में 1334 हेक्टेयर पर एयरपोर्ट का विकास होगा। इसमें 2 रनवे बनाए जाने का प्रस्ताव है। पहले चरण का काम 2024 में पूरा होने की संभावना है। पहले चरण की प्रस्तावित लागत 5730 करोड़ रुपए है। मुख्य सचिव के समक्ष नोएडा एयरपोर्ट की प्रोग्रेस रिपोर्ट को साझा किया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल स्टेशन को मेट्रो पैसेंजर टर्मिनल से लिंक किया जाएगा।

यीडा और डीएमआरसी ने डीपीआर और फीजिबिलिटी रिपोर्ट अगस्त 2022 में ही तैयार कर ली है। ग्रेटर नोएडा से एयरपोर्ट तक ट्रैफिक रिपोर्ट का अपडेट भी 16 जून को अफ्रूवल को भेजा जा चुका है। वहीं, यहां रेलवे नेटवर्क बिछाए जाने की भी तैयारी जोरों से हो रही है।

प्रदेश सरकार की मांग पर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस पर काम कर रही है। इसके तहत नोएडा एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा।

हालांकि इसका अफ्रूवल अभी पेंडिंग है। रोड के जरिये एयरपोर्ट तक यात्री आसानी से पहुंच सकें इसकी भी तैयारी है। विभिन्न सर्विस रोड के अलावा विभिन्न दिशाओं से रोड के जरिये एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा। ईस्ट रोड के जरिये जहां ये जेवर खुर्जा रोड से कनेक्ट होगा तो वहीं, यमुना एक्सप्रेस वे से इसे जोड़ने के लिए टेंडर पास हो चुका है और वर्क ऑर्डर भी जारी किया जा चुका है। बल्लभगढ़ के रास्ते इसे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे से भी जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए प्रदेश सरकार जमीन के अधिग्रहण पर 260 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

# पंचशील ग्रीन -1 में बिल्डर ने रुकवाया मंदिर निर्माण कार्य

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा पंचशील ग्रीन 1 में रहने वाले लोगों द्वारा एक मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन आरोप है कि सोसाइटी के बिल्डर ने मंदिर के निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। बिल्डर की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील ग्रीन सोसाइटी में शनिवार को मंदिर निर्माण के लिए पूजा अर्चना निवासी एकजुट होकर कर रहे थे। परिसर में मंदिर न होने की वजह से काफी लंबे समय से मंदिर निर्माण के लिए मांग की जा रही थी। शनिवार को लोग मंदिर के निर्माण के लिए पूजा कर रहे थे। आरोप है कि बिल्डर के द्वारा पुलिस बुलाकर पूजा को रोकने व मंदिर न बनाने का दबाव बनाया जा रहा है। बिल्डर इस एरिया में पार्किंग बता रहा है। जबकि ये ग्रीन एरिया है।



सोसाइटी के निवासी मयंक प्रताप सिंह व एओए अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि परिसर में करीब 1000 से अधिक परिवार रह रहे हैं सोसाइटी में निवासियों के पूजा अर्चना के लिए मंदिर के निर्माण को लेकर पिछले 2 से 3 साल से बिल्डर से लगातार बात की जा रही थी।

इस मामले पर कई बार मीटिंग हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला था। पूजा अर्चना के लिए 200 से 300 मीटर दूर दूसरी सोसाइटी के मंदिर में पूजा अर्चना के लिए लोग जानते को मजबूर थे।

# आस्ट्रेलिया से पहले हॉकी मैच में 4-5 से भारत को मिली मात

## आकाशदीप की हैट्रिक भी जीत के लिए नहीं आ सकी काम

पांच मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच आज खेला जाएगा

एजेंसी। एडीलेड

**आकाशदीप** सिंह की हैट्रिक भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के काम नहीं आ सकी जिसे शनिवार को यहां अंतिम मिनट में दो गोल गंवाने के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के पहले बड़े स्कोर वाले टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया से 4-5 से हार का सामना करना पड़ा।

आकाशदीप सिंह (10वें, 27वें और 59वें मिनट) ने तीन गोल दागे जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह (31वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। आस्ट्रेलिया के लिए लाचलान शार्प (पांचवें), नाथन इफ्रॉम्स (21वें), टॉम क्रेग (41वें) और ब्लेक गोवर्स (57वें और 60वें) ने गोल दागे। गोवर्स ने मैच के अंत में पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल किए। भारतीय मुख्य कोच ग्राहम रीड मैच के अंतिम चरण में अपनी टीम के प्रदर्शन से निराश थे। रीड ने कहा, मैच का अंत काफी निराशाजनक था जबकि इससे पहले यह शायद काफी अच्छा प्रदर्शन था। हमने कुछ चरण में विशेषकर दो क्वार्टर में निराशाजनक प्रदर्शन किया लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी वापसी की लेकिन दुर्भाग्य से हमने फिर अंत में बढ़त (आस्ट्रेलिया को) दे दी। हमें इसमें ही अब बेहतर होना होगा।



### तेज रिवर्स हिट से स्कोर 2-2 से बराबर किया

**आकाशदीप** फिर भारत के बचाव में आए और उन्होंने 27वें मिनट में तेज रिवर्स हिट से स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम से तुरंत पहले आस्ट्रेलिया को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत के दूसरे गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक काफी सतर्क थे और उन्होंने खतरे को टाल दिया। छोर बदलने के एक मिनट बाद ही हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर भारत को मैच में पहली बार आगे कर दिया। भारतीयों ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन टीम दोनों मौके गंवा बैठी।

उन्होंने कहा, अब चुनौती है कि मिलकर अच्छा प्रदर्शन करें। इस दौरे के उद्देश्यों में से एक है निरंतरता बनाना और कल हमारे लिए यही चुनौती होगी। श्रृंखला का दूसरा मैच रविवार को खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत की और पांचवें ही मिनट में बढ़त बना ली जब शार्प ने पहले ही प्रयास में भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को छकाकर गोल दागा। भारतीय टीम ने भी तुरंत इसका जवाब दिया जिसमें अमित रोहिदास ने बाईं ओर से शानदार मूव बनाया लेकिन आस्ट्रेलियाई रक्षण द्वारा गेंद को सर्कल के अंदर ही रोक दिया गया। आकाशदीप ने फिर 11वें मिनट में भारत को बराबरी पर ला दिया जब हार्दिक सिंह ने उनके लिए शानदार मौका बनाया। दूसरे क्वार्टर के छह मिनट बाद आस्ट्रेलिया ने फिर अपनी बढ़त कायम कर ली जिसमें भारतीयों के खराब रक्षण का हाथ रहा। भारतीय डिफेंडर एक क्रास को रोकने में असफल रहे और इफ्रॉम्स ने इसे चतुराई से डिफ्लेक्ट किया और गेंद नेट में पहुंच गई।

### भारतीय टीम अंतिम पांच मिनट में लापरवाह दिखी

**मैच** के 41वें मिनट में आस्ट्रेलिया ने एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिस पर क्रेग ने रिवाउंड पर गोल दागा जबकि श्रीजेश ने पहली ड्रैग फ्लिक का बचाव किया था। घरेलू टीम ने लगातार दबदबा बनाए रखा और कुछ पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए लेकिन इनमें गोल नहीं कर पाई। भारत मैच के अंतिम पांच मिनट में लापरवाह दिखा जिसमें जर्मनप्रीत सिंह को गैरजरूरी ग्रीन कार्ड मिला जिससे टीम का एक खिलाड़ी कम हो गया। आस्ट्रेलिया ने इस मौके का पूरा फायदा उठाया और एक और पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किया जिस पर गोवर्स ने ताकतवर फ्लिक से गोल दागा। लेकिन आकाशदीप ने सीटी बजने से एक मिनट पहले गोल कर स्कोर 4-4 से बराबर कराया।

---

**यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग में भारतीयों का दबदबा**

# विश्वनाथ, वंशज और देविका ने जीते गोल्ड-सिल्वर मेडल



विश्वनाथ 48KG | देविका 52KG | वंशज 63.5KG

एजेंसी। ला नुसिया

**भारतीय** बॉक्सर्स ने आईबीसी यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ी। विश्वनाथ सुरेश, वंशज चौहान और देविका घोरपड़े ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेंस और विमेंस कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीते। चैंपियनशिप 14 से 26 नवंबर तक स्पेन के ला नुसिया में आयोजित की जा रही है। आखिरी दिन भारत को गोल्ड मेडल के लिए दो और मैच खेलने हैं।

भारत के चेन्नई में पैदा हुए विश्वनाथ सुरेश ने देश को चैंपियनशिप का पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने 48 किग्रा वेट कैटेगरी में फिलीपींस के रोनेल सुयोम पर एकतरफा जीत दर्ज की। उनसे पहले महिलाओं की 48 किग्रा वेट कैटेगरी में भारत की भावना शर्मा को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। उन्हें दिन के शुरुआती मैच में उज्बेकिस्तान की गुलसेवर गनीवा ने 0-5 से हराया था। विमेंस कैटेगरी में दिन की शुरुआत में ही सिल्वर के बाद पुणे की देविका घोरपड़े ने देश को विमेंस कैटेगरी का पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने इंग्लैंड की लौरेन मैकी को 52 किग्रा वेट कैटेगरी में हराया। उनके मैच से पहले 54 किग्रा वेट कैटेगरी में आशीष ने भारत को पुरुष वर्ग में पहला सिल्वर मेडल दिलाया था। उन्हें जापान के यूता सकाई ने फाइनल में 1-4 से हराया था।

### मैच से पहले दोहा में लगी आग से आसमान में छाया धुंआ

**दोहा (कतर)।** कतर के अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को नवनिर्मित शहर की एक निर्माणाधीन इमारत में आग लग गई जहां शाम को विश्व कप का मैच खेला जाना है लेकिन इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि आग स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद उस जगह लगी जो लुसैल शहर का हिस्सा है। लुसैल विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी कर रहा है जिसमें अर्जेंटीना और मैक्सिको के बीच शनिवार को होने वाला मुकाबला भी शामिल है। आग लुसैल स्टेडियम से करीब साढ़े तीन किलोमीटर दूर लगी थी। इससे आसमान में काला धुंआ छा गया। यह धुंआ मध्य दोहा स्थित बाजार से भी साफ दिख रहा था।

---

## संक्षिप्त समाचार

### पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने शनिवार को यहां कहा कि खिलाड़ियों को अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ लेने से रोकने के लिए सरकार पूरक आहार परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करेगी। डोप परीक्षण में असफल रहने वाले कई खिलाड़ी दावा करते रहे हैं कि उन्होंने पूरक आहार के तौर पर अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन किया। चतुर्वेदी ने यहां फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, हमने हाल में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, अहमदाबाद और भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण के साथ एक प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए समझौता किया है जिससे पूरक आहार के परीक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हम अब पूरी तरह से संशोधित राष्ट्रीय डोपिंग रोधी कार्यक्रम की ओर बढ़ रहे हैं। चतुर्वेदी ने कहा देश का संपूर्ण खेल विकास ढांचा इस साल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और वे बड़े स्तर पर महिला लीग शुरू करने पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तीरंदाजी, फुटबॉल और कई अन्य खेल इन लीग में आ रहे हैं। मैं आपको विश्वास दिलाती हूं कि आने वाले वर्षों में यह बेहद महत्वपूर्ण बनने जा रहा है।

### स्पेन के खिलाफ उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा जर्मनी

**दोहा।** अप्रैल में जब विश्वकप के ड्रॉ डाले गए थे तो सभी की निगाहें अल बायत स्टेडियम में जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थी। इन दो पूर्व विश्व चैंपियन के बीच होने वाला यह मुकाबला आठ महीने बाद और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। इन दोनों को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन जर्मनी पहले मैच में जापान से हार के कारण बाहर होने के कगार पर खड़ा है। उसे अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए रविवार को स्पेन पर हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। स्पेन से हारने पर जर्मनी को लगातार दूसरे विश्वकप में पहले दौर में ही बोरिया बिस्तर समेटना पड़ सकता है। जर्मनी की हार तथा जापान और कोस्टारिका के बीच मैच कम से कम ड्रॉ होने पर चार बार का चैंपियन बाहर हो जाएगा। दूसरी तरफ स्पेन नॉकआउट में अपनी जगह सुरक्षित करना चाहेगा। उसने अपने पहले मैच में कोस्टारिका को 7-0 से हराया था।

### भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद की दौड़ में पीटी उषा



**नई दिल्ली।** उड़नपरी पीटी उषा ने शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन भरने का ऐलान करके सभी को चौंका दिया। चुनाव दस दिसंबर को होंगे। एशियाई खेलों में 400 मीटर बाधा दौड़ में कई स्वर्ण पदक जीत चुकी और 1984 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही उषा ने ट्वीट करके यह घोषणा की। उन्होंने लिखा, अपने साथी खिलाड़ियों और राष्ट्रीय महासंघों के समर्थन से आईओए अध्यक्ष पद के लिए नामांकन स्वीकार करके और भरकर काफी गौरवान्वित हूं। नामांकन भरने की आखिरी तारीख रविवार है। उषा आईओए के एथलीट आयोग में चुने गए आठ दिग्गज खिलाड़ियों में से एक भी हैं। आईओए चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को कोई नामांकन नहीं भरे गए।

---

## डेविस कप : क्रोएशिया को 2-1 से हराकर आस्ट्रेलिया फाइनल में

एजेंसी। मलागा (स्पेन)

**आस्ट्रेलिया** ने क्रोएशिया को 2-1 से हराकर 19 साल में पहली बार डेविस कप फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलिया ने अपना 28वां और अंतिम खिताब 2003 में जीता था। लेटन हेविट की टीम शुक्रवार को पहला एकल गंवाने के बाद वापसी करने में सफल रही। फिर आस्ट्रेलिया की युगल जोड़ी ने निर्णायक मुकाबले में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत हासिल की।

आस्ट्रेलिया के लिए, 1999 से 2018 तक रिकॉर्ड 43 डेविस कप मुकाबले खेल चुके हेविट ने कहा, मुझे बहुत गर्व है। आस्ट्रेलिया का इस प्रतियोगिता में वास्तव में शानदार इतिहास है। बार्ना कोरिच ने थानासी कोकिनाकिस को 6-4, 6-3 को हराकर क्रोएशिया को आगे कर दिया



था। लेकिन एलेक्स डि मिनॉर ने मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। जिससे युगल मुकाबला निर्णायक हो गया। जोर्डन थॉम्पसन और मैक्स पुर्सेल की जोड़ी ने निकोला मेकटिच और माटे पाविच की जोड़ी को 6-7, 7-5, 6-4 से हराकर अपनी टीम को सेमीफाइनल जीत सुनिश्चित की। डि मिनॉर ने कहा, टीम यही होती है जो कभी हार नहीं मानने वाला इरादा रखती है।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड के गोलकीपर इलांगा गोवा का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** इंग्लिश प्रीमियर लीग की शीर्ष टीम मैनचेस्टर यूनाईटेड के गोलकीपर डेविड डि गिया, विंगर एंथोनी इलांगा और मिडफील्डर डॉनी वान डि बीक एक दिसंबर को भारत का दौरा करेंगे और क्लब की जमीनी स्तर की पहल के तीसरे चरण संबंधित गतिविधियों की शुरुआत करेंगे। भारत में युवा फुटबॉलरों के समर्थन के लिए अपोलो टायर्स द्वारा यूनाईटेड वी प्ले पहल शुरू की गई है। मैनचेस्टर यूनाईटेड की मौजूदा मुख्य टीम के सदस्यों का यह भारत का पहला दौरा होगा। वे गोवा में इस पहल के तीसरे चरण के लिए गतिविधियों की शुरुआत करेंगे। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यूनाईटेड वी प्ले का दूसरा चरण इस साल के शुरू में समाप्त हुआ था जिसमें पूरे देश से 5000 से ज्यादा उभरते हुए फुटबॉलरों ने हिस्सा लिया था।

# अमेरिका ने फिर इंग्लैंड को हताश किया, गोलरहित ड्रॉ पर रोका

## इंग्लैंड के समर्थक इस ड्रॉ से काफी निराश थे और मैदान में हूटिंग कर रहे थे

एजेंसी। अल खोर (कतर)

अमेरिका ने फीफा विश्व कप में शनिवार को 0-0 से ड्रॉ खेलकर फिर इंग्लैंड को जीत दर्ज करने से महरूम कर दिया। कतर में शुरुआती मैच में ईरान पर 6-2 की बड़ी जीत से प्रबल दावेदार के दर्जे को सही साबित करने वाली इंग्लैंड को अब भी अमेरिका के खिलाफ पहली जीत का इंतजार है। इंग्लैंड के समर्थक इस ड्रॉ से काफी निराश थे और मैदान में हूटिंग कर रहे थे। तीन बार दोनों टीमें फुटबॉल के इस बड़े मंच पर एक दूसरे के सामने हुई हैं और हर बार अमेरिकी टीम इंग्लैंड के फुटबॉल प्रेमियों को निराश करती रही है। इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने अपने खिलाड़ियों



को अमेरिका के उस रिकॉर्ड की याद दिलाई थी जिसमें 1950 में प्रतिद्वंद्वी टीम ने 1-0 से जीत हासिल की थी और 2010 में 1-1 से ड्रॉ खेला था। पर खिलाड़ी ग्रेग बेरहाल्टर की युवा और ऊर्जा से भरी टीम के खिलाफ जोशिला प्रदर्शन नहीं कर सके। इंग्लैंड के कप्तान और 2018 विश्व कप के गोल्डन बूट विजेता हैरी केन का मैच में प्रदर्शन फीका रहा और वह स्टॉपेज-टाइम में हेडर से गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन असफल रहे। वह अब तक इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं कर सके हैं।

# केरल को हराकर जम्मू-कश्मीर क्वार्टरफाइनल में

**अहमदाबाद।** जम्मू-कश्मीर ने शनिवार को यहां केरल पर सात विकेट की जीत से विजय हजारे ट्रॉफी में अपना स्वप्निल सफर क्वार्टरफाइनल तक बढ़ा दिया। फॉर्म में चल रहे आकिब नबी ने करियर का सर्वश्रेष्ठ (39 रन देकर चार विकेट) प्रदर्शन किया जिससे जम्मू-कश्मीर ने केरल को 47.4 ओवर में महज 174 रन पर समेट दिया।

जवाब में जम्मू-कश्मीर ने शुभमन खजूरिया (76 रन) और कामरान इकबाल (51 रन) के अर्धशतकों तथा 21.4 ओवर में उनकी 113 रन की भागीदारी से 37.5 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया।

खजूरिया अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं, उन्होंने 61 गेंद की पारी के दौरान छह छक्के और पांच चौके जमाए। यह उनका इस सत्र में लगातार चौथा अर्धशतक है। हालांकि वह लगातार दूसरी बार रन आउट हुए जिससे जम्मू-कश्मीर ने महज 32 रन जोड़कर तीन विकेट गंवा दिए थे। लेकिन स्कोरबोर्ड का कोई दबाव नहीं था और हेनान नजीर और फाजिल राशिद ने अपनी टीम को इस सत्र में सात मैचों में छठी जीत तक पहुंचाया। जम्मू-कश्मीर अब सोमवार को



कल क्वार्टरफाइनल में शीर्ष पर रहने वाली असम टीम से होगी भिड़ंत

यहां क्वार्टरफाइनल में ग्रुप बी में शीर्ष पर रहने वाली असम से भिड़ेगा। नबी, युद्धवीर सिंह (16 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुज्तबा युसूफ (37 रन देकर एक विकेट) ने सात बल्लेबाजों को आउट किया। केरल के लिए सलामी बल्लेबाज विनूप मनोहरन 81 गेंद में 62 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। सिजोमोन जोसफ ने 32 रन बनाए। नबी और युद्धवीर का सत्र में प्रदर्शन शानदार रहा है जो सात मैचों में 12-12 विकेट चटका चुके हैं।

# मेजबान कतर की विश्व कप टीम का शो खत्म

## कतर अंतिम 16 के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकता

एजेंसी। दोहा

**मेजबान** कतर का फीफा विश्व कप में सफर खाड़ी देश में फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट को लांच करने के एक हफ्ते के अंदर ही खत्म हो गया। कतर को शुक्रवार को विश्व कप में सेनेगल से1-3 की हार से लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और उसकी टूर्नामेंट से बाहर होने की पुष्टि कुछ घंटों बाद ही हो गई जब नीदरलैंड और इक्वाडोर ने ग्रुप ए के एक अन्य मैच में 1-1 से ड्रॉ खेला।

इससे कतर विश्व कप के 92 वर्ष के इतिहास में इतनी जल्दी बाहर होने वाला पहला मेजबान देश बन



गया। कतर अंतिम 16 के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकता, भले ही नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप के अंतिम मैच का नतीजा कुछ भी हो। दक्षिण अफ्रीका 2010 में ग्रुप चरण से ही बाहर होने वाली एक अन्य मेजबान टीम रही है लेकिन वह कम से कम एक जीत और एक ड्रॉ खेलने में सफल रही थी।

कतर के कोच फेलिक्स सांचेज ने अपनी टीम के आधिकारिक रूप से बाहर होने से पहले कहा, अगर आपने इस टूर्नामेंट में हमारे बहुत आगे तक पहुंचने की उम्मीद की थी तो यह निराशाजनक होगा।

हमारा लक्ष्य प्रतिस्पर्धी होना था। कतर की टीम भले ही 2019 एशियाई चैम्पियन हो लेकिन पिछले रविवार को उद्घाटन समारोह के बाद हुए इक्वाडोर से पहले मैच में 0-2 से मिली हार के दौरान नर्वस दिखी दूसरे मैच में कतर का प्रदर्शन इतना बढ़िया नहीं था लेकिन कम से कम उसके लिए एक गोल हुआ। कतर की टीम मेजबान होने के नाते पहली बार विश्व कप में खेल रही है, वह कभी भी इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी।

## विश्व टीम शतरंज : भारत कांस्य पदक के प्लेऑफ में स्पेन से हारा

एजेंसी। यरूशलम

भारत को शनिवार को यहां फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप में दो दौर के कांस्य पदक प्लेऑफ के टाई रहने के बाद स्पेन से टाईब्रेक में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों दौर में टीमें 2-2 से ड्रॉ खेलीं। लेकिन जेमी सांतोस लातासा और डेविड एंटन गुईजारो ने विदित संतोष गुजराती और निहाल सरीन को ब्लिट्ज टाई ब्रेक में हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई।

अन्य बाजियों में एसएल नारायणन ने एलेक्सेई शिरोव से ड्रॉ खेला और अभिजीत गुप्ता ने मिगुएल सांतोज रूईज से अंक बांटे। इससे स्पेन ने शनिवार को 3-1 के अंतर से जीत दर्ज की। पहले दौर में गुजराती ने सांतोस लातासा से जबकि सरीन ने गुईजारो से अंक बांटे। नारायणन और दानिल युफा तथा गुप्ता और सांतोस रूईज के बीच मुकाबले भी ड्रॉ रहे। दूसरे दौर में यही नतीजा रहा, सभी चारों बोर्ड पर इन्हीं खिलाड़ियों ने ड्रॉ खेले। स्पेन ने टाईब्रेक में 4-2 की जीत से टीम प्रतियोगिता में पहला पदक जीता।

# भारतीय बल्लेबाजों को बदलना होगा पावरप्ले में खेलने का रवैया

## टीम आज एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी

पायनियर समाचार सेवा। हैमिल्टन

**भारतीय** टीम जब रविवार को यहां करो या मरो के दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो उम्मीद करेगी कि कप्तान शिखर धवन और युवा शुभमन गिल पावरप्ले ओवरों में बेहतर रवैया अपनाएं। सेडोन पार्क तीनों ओर से खुला मैदान है लेकिन न्यूजीलैंड में बल्लेबाजों के लिए सबसे मददगार मैदानों में से एक के रूप में मशहूर है जिसमें बल्लेबाजों को अपने शॉट के लिए उचित रन मिलेंगे।

पहले वनडे में धवन (77 गेंद में 72 रन) और गिल (65 गेंद में 50 रन) ने पहले विकेट के लिए 123 रन की भागीदारी निभाई थी लेकिन ईडन पार्क



जैसे छोटे मैदान पर सात विकेट पर 306 रन का स्कोर कम से कम 40 रन से कम रहा। गेंदबाजों ने महज 47 ओवर में ये रन गंवा दिए जिससे जिम्मेदारी मुख्य बल्लेबाजों पर ही आ जाती है क्योंकि अगर वाशिंगटन सुंदर ने शानदार योगदान नहीं दिया होता तो भारत 300 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाता। यह काफी हद तक पहले 10 पावरप्ले ओवरों में भारतीय सलामी बल्लेबाजों के

### पिछले मैच में धवन ने 13 चौके जड़े थे

**एक** और आंकड़े से भारतीय शीर्ष क्रम बल्लेबाजों के सीमित ओवर के प्रारूप में रवैए का पता चलता है (इसमें सिर्फ रोहित शर्मा, केएल राहुल या विराट कोहली ही शामिल नहीं हैं)। धवन ने 77 गेंद में 72 रन बनाए जिसमें 13 चौके जड़े थे। जिससे उन्होंने 13 गेंदों में चौकों से 52 रन जोड़े। जबकि बचे हुए 20 रन के लिए उन्होंने 64 गेंद खेलीं और इसमें से 44 डॉट गेंद रहीं क्योंकि वह पावरप्ले में रन नहीं बना पा रहे थे। जहां कप्तान एक ओर जूझ रहा था, वहीं गिल ने एक और अर्धशतक जड़कर अपने कुल औसत को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया लेकिन उनकी पारी की रफ्तार भी बहस का विषय है। उन्होंने 65 गेंद में 50 रन बनाए जिसमें तीन छक्के और एक चौका जड़ा था। मतलब चार गेंद में 22 रन बने। उन्होंने बाकी के 28 रन 61 गेंद खेलकर बनाए।

सतर्कता भरे दृष्टिकोण की बदौलत ही हुआ जिसमें जरूरत के मुताबिक रन नहीं बने। मोईन अली ने हाल में एक साक्षात्कार में कहा था कि जो टीमें पहले सफेद गेंद के क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के तरीके को अपनाती थीं अब वे इंग्लैंड की ओर देखने लगी हैं जिसने हाल के दिनों में इस प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय टीम इसी में पिछड़ रही है और आंकड़ें में टीम पहले पावरप्ले ओवर में केवल 40 रन ही बना सकी।

पायनियर

पायनियर समूह को आवश्यकता है

1 - अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (विज्ञापन प्रतिनिधि) - 8 प्रतिनिधि
एरिया - चंडीगढ़, रोहतक, सोनीपत, करनाल, यमुनानगर, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सैलरी रु- 25000-40000*)

2 - पायनियर हरियाणा वेब के लिए अनुभवी वेब पत्रकारों की आवश्यकता है। (नोट - वेब पत्रकार, जो कंटेंट क्रिएटर हो, एंकरिंग और वॉयस ओवर कर सकता हो। खबरों के संकलन के अलावा वेब के सभी डिजिटल प्लेटफार्म हैंडिल कर सकता हो, मसलन फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, .कॉम को सुरक्षित तरीके से चला सकता हो। (सैलरी - अनुभव के आधार पर)

3 - पायनियर हरियाणा के लिए चंडीगढ़/पंचकुला ब्यूरो के लिए सब एडिटर की आवश्यकता।

4 - पायनियर हरियाणा के लिए डेस्क के लिए सब एडिटर, जो पेज बनाना जानता हो, जिसे प्रूफ रीडिंग भी आती हो।
सैलरी रु- 20000-25000, स्थान - कार्यालय फरीदाबाद

*मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव का टारगेट फिक्स रहेगा। टारगेट अचीवमेंट ही उनका अनुभव समझा जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा मेल कर दें।
sudhir.pioneer@sokkacreation.com, rakeshkapoorau@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 9582468441, 7838018038

# हरियाणा मंत्रिमंडल में भव्य बिश्नोई की एंट्री का रास्ता तलाशा जा रहा है




सुभाष शर्मा

( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )


**भव्य को मंत्री बनाने के पीछे की सोच यह है कि भाजपा जीटी रोड बैल्ट में तो पहले से ही अच्छा प्रदर्शन करती रही है परंतु सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, हिसार, जींद जैसे जिलों में उसका प्रदर्शन ज्यादा नहीं रहा है। दरअसल इस क्षेत्र में स्वर्गीय भजनलाल, ओमप्रकाश चौटाला व पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के परिवारों का अच्छा जोर रहा है। पार्टी की सोच है कि अगर भव्य बिश्नोई को मंत्री पद से नवाजा जाएगा तो इस क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी। हालांकि भव्य को मंत्री बनाए जाने से जजपा नाराज हो सकती है क्योंकि ऐसा होने से हिसार क्षेत्र में दुष्यंत चौटाला की पकड़ ढीली होगी और यह नियुक्ति गठबंधन में दरार का कारण भी बन सकती है।**

मंथन



पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते और कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई ने हाल ही में आदमपुर उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज की है। इससे पूर्व कुलदीप बिश्नोई ने राज्यसभा चुनावों में कांग्रेसी उम्मीदवार अजय माकन का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था, लिहाजा इस परिवार का हक बनता है कि इसे मंत्री पद देकर नवाजा जाये।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा और जजपा में अंदरखाने सब कुछ अच्छा नहीं चल रहा है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के छोटे भाई दिग्विजय चौटाला खुलेआम करते घूम रहे हैं कि उनका लक्ष्य जजपा को न केवल पूरे हरियाणा में खड़ा करना है बल्कि दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनवाना है। छोटे चौटाला का यह बयान साबित करता है कि हरियाणा में गठबंधन का भविष्य ठीक नहीं है। उधर भाजपा हाईकमान भी साफ सुथरी छवि के नेताओं से गठबंधन की पक्षधर है। इतना ही नहीं हाईकमान किसी भी प्रदेश के कद्दावर नेता को अपनी पार्टी में शामिल करवाने में ज्यादा विश्वास रखती है। कुलदीप बिश्नोई अब भाजपा के हो चुके है। पिछले लोकसभा चुनावों में प्रदेश में सभी दस सीटें भाजपा ने जीती थी परंतु विधानसभा चुनावों में पार्टी बहुमत नहीं ला पाई थी। आदमपुर की जीत का स्वाद पहली बार भाजपा ने चखा है, लिहाजा हाईकमान भव्य बिश्नोई को मंत्रिमंडल में शामिल कर हिसार व आसपास के जिलों में पार्टी को मजबूत करना चाहती है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी पिछली बार मिली सभी सीटों पर फिर से जीतना चाहती है, यही कारण है कि भव्य बिश्नोई को मंत्रिमंडल में शामिल करना उसकी मजबूरी है। इसके लिए मुख्यमंत्री खट्टर को मंत्रिमंडल में किसी न किसी की छंटनी करनी होगी क्योंकि 90 सदस्यों वाली विधानसभा में 15 प्रतिशत मंत्री पहले से ही बने हुए हैं। अब सवाल यह उठता है कि भव्य बिश्नोई को मंत्री बनाने के लिए किस मंत्री की छंटनी होगी। जानकारों का दावा है कि फिलहाल मुख्यमंत्री जजपा के कोटे से कोई छेड़छाड़ नहीं करेंगे बल्कि भाजपा के मंत्रियों में से किसी का इस्तीफा लेंगे, इसके लिए बकायदा ग्राउंड तैयार किया जा रहा है। मंत्रियों के तीन साल के कामों की समीक्षा शुरू हो गई है, किस मंत्री के विभाग में अनियमितताएं हैं, इसे खंगाला जा रहा है।

संभावना है कि किसी एक मंत्री से इस्तीफा लेने के बजाए दो या तीन मंत्रियों से इस्तीफा ले लिया जाए और बदले में भव्य बिश्नोई के साथ-साथ कुछ अन्य भाजपा विधायकों की लाटरी लग सकती है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए हाईकमान से हरी झंडी मिल चुकी है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव जो त्रिपुरा के पूर्व सीएम रह चुके हैं, उनमें से विचार-विमर्श हो चुका है परंतु यह नियुक्तियां गुजरात, हिमाचल व दिल्ली नगर निगम के चुनावी नतीजों के बाद होगी। अब किसी मंत्री मंत्रिमंडल से छुट्टी होगी, इसका पता दिसंबर महीने में चल सकता है क्योंकि भव्य बिश्नोई के पिता कुलदीप बिश्नोई को उपचुनाव से पूर्व ही इस बात का भरोसा दिला दिया गया था कि अगर उपचुनाव में भजापा की जीत होती है तो बिश्नोई परिवार को मंत्रीपद दे दिया जाएगा। अपने-अपने मंत्री पद बचाने के लिए प्रदेश के मंत्रियों ने अभी से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के यहां हाजरी लगानी शुरू कर दी है।

भव्य को मंत्री बनाने के पीछे की सोच यह है कि भाजपा जीटी रोड बैल्ट में तो पहले से ही अच्छा प्रदर्शन करती रही है परंतु सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी, हिसार, जींद जैसे जिलों में उसका प्रदर्शन ज्यादा नहीं रहा है। दरअसल इस क्षेत्र में स्वर्गीय भजनलाल, ओमप्रकाश चौटाला व पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के परिवारों का अच्छा जोर रहा है। पार्टी की सोच है कि अगर भव्य बिश्नोई को मंत्री पद से नवाजा जाएगा तो इस क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी। हालांकि भव्य को मंत्री बनाए जाने से जजपा नाराज हो सकती है क्योंकि ऐसा होने से हिसार क्षेत्र में दुष्यंत चौटाला की पकड़ ढीली होगी और यह नियुक्ति गठबंधन में दरार का कारण भी बन सकती है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि भाजपा हाईकमान के साथ-साथ प्रदेश भाजपा भी अंदरखाने गठबंधन के बिना अपने दम पर सरकार बनाना चाहते हैं। जैसा कि वर्ष 2014 में हुआ था टिकट वितरण में हुई कुछ गलतियों व कुछ अन्य कारणों के चलते 2019 में वह नतीजे प्राप्त नहीं हुए थे परंतु इस बार भाजपा कोई गलती नहीं करना चाहती, लिहाजा बिश्नोई परिवार को हिसार में मजबूती प्रदान करने के लिए भव्य बिश्नोई को मंत्री पद से नवाजा जाना उसकी मजबूरी है।

## भविष्य में विधायकों की संख्या में होगा इजाफा सरकार चिंतित



**हरियाणा** में फिलहाल 90 विधायक हैं, जबकि 1966 में इनकी संख्या 54 थी, जबकि वर्ष 2026 के बाद दो से लेकर तीन दर्जन विधायक और बढ़ सकते हैं यानी विधानसभा में सदस्यों की संख्या 115 से 125 हो सकती है परंतु उस मुताबिक चंडीगढ़ विधानसभा भवन में स्थान उपलब्ध नहीं है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से केंद्रीय शासित चंडीगढ़ में दस एकड़ जगह अलाट करने की मांग की है ताकि बड़ा विधानसभा भवन बनाया जा सके। गौरतलब है कि जब एक नवंबर, 1966 को हरियाणा प्रदेश का गठन हुआ था तब पंजाब से 40 प्रतिशत सचिवालय का हिस्सा मिलने का समझौता था परंतु 56 वर्ष बीत जाने के बाद भी पंजाब ने हरियाणा को मात्र 27 प्रतिशत हिस्सा दिया है, लिहाजा विधानसभा में स्थान का भारी अभाव है। विपक्ष के नेता व विधानसभा कमेटियों के लिए अलग से उचित स्थान की वहां व्यवस्था नहीं हो पा रही है, जबकि भविष्य में हरियाणा विधानसभा में सदस्यों की संख्या का बढ़ना निश्चित है। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में प्रदेश ने डीलिमीटेशन होने जा रही है, तब आबादी के अनुसार विधायकों की संख्या 25 से 35 तक बढ़ सकती है यानी फरीदाबाद जिले की बात करे तो यहां अभी बल्लभगढ़, तिगांव, फरीदाबाद, एनआईटी फरीदाबाद व बड़खल सहित पांच विधायक हैं, 2026 के बाद यह संख्या निश्चित रूप से सात से ज्यादा होगी। ऐसे में हरियाणा सरकार ने अभी से दस एकड़ भूमि की मांग चंडीगढ़ प्रशासन व केंद्र से की है ताकि बड़ा विधानसभा भवन बनाया जा सके। हालांकि पंजाब के नेताओं ने हरियाणा की इस मांग का अभी से विरोध करना शुरू कर दिया है, जबकि हरियाणा का कहना है कि पंजाब ने मौजूदा विधानसभा भवन का 13 प्रतिशत क्षेत्र दबा रखा है और इसके बावजूद 10 एकड़ भूमि की उनकी मांग का विरोध कर रहे है। दरअसल पंजाब चंडीगढ़ को अपने क्षेत्र में रखना चाहता है और हरियाणा को चंडीगढ़ छोड़ने के लिए दबाव बनाता है, जबकि केंद्र ने इसे केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिया हुआ है। सूत्रों का कहना है कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर विचार किया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि क्या हरियाणा पंजाब सरकार से अपना 13 प्रतिशत हिस्सा वापस पा सकता है या फिर केंद्र सरकार से दस एकड़ जमीन चंडीगढ़ में अलाट करवाकर अपने नए विधानसभा भवन की तैयारी करेगा क्योंकि वर्ष 2026 के बाद विधायकों की संख्या में निश्चित रूप से इजाफा होगा।

# ऑर्गन डोनेशन क्यों है जरूरी ? राष्ट्रीय अंगदान दिवस पर जानें इसका महत्व

**भारत में पिछले 10 सालों से हर साल 27 नवंबर को 'राष्ट्रीय अंग दान दिवस' मनाया जाता है। अंग दान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और डेड बॉडी को स्वास्थ्य सेवा और मानव जाति में किए गए नि:स्वार्थ योगदान को पहचानना है।**



भारत में पिछले 10 सालों से हर साल 27 नवंबर को 'राष्ट्रीय अंग दान दिवस' मनाया जाता है। अंग दान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और डेड बॉडी को स्वास्थ्य सेवा और मानव जाति में किए गए नि:स्वार्थ योगदान को पहचानना है। साथ ही मानवता में हमारे विश्वास को फिर से स्थापित करना है। पहली बार अंग दान दिवस साल 2010 में मनाया गया था। यह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है। भारत में अंगदान हमेशा से ही बहुत कम रहा है। अनुमान के मुताबिक, देश में प्रति मिलियन जनसंख्या पर केवल 0.65 अंगदान होते हैं, जबकि इसकी तुलना में स्पेन में 35 और अमेरिका में 26 अंगदान किया जाता है।

## अंगदान कौन कर सकता है, कौन नहीं ?

जो व्यक्ति अपना अंगदान करता है, उसे 'ऑर्गन डोनर' कहा जाता है, जबकि अंग पाने वाले व्यक्ति को 'रेसिपिएंट' कहा जाता है। अधिकांश मामलों में अंगदान रेसिपिएंट की जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि उसके अंग बीमारी या चोट के कारण खराब या क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल, (कल्याण, मुंबई) के चीफ इंटेन्सिविस्ट डॉ. संदीप पाटिल कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में अंगदान ने आधुनिक चिकित्सा की उन्नति और अनगिनत लोगों की जान बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि, आज खासकर भारत में अंगदान की जरूरत बेहद ज्यादा है, क्योंकि 2019 में मरने वाले केवल 0.9 प्रतिशत लोग ऑर्गन डोनर्स थे। हमारे देश को लगभग दो लाख गुर्दों, 50,000 हृदय और 5,000 लिवर चाहिए, ताकि इन जीवन-रक्षक अंगों की प्रतीक्षा कर रहे रेसिपिएंट्स की मदद की जा सके।

डॉ. संदीप पाटिल कहते हैं, डोनर से रेसिपिएंट में मानव के कई अंगों और ऊतकों का प्रत्यारोपण किया जा सकता है। इनमें से कुछ हैं लिवर, किडनी, पैंक्रियाज, दिल, फेफड़ा, आंत, कॉर्निया, बोन मैरो और वैस्कुलराइज्ड कम्पोजिट एलोग्राफ्ट्स, जैसे स्किन, यूटरस, बोन, मसल्स, नर्व्स और कनेक्टिव टिशूज।

## अंगदान कौन कर सकता है और इसके मापदंड क्या हैं ?

कोई भी व्यक्ति मृत्यु के बाद ऑर्गन डोनर बन सकता है। यह फैसला लेने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। हालांकि, शरीर के अंग दान करने के लिए इस्तेमाल हो सकते हैं या नहीं, इसका आखिरी फैसला अस्पताल में होता है, क्योंकि यह तय करना होता है कि अंग दान के लिए सही हैं या नहीं। आमतौर पर अंगदान के तीन तरीके होते हैं, जो इस प्रकार हैं

## अंगदान के तीन तरीके

**ब्रेन डेथ :** इस मामले में इनफार्क्ट/ब्लीडिंग/ ट्रॉमा यानी आघात के कारण ब्रेन स्टेम में खून की आपूर्ति रुक जाती है। ब्रेन स्टेम ही शरीर के महत्वपूर्ण केन्द्रों को नियंत्रित करता है। इसमें व्यक्ति सांस लेने या सचेत रहने की क्षमता खो देता है। ब्रेन डेथ और कोमा में अंतर है। कोमा में ब्रेन चोटिल हो सकता है, लेकिन उसके द्वारा खुद को ठीक करने की संभावना रहती है। हालांकि, ब्रेन डेथ के मामले में ठीक होने की संभावना नहीं रहती है और ब्रेन फिर से काम नहीं कर पाता है। ऐसे मामलों में व्यक्ति को ब्रेन डेड घोषित कर दिया जाता है और अगर उसका परिवार चाहे, तो उसके अंग जरूरतमंदों को दान किए जा सकते हैं।

**सर्कुलेटरी डेथ :** इसमें हार्ट अटैक के बाद सर्कुलेशन (परिसंचरण) का काम रुक जाता है और व्यक्ति को पुनर्जीवित या सक्रिय नहीं किया जा सकता। ऐसा तब भी हो सकता है, जब इंटेंसिव केयर यूनिट या इमरजेंसी डिपार्टमेंट के भीतर मरीज को जीवित बनाए रखने वाले उपचार को उसके ठीक होने की उम्मीद न रहने पर बंद कर दिया जाए। सर्कुलेटरी डेथ के मामले में मरीज पर करीब से नजर रखी जाती है और अंगदान तभी होता है, जब सर्कुलेशन ऐसा रुके कि फिर शुरू न हो सके। सर्कुलेटरी डेथ के मामले में समय बहुत कम मिलता है, क्योंकि ऑक्सीजन वाले खून के बिना अंग शरीर के बाहर ज्यादा समय तक ठीक नहीं रह सकते।

**लिविंग डोनेशन :** दान के उपरोक्त दो प्रकार व्यक्ति की मौत के बाद के लिए होते हैं, जबकि लिविंग डोनेशन व्यक्ति के जीवित रहते हो सकता है। व्यक्ति अपने परिजन या किसी जरूरतमंद के लिए किडनी, लिवर के एक छोटे हिस्से या नितंब या घुटने बदलने के बाद बेकार की बोन का दान कर सकता है।

**क्या ऐसा व्यक्ति, जिसका परिवार न हो, ऑर्गन डोनर के तौर पर रजिस्टर हो सकता है ?**

डॉ. संदीप पाटिल कहते हैं यह संभव है और इसे प्रोत्साहित भी किया जाता है। अगर किसी व्यक्ति के परिजन नहीं हैं, तो वह अपने सबसे करीबी दोस्तों या सहकर्मियों को मरने के बाद अपने अंगदान करने का फैसला बता सकता है। वह विभिन्न समूहों के साथ भी अंगदान के लिए 'साइन अप' कर सकता है।

## कौन नहीं कर सकता अंगदान ?

कुछ लोग अपने अंगों का दान नहीं कर सकते, जिन्हें खास बीमारियां, जैसे कैंसर, एचआईवी, संक्रमण (उदाहरण के लिए सेप्सिस) हो या इंट्रावेनस (आईवी) दवा ले रहे लोग हो सकता है कि अपने अंगों का दान न कर सकें। हालांकि, एक डोनर के रूप में रजिस्टर होना फिर भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मौत के समय इसका विस्तृत मूल्यांकन होता है कि अंग प्रत्यारोपण के लिए सही है या नहीं।

## मुझे ऑर्गन डोनर क्यों बनना चाहिए ?

डॉ. संदीप पाटिल कहते हैं भारत में हर साल लगभग पांच लाख लोगों को अंग प्रत्यारोपण की जरूरत होती है। अगर उन्हें अंग नहीं मिलें, तो उनकी मौत हो जाएगी और केवल जीवित रहने के लिए इलाज में उनका काफी समय बीतेगा।

जिन लोगों को अंग प्रत्यारोपण की जरूरत होती है, वे आमतौर पर बीमार या मर रहे होते हैं, क्योंकि उनका एक या ज्यादा अंग खराब हो चुका होता है। यह लोग बच्चों से लेकर बुजुर्ग भी हो सकते हैं। अगर आप अपने अंगों का दान करना चाहें, तो ऐसे लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं, जो कई वर्षों से प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा में हों।